
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 107
फरीदाबाद, बुधवार, 25 मई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सिर्फ हिल स्टेशन नहीं है शिमला कई ऐतिहासिक विरासतें खुद में समेटा हुआ है यह शहर
पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,052 | ▼ 236 | |
| निफ्टी | 16,125 | ▼ 89.55 | |
| सोना | 51,027 | ▲ 25 | /10 gm |
| चांदी | 61,985 | ▲ 428 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 37.00°C
न्यूनतम 25.00°C

## क्विक न्यूज

### जातीय जनगणना : बामसेफ ने किया भारत बंद का आह्वान

**नई दिल्ली।** बैकवर्ड एंड माइनॉरिटी कम्युनिटीज एम्पलॉयीज फेडरेशन यानी बामसेफ ने 25 मई को भारत बंद का आह्वान किया है। बुधवार को होने वाले आंदोलन को जातीय जनगणना की मांग के लिए बुलाया गया है। इसे लेकर बिहार समेत कई राज्यों से पहले ही मांग उठती रही है, लेकिन अब तक केंद्र सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। ओबीसी जातियों की गणना न कराने के खिलाफ यह आंदोलन बुलाया है। हालांकि इसका असर कितना होगा, इसे लेकर संदेह है। इसकी वजह यह है कि बामसेफ का देश भर में कोई बड़ा आधार नहीं है। इसके अलावा किसी बड़े राजनीतिक दल ने अब तक इसके समर्थन का ऐलान भी नहीं किया है।

### आयकर अधिकारियों के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत लेते सीए गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एक दल ने मंगलवार को आयकर अधिकारियों के लिए परिवादी से दो लाख रुपये की कथित रिश्वत राशि लेते एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। ब्यूरो के महानिदेशक बीएल सोनी ने एक बयान में बताया कि दल ने सीए पुनीत मोहनोत को जयपुर में पदस्थापित आयकर अधिकारियों के लिए परिवादी से दो लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

### मप्र में दो घंटे बंद रहेंगे 4,900 पेट्रोल पंप

**इंदौर।** पेट्रोल-डीजल पर केंद्र सरकार की उत्पाद शुल्क में कटौती से डीलरों को करीब 150 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा करते हुए मध्यप्रदेश में एक कारोबारी संगठन ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य में बुधवार शाम सात बजे से रात नौ बजे तक आम ग्राहकों को ईंधन नहीं बेचा जाएगा। फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पारस जैन ने यह जानकारी दी।

### राम गोपाल वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**हैदराबाद।** पुलिस ने फिल्मकार रामगोपाल वर्मा के खिलाफ एक प्रोडक्शन हाउस के मालिक से 56 लाख रुपये उधार लेने के बाद कथित रूप से धोखा देने के आरोप में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि अदालत द्वारा संदर्भित की गई मालिक की शिकायत के आधार पर वर्मा के खिलाफ मियापुर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, वर्मा ने 2020 में एक तेलुगु फिल्म दिशा के निर्माण के लिए उनसे यह राशि उधार ली थी, लेकिन बाद में उन्हें धोखा दिया। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह 2019 में एक साझा मित्र के जरिए वर्मा से मिले।

### पंजाब में भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई, हेल्थ मिनिस्टर स्टिंग में फंसा

# भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं कहने वाले मंत्री ने ही मांगी घूस, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे डॉ. विजय सिंगला को कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया गया है। सीएम मान ने कहा कि सिंगला स्वास्थ्य विभाग में हर काम और टेंडर के बदले एक फीसद कमीशन मांग रहे थे। बर्खास्तगी के बाद पंजाब पुलिस के एंटी करप्शन विंग ने सिंगला के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उनसे मोहाली के फेज आठ पुलिस थाने में सीनियर अफसरों ने विस्तार से पूछताछ की। सिंगला को मोहाली कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 27 मई तक तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

खास बात यह है कि पंजाब का स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए विजय सिंगला ने 28 मार्च को कहा था कि वे भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा भी किया था। उस बयान के ठीक 57 दिन बाद यानी 24 मई को सीएम भगवंत मान ने करप्शन के मामले में ही उन्हें पद से हटा दिया।

सिंगला के भ्रष्टाचार की शिकायत सीएम भगवंत मान तक पहुंची थी। उन्होंने गुपचुप तरीके से इसकी जांच कराई। अफसरों से पूछताछ की, फिर मंत्री सिंगला को तलब किया गया। मंत्री ने गलती मान ली, इसके बाद उन्हें बर्खास्त किया गया। इधर, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सीएम भगवंत मान की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्हें इस फैसले पर गर्व है।



**तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा**

दर्ज एफआइआर के मुताबिक अधीक्षण अभियंता (एसई) राजिंदर सिंह ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वह पंजाब हेल्थ सिस्टम कार्पोरेशन में फेज 8 में बतौर निगरानी इंजीनियर तैनात हैं। एक महीने पहले उन्हें हेल्थ मिनिस्टर विजय सिंगला के ओएसडी प्रदीप कुमार ने पंजाब भवन के कमरा नंबर 203 में बुलाया गया था। यहां पर मंत्री विजय सिंगला और ओएसडी प्रदीप कुमार मौजूद थे। मंत्री सिंगला ने मुझे कहा कि मेरा ओएसडी जो बात करेगा, उसे समझना कि मैं ही बात कर रहा हूं। मैं जल्दी में हूं और जा रहा हूं। इसके बाद प्रदीप कुमार ने मुझे कहा कि तुम्हारी तरफ से 41 करोड़ के कंस्ट्रक्शन वर्क की अलॉटमेंट जारी की गई है। इसके अलावा मार्च महीने में ठेकेदारों को 17 करोड़ की पेमेंट की गई है। इस तरह कुल 58 करोड़ रकम का 2 फीसद कमीशन 1.16 करोड़ बतौर रिश्वत दिया जाए।

एसई ने उन्हें कहा कि मैं यह काम नहीं कर सकता। मुझे बेशक मेरे विभाग में वापस भेज दिया जाए क्योंकि मैं डेपुटेशन पर हेल्थ विभाग में आया हूं। इसके बाद प्रदीप कुमार ने 8 मई, 10 मई, 12 मई, 13 मई और 23 मई को वॉट्सऐप पर कॉल की, जिसमें मुझे बार-बार बुलाकर रिश्वत की मांग की जाती रही। मुझे धमकी दी गई कि अगर रिश्वत नहीं दी तो मेरा करियर खराब कर देंगे। डिपार्टमेंट में मेरा नुकसान कर देंगे।

अफसर ने इसकी शिकायत सीएम भगवंत मान को की। 14 मई को सीएम मान के पास इसके बारे में जानकारी पहुंची। इसके बाद मान ने अफसर को भरोसे में लिया। कमीशन मांगने की रिकॉर्डिंग कराई गई। जिसमें मंत्री और उनके करीबियों की कमीशन मांगने की रिकॉर्डिंग हो गई, जिसके बाद मंत्री को बुलाकर मान ने उनके सामने यह सबूत रख दिए और मंत्री ने गलती कबूल कर ली। अरविंद केजरीवाल ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे भगंवत मान पर गर्व है। उनकी कार्रवाई से मेरी आंखों में आंसू आ गए। पूरा देश आज आम आदमी पार्टी पर गर्व महसूस कर रहा है।

# पंजाब के सीएम से सीखें कैसे खत्म होगा भ्रष्टाचार : योगेश्वर

**पायनियर समाचार सेवज्ञ।** चंडीगढ़।





**हरियाणा** के मुख्यमंत्री को चाहिए कि वह पड़ोसी राज्य पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात करक सीखें किस तरह से भ्रष्टाचार पर काबू पाया जाता है।

मनोहर लाल को समय निकाल कर पंजाब और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों से मिलना चाहिए। आम आदमी पार्टी हरियाणा के नार्थ जोन प्रभारी योगेश्वर शर्मा ने मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी एक बयान में कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्रियों के पास अपने मंत्रियों के खिलाफ शिकायतें तो आती थीं लेकिन वह इसे दबाते रहते थे। पंजाब में पहली बार किसी मौजूदा मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

योगेश्वर शर्मा ने कहा कि हरियाणा के कई मौजूदा और पूर्व मंत्रियों पर खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। हरियाणा लोक सेवा आयोग तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग खुलेआम भ्रष्टाचार का अड्डे बने हुए हैं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री मनोहर लाल भ्रष्टाचारियों को दबाने में लगे हुए हैं। पिछले सात साल में किसी भी दागी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है।

### क्वॉड मीटिंग के दौरान मोदी-बाइडेन टोक्यो में मौजूद थे, तब

# चीन-रूस के फाइटर जेट्स ने जापान के पास उड़ान भरी

**एजेंसी।** टोक्यो

**जापान** की राजधानी टोक्यो में क्वॉड देशों के राष्ट्राध्यक्षों की मीटिंग चल रही है। इसी दौरान चीन और रूस ने एक बेहद गंभीर हरकत की है। चीन और रूस के फाइटर जेट्स ने जापान की सीमा के करीब वॉर ड्रिल के तहत उड़ान भरी। खुद जापान सरकार ने इसकी पुष्टि की है। दोनों देशों की इस हरकत पर अब तक क्वॉड के बाकी तीन देशों का रिएक्शन नहीं आया है।

क्वॉड में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। चीन का आरोप है कि क्वॉड मेंबर्स उसके समुद्री रास्ते बंद करने की साजिश रच रहे हैं और वो उस पर ताकत के जरिए दबाव बनाना चाहते हैं। क्वॉड मेंबर्स ने चीन के आरोपों को कई बार खारिज किया है। मंगलवार दोपहर जापान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने एक बयान में कहा- चीन और रूस के फाइटर जेट्स ने हमारी सीमा के करीब उड़ान भरी है। हमने इन देशों को साफ तौर पर बता दिया है कि यह बेहद गंभीर हरकत है। भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्ष इस वक्त हमारे देश में मौजूद हैं। फाइटर जेट्स हमारे एयरस्पेस में नहीं आए। नवंबर से अब तक चार बार इस तरह की हरकत हो चुकी है। हमारे लिए यह चिंता की बात है।



**जापान इन हरकतों को सहन नहीं करेगा**

**जापान** की डिफेंस मिनिस्ट्री के मुताबिक, रूस और चीन के फाइटर जेट्स ने हमारी पूर्वी सीमा के करीब उड़ान भरी। दो फाइटर जेट्स चीन और इतने ही रूस के थे। ये एयरक्राफ्ट्स प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से में थे। यहां जापान और चीन की सीमाएं मिलती हैं। मंगलवार को ही रूस के खुफिया विमानों ने भी इसी क्षेत्र में उड़ान भरी थी। हमने दोनों देशों को डिप्लोमैटिक चैनल्स के जरिए बता दिया कि जापान इन हरकतों को सहन नहीं करेगा।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और इंवेस्टमेंट बढ़ाने के लिए पांच साल में 50 अरब डॉलर खर्च किए जाएंगे

**क्वॉड** देशों ने मंगलवार को एक बेहद अहम फैसला किया और यह चीन के लिए फिक्रमंद होने का सबब है। चारों देशों ने फैसला किया है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंवेस्टमेंट बढ़ाने के लिए पांच साल में 50 अरब डॉलर खर्च किए जाएंगे। इस मीटिंग में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी शामिल हुए। इस बजट का सीधा सा मतलब यह है कि हिंद और प्रशांत क्षेत्र में चीन की दबदबे वाली हर चाल को चारों देश मिलकर खत्म करेंगे। चीन इस क्षेत्र के ज्यादातर हिस्सों को अपना क्षेत्र बताता है। चीन को दिक्कत यहां तक है कि वो हिंद-प्रशांत महासागर को इंडो-पैसिफिक की बजाय एशिया पैसिफिक कहना चाहता है। उसे इंडो-पैसिफिक शब्द पर ऐतराज है।

# कांग्रेस से सैलजा हो सकती हैं राज्यसभा सांसद प्रत्याशी, दो सीटों पर होंगे चुनाव

### पहले दिन किसी ने नहीं किया नामांकन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव होगा। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के पहले दिन किसी ने भी नामांकन नहीं किया है। इन सीटों के लिए दावेदारों की सूची जहां लंबी होती जा रही है, वहीं राजनीतिक दलों ने रणनीति बनानी भी शुरू कर दी है। हरियाणा में राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा तथा दुष्यंत कुमार गौतम का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। 90 विधायकों वाली हरियाणा विधानसभा में पहली सीट पर चुनाव जीतने के लिए भाजपा को 31 विधायकों की जरूरत पड़ेगी। भाजपा के पास इस समय 40 विधायक अपने हैं। जजपा के 10 विधायकों का भाजपा को समर्थन हासिल है। सात निर्दलीयों में से बलराज कुंडू को छोड़कर छह विधायक भी भाजपा के साथ हैं। सिरसा विधायक गोपाल कांडा ने भी सरकार को समर्थन दिया हुआ है।

ऐलनाबाद विधायक अभय सिंह चौटाला भी ऐसी स्थिति में भाजपा के साथ जा सकते हैं। ऐसे में अगर तीसरा प्रत्याशी मैदान में आता है तो कांग्रेस को चुनावों में जीत हासिल करने के लिए कम से कम 30 विधायकों की जरूरत होगी। 31 मई तक फार्म जमा होंगे और पहली जून को नामांकन-पत्रों की छंटनी होगी। तीन जून तक नामांकन-पत्र वापस लिए जा सकेंगे।



नामांकन-पत्र वापसी के दिन तक अगर दो ही प्रत्याशी मैदान में रहते हैं तो फिर निर्विरोध दोनों का चुना जाना तय है। अगर तीसरा प्रत्याशी मैदान में रहता है तो फिर 10 जून को चुनाव होंगे।

चुनाव आयोग ने विधानसभा सचिव राजेंद्र सिंह नांदल को राज्यसभा चुनावों के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। छह साल पूर्व हुए स्याही विवाद के चलते नांदल को इसके बाद हुए चुनावों में रिटर्निंग अधिकारी नहीं लगाया था। आयोग की ओर से आईएएस अधिकारियों को आरओ की ड्यूटी दी जाती रही। इस बार आयोग ने नांदल पर भरोसा जताते हुए उन्हें रिटर्निंग अधिकारी लगाया है।

भाजपा की तरफ से दुष्यंत कुमार गौतम, कुमार विश्वास, रामबिलास शर्मा, कैप्टन अभिमन्यु और ओपी धनखड़ का नाम सामने आया है जबकि कांग्रेस की तरफ से कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और आनंद शर्मा का नाम सामने आया है। हालांकि राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस की तरफ से कुमारी सैलजा ही इकलौता नाम राज्यसभा के लिए रह सकता है। हाल ही में हरियाणा में कांग्रेसी गुटबाजी पर विराम लगाने के लिए आलाकमान की तरफ से इसी तरह का संदेश कुमारी सेलजा को दिया गया था।

### ज्ञानवापी पर नया मुकदमा दायर

# मुस्लिमों की एंट्री पर बैन लगाने की मांग, आज होगी सुनवाई

**एजेंसी।** वाराणसी

**वाराणसी** के मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी प्रकरण के बीच मंगलवार को एक और याचिका दाखिल की गई। सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के नाम से यह याचिका दाखिल की गई है। जिसे सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट ने स्वीकार करते हुए सुनवाई की अनुमति दे दी है।

मामले में 25 मई को सुनवाई होगी। यह मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री किरण सिंह ने दाखिल किया है। संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह बिसेन ने बताया कि हमारे संगठन की पदाधिकारी किरण सिंह की ओर से एक महत्वपूर्ण याचिका दाखिल की गई है। भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मुकदमे के माध्यम से उन्होंने तीन मांगें की हैं। ज्ञानवापी परिसर में तत्काल प्रभाव से मुस्लिम पक्ष का प्रवेश प्रतिबंधित हो। ज्ञानवापी का पूरा परिसर हिंदुओं को सौंपा जाए। भगवान आदि विश्वेश्वर स्वयंभू ज्योतिर्लिंग, जो अब सबके सामने प्रकट हो चुके हैं, उनकी तत्काल पूजा-पाठ शुरू करने की इजाजत दी जाए।

### कुतुब मीनार पर फैसला सुरक्षित

# 800 सालों के बिना पूजा के देवता रहे तो आगे भी रहने दें : जज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कुतुब** मीनार में पूजा के अधिकार की याचिका पर दिल्ली के साकेत कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। जस्टिस निखिल चोपड़ा की बेंच ने हिंदू पक्ष की पूजा के अधिकार वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में फैसला नौ जून को आए।

कोर्ट ने दोनों पक्षों को एक हफ्ते के अंदर ब्रीफ रिपोर्ट जमा करने को कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जैन से पूछा कि क्या अपीलकर्ता को किसी कानूनी अधिकार से वंचित किया गया है? साथ ही यह भी कहा कि अगर वहां देवता पिछले 800 साल से बिना पूजा के मौजूद हैं तो उन्हें ऐसे ही रहने दीजिए। हालांकि सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने लगातार कुतुब मीनार में पूजा के अधिकार वाली याचिका का विरोध किया। साकेत कोर्ट में सोमवार को दाखिल किए हलफनामे में भी कहा था कि मीनार पूजा का स्थान नहीं है और इसकी मौजूदा स्थिति को बदला नहीं जा सकता। एएसआई की ओर से वकील एडवोकेट सुभाष गुप्ता ने कहा कि निचली अदालत का फैसला गलत नहीं है।



# जींद में सड़क हादसे में छह लोगों की दर्दनाक मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** जींद

**हरियाणा** के जींद में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। हरिद्वार से अस्थियां विसर्जन कर लौट रहे नारनौंद के एक परिवार के लोगों की गाड़ी कैथल रोड पर गांव कंडेला के पास ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो महिलाओं समेत छह व्यक्तियों की मौत हो गई। मृतकों में एक व्यक्ति पंजाब से रिश्तेदारी में आया था। मृतकों में 15 से लेकर 70 साल तक के व्यक्ति शामिल हैं। घायलों को जींद के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया है। हादसे पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शोक व्यक्त किया है।

### अस्थियां विसर्जित कर लौट रहा था नारनौंद का परिवार

हिसार के नारनौंद गांव के प्यारे लाल की मौत हो गई थी। परिजन अस्थियां चुगने के बाद उनको सोमवार को गंगा में प्रवाहित करने हरिद्वार गए थे। अस्थियां विसर्जन करके लौट रहे थे कि जींद के कंडेला में लक्ष्य मिल्क प्लांट के पास उनकी पिकअप गाड़ी को ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से टूट गया। पुलिस ने घायलों को लोगों को अस्पताल में भेजा।

### श्रीनगर में फिर टारगेट किलिंग

# अनचार सौरा इलाके में पुलिसवाले की गोली मारकर हत्या, बेटी घायल

**एजेंसी।** श्रीनगर

**श्रीनगर** के अनचार सौरा इलाके में मंगलवार को आतंकियों ने एक पुलिसकर्मी सैफुल्ला कादरी पिता मोहम्मद सैयद कादरी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात में उनकी सात साल की बेटी सफा कादरी भी गोली लगने से जख्मी हो गई। सफा की हालत फिलहाल स्थिर है। पुलिस ने बताया कि आतंकियों ने पुलिसकर्मी के घर में घुसकर दोनों पर गोलियां चलाईं।

बता दें, इससे पहले 12 मई को जम्मू-कश्मीर के बडगाम में आतंकियों ने चडूरा तहसीलदार ऑफिस के क्लर्क राहुल भट्ट को ऑफिस में घुसकर गोली मार दी थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद सात मई को श्रीनगर के अली जान रोड स्थित ऐवा ब्रिज पर आतंकियों ने पुलिसकर्मी गुलाम हसन डार को गोली मार दी थी। 18 अप्रैल को पुलवामा में आतंकियों ने काकापोरा रेलवे स्टेशन के बाहर दुकान पर चाय पीने आए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के दो जवानों सब इंस्पेक्टर देवराज व हेड कांस्टेबल सुरिंदर सिंह को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।

# पार्टी चुनाव चिह्न पर निकाय चुनाव लड़ेंगी भाजपा, जजपा, आप और इनेलो

### कांग्रेस 26 को दिल्ली बैठक में करेगी फैसला

### भाजपा 27-28 को तय करेगी रणनीति जजपा ने आज बुलाई बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कवायद में लगी आम आदमी पार्टी ने निकाय चुनाव पार्टी चुनाव चिह्न पर लड़ने का ऐलान कर दिया है। विपक्षी दल इनेलो भी यह फैसला ले चुका है।

हरियाणा में 19 जून को होने वाले नगर परिषद और नगर पालिकाओं के चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव कार्यक्रमों का ऐलान होते ही सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। निकाय चुनाव पार्टी चुनाव चिह्न पर लड़ने और अन्य रणनीति को अमली रूप देने के लिए कांग्रेस ने 26 को नई दिल्ली में बैठक बुलाई है। अधिकांश नेताओं की राय है कि नगर परिषद के चुनाव जरूर सिम्बल पर लड़ने चाहिए। नगर निगम के चुनाव कांग्रेस पहले ही सिम्बल पर लड़ चुकी है।

हरियाणा मामलों के प्रभारी विवेक बंसल ने यह अहम बैठक बुलाई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चौ. उदयभान, विपक्ष के नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा सभी विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सीएलपी लीडर, पूर्व स्पीकर और प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेताओं को बुलाया है। बैठक में कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य भी शामिल होंगे। सत्तारूढ़ भाजपा-जजपा गठबंधन सिम्बल पर चुनाव लड़ने का पहले ही ऐलान कर चुका है। इस बार आम आदमी पार्टी भी मैदान में आ रही है।





### चुनावों को लेकर 27 और 28 को हिसार में दो दिवसीय बैठक बुलाई

**सत्तारूढ़** भाजपा ने निकाय चुनावों को लेकर 27 और 28 को हिसार में दो दिवसीय बैठक बुलाई है। हरियाणा मामलों के प्रभारी विनोद तावड़े की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, सीएम मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और कृष्णपाल गुर्जर सहित हरियाणा कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री, सभी सांसद, विधायक और प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के संयोजक भी बैठक में मौजूद रहेंगे। सहयोगी दल जननायक जनता पार्टी ने 25 मई को बैठक बुलाई है।

बैठक में पार्टी अपनी रणनीति तय करेगी। इसके बाद जजपा नेताओं की भाजपा के नेताओं के साथ बैठक होगी। आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव पार्टी चुनाव चिह्न पर लड़ेगी। चुनाव आयोग से इसकी मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने इसके लिए पहले ही आयोग को पत्र लिख रखा था। चुनाव आयोग ने हमारा चिह्न रिजर्व कर दिया है। निकाय चुनाव पार्टी के चुनाव चिह्न पर लड़े जाएंगे।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बुधवार, 25 मई , 2022 | वोटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 35.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-15 स्थित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री : शाम 4 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू : सुबह 8 बजे
- जिले में डोर टू डोर नेशनल डी वार्मिंग डे कार्यक्रम का तीसरा दिन : सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन : सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**युवा** महिला निवेशक अधिक जोखिम और अधिक रिटर्न देने वाले एसेट्स, मसलन शेयर बाजार में निवेश करना पसंद करती हैं। एक सर्वे के अनुसार, 18-25 साल की महिला निवेशक सुरक्षित निवेश जैसे टर्म डिपॉजिट (एफडी) के बजाय अधिक जोखिम वाले विकल्पों में निवेश करने की संभावना तीन गुना अधिक रहती है। यह सर्वे वित्त सेवा फिनटेक कंपनी ग्रो ने किया है, जिसमें इसमें 28,000 लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करवाई। सर्वे में महिलाओं के निवेश लक्ष्य के बारे में भी बताया गया है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### महिला आयोग की चेयरपर्सन करेगी तिगांव का दौरा

**फरीदाबाद।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया 26 मई को तिगांव पहुंच कर वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों के जांच माप शिविर का उद्घाटन करेंगी। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में दिव्यांग जनों के लिए जांच माप शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 मई को वृंदावन गार्डन गांव तिगांव में आयोजित रेनू भाटिया मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। ये नि:शुल्क सहायक उपकरण की सुविधा भारत सरकार के राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाएगी। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिमको द्वारा वरिष्ठ नागरिक के लिए छड़ी, वॉकर, कान की मशीन, चश्मा, छोटी सहित अपने बहुत से उपकरण इस योजना के अंतर्गत लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि सभी दिव्यांगजनों को हम वह वैकल्पिक हर संसाधन उपलब्ध करा सके, जिससे वे स्वयं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का लालन-पालन कर सकें।

**क्विक न्यूज**

### सट्टेबाजारों से 4.40 लाख रुपये बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने पुलिस थाना एनआईटी एरिया में अलग-अलग स्थानों पर सट्टाखाई करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.40 लाख रुपये बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में बिमलेश दिल्ली के पड़पड़गंज का रहने वाला है और अशोक, शंभू, अंगद तीनों फरीदाबाद के एनआईटी-5 एरिया के निवासी हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपियों को सट्टाखाई करते समय काबू कर लिया। अशोक के कब्जे से 01.60 लाख, शंभू के कब्जे से 95 हजार, अंगद के कब्जे से 99 हजार और आरोपी बिमलेश उर्फ मुरली के कब्जे से 86 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

# करोड़ों रुपये की टेक्स वसूली के बाद भी हाइवे दुर्दशा का शिकार

### लापरवाही से हुए निर्माण के कारण बरसात में जलमग्न हो जाती है सड़क

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**दिल्ली** से आगरा की ओर जाने वाले यात्रियों ने सोचा था कि सिक्स लेन हाइवे का निर्माण पूरा होने के बाद उन्हें सुगम सफर करने का मौका मिलेगा, लेकिन एनएचएआई की लापरवाही के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर दो से गुजरने वाले लोगों को किसी तरह की राहत नहीं मिली।

एनएचएआई द्वारा टोल बैरियर लगाकर वाहन चालकों से करोड़ों रुपये का टैक्स तो वसूला जा रहा है। लेकिन अन्य सुविधाएं तो दूर की बात वाहन चालकों को साफ सुथरी सड़क भी नसीब नहीं हो रही है। इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह बरसाती पानी भरा हुआ है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग पर अभी भी कई स्थानों पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ बनी सर्विस रोड की है। सर्विस रोड पर भरे पानी और गड्ढों की वजह से वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। सर्विस रोड से पुल चढ़ने और उतरने वाले ज्यादातर कटों पर पानी भरा हुआ है, लेकिन इन समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। एक तरफ स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मेट्रो के पिलरों पर चित्रकारी करवा कर शहर को स्मार्ट बनाया गया है। वहीं दूसरी तरफ हाइवे से गुजरते समय जलभराव और गड्ढों का सामना करने वाले लोगों के सामने स्मार्ट सिटी की असलियत उजागर हो जाती है।



हाइवे के बाटा मोड़ पर भरा बरसाती पानी।



हाइवे पर बल्लभगढ़ के निकट बरसाती पानी की नहीं है निकासी।

### नहीं है बरसाती पानी की निकासी

**सिक्सलेन** हाइवे का निर्माण करते समय एनएचएआई और टोल वसूलने वाली कंपनी के अधिकारियों द्वारा कई तरह की लापरवाही बरती गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरसाती पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था करने की जरूरत महसूस नहीं की। बरसाती पानी से जमीन को रिचार्ज करने का भी कोई इंतजाम नहीं किया गया। जिससे बरसात का पानी सीवर की पाइप लाइनों में जाकर नष्ट हो रहा है। जबकि बरसाती पानी को रिचार्ज करने के लिए पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह रैनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने के दावे किए जा रहे थे। रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना तो दूर कंपनी ने बरसाती पानी की निकासी की भी व्यवस्था करने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। जिसके कारण बरसात आते ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। हाइवे पर बाटा मोड़ और संत सूरदास मेट्रो स्टेशन के पास पलवल की ओर जाने वाले रास्ते पर बरसात आने पर लंबे समय तक पानी भरा रहता है। बल्लभगढ़ से दिल्ली की ओर जाने वाले रास्ते ही सर्विस रोड पर जगह जगह पानी भरा है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

### हाईवे पर नहीं है ड्रेनेज सिस्टम

**दिल्ली** से आगरा का सफर करने वाले लोगों को जाम से मुक्ति दिलवाने के लिए केंद्र सरकार ने सिक्स लेन राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर दो का निर्माण कराया था, लेकिन करोड़ों की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के बाद भी लोगों को विभिन्न परेशानियों से मुक्ति आज तक नहीं मिल पाई है। रिलायंस कंपनी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले जाम से लोगों को छुटकारा दिलवाने के लिए 2948 करोड़ रुपये की लागत से सिक्सलेन राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया है, लेकिन निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही के कारण हाइवे से गुजरने वाले यात्रियों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशान बरसात के मौसम में होती है। जल्दबाजी के चक्कर में एनएचएआई द्वारा हाइवे पर बने फ्लाइओवरों पर सहीं तरीके से ड्रेनेज सिस्टम नहीं बनाया गया है। जिसके कारण हाइवे के सभी फ्लाईओवरों के आसपास बरसात आने के बाद पानी भर जाता है। सर्विस रोड पर कंपनी द्वारा नालियां बनाई गई है। इसके बावजूद सर्विस रोड पर भी जगह-जगह पानी भर जाने से वाहन चालकों को गुजरने में परेशानी होती है। ज्यादा बरसात आने पर हाइवे कई दिनों तक पानी भरा रहता है।



संत सूरदास मेट्रो स्टेशन के जलमग्न हाइवे की सर्विस रोड।

### खामियां दूर करने की जरूरत



**सड़क** सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के दौरान एनएचएआई द्वारा लापरवाही बरती गई है। जिससे सड़क पर पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो रही है। एनएचआई को पानी भरने वाले पॉइंटों की शीघ्र पहचान की जल निकासी के लिए कोई ठोस व्यवस्था करनी होगी। अन्यथा लंबे समय तक बरसाती पानी भरा रहने से सड़क पर गड्ढे बनने की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

### नहीं मिला सुगम सफर का मौका

**हाइवे** का निर्माण के दौरान शहर के लोगों को कई उम्मीदें थीं, लेकिन इसका डिजाइन शहर की जरूरत के मुताबिक तैयार ही नहीं किया। इसके अलावा टोल कंपनी ने हाईवे का जो निर्माण किया गया है, उसमें कई तरह की खामियां मौजूद है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर की तरफ से आने वाले सभी रास्तों के चौराहों पर बरसात आते ही पानी भर जाता है। बल्लभगढ़ से दिल्ली के रास्ते पर गुडईयर चौक और अजरौंदा चौक के बीच बरसात आने के कई दिनों बाद भी सर्विस रोड पर पानी भरा रहता है। बरसात आने पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह पानी तो भर ही जाता है, साथ ही अन्य कई तरह की खामियां उभर कर सामने आ जाती है। बरसात आते ही वाहन चालकों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर सबसे ज्यादा जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। अन्य कई खामियों की वजह से भी राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि जल्दी ही इन खामियों को दूर नहीं किया गया तो आने वाले समय में दुर्घटना का खतरा और बढ़ सकता है।

# लाभार्थियों से पीएम मोदी करेंगे 31 को बातचीत

### केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम में दिया जाएगा लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिलों में किया जाएगा, जिनमें से चयनित जिले के लाभार्थी के साथ प्रधानमंत्री का संवाद होगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत आयोजित मुख्य सचिव संजीव कौशल की वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत संबंधित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उनसे पहले वीडियो कान्फ्रेंस में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर मंत्रीगण अथवा सांसद एवं विधायक मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्य स्तर पर यह कार्यक्रम पंचकूला में आयोजित करने की तैयारियां की जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भी लाभार्थियों से संवाद कर सकते हैं। इस संदर्भ में उपायुक्त ने मुख्य सचिव को सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन का भरोसा देते हुए आश्वास्त किया कि कार्यक्रम का बेहतरीन आयोजन कराया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र की कई योजनाओं को शामिल किया है, जिनके लाभार्थियों को कार्यक्रम के दौरान योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए किसी भी योजना के तहत कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। आवेदकों के आवेदनों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। पात्र आवेदकों को योजनाओं का पूर्ण लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को पूर्ण रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।



सेक्टर 12 लघु सचिवाल में अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठक को संबोधित करते मुख्य सचिव संजीव कौशल।

# शिविर में 62 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सामाजिक** संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से गांव डींग में मंदिर वाली पंचायत वाटिका में स्वर्गीय खड़क सिंह बौहरे जी की स्मृति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ शीला भगत ने अपने कर कमलों से रिबन काटकर किया। स्वर्गीय खड़क सिंह बौहरे जी की तस्वीर पर सभी ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

डॉ. शीला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान अनमोल दान है। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा कि स्वर्गीय खड़क सिंह बहुत ही अच्छे नेक दिल व सामाजिक इंसान थे। रक्त रक्तदान करके हम किसी जरूरतमंद की जान बचा सकते हैं। इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। रक्तदान महादान है। रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत ने कहा कि रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद है। रक्तदान शिविर में 62 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, संस्था के महासचिव व रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक सुभाष गहलोत, मुख्य सचिव देवी चरण, पंकज कौशिक, विष्णु मलिक, मुख्याध्यापक समर देशवाल, पदम सिंह दलाल, गोपाल शास्त्री, सुधीर गौतम, पीयूष गौतम, डॉक्टर प्रवेश लांबा आदि मौजूद थे।



गांव डीग में आयोजित शिविर में रक्तदान करता समाजसेवी।

# चार अफगानिस्तानी नागरिकों को दी नागरिकता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिलाधीश** जितेंद्र यादव ने मंगलवार को चार अफगानिस्तान के नागरिकों को नागरिकता प्रदान की है। उन्होंने नागरिकता प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि अपने अच्छे भविष्य के लिए देश के हित में बेहतर कार्य करें। जिससे देश का हित होगा और आपका भविष्य भी सवरेगा।

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने अफगानिस्तान के जतिन्दर सिंह, साक्षी कौर, स्नेह कौर और गिरीश सिंह को भारतीय नागरिकता मंगलवार को प्रदान की है। जिलाधीश जितेंद्र यादव ने उन्हें भारतीय नागरिकता भारतीय नागरिक क्लिप अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता विधिवत रूप से प्रदान कर दी है। अफगानिस्तान के इन चारों भाई बहनों ने बताया कि वे जन्म से अपने परिवार के साथ भारत के हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद जिला में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत सरकार के गृह मंत्रालय में अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया था। उस आवेदन को मंगलवार को डीसी जितेंद्र यादव ने मूर्त रूप देकर हमें भारतीय नागरिकता प्रदान की है। अफगानिस्तान निवासी चारों बच्चों के पिता नमिन्दर नाथ ने बताया कि वे अफगानिस्तान से 1987-1988 में भारत आए थे। मेरा पूरा परिवार मेरी पत्नी शतीला उर्फ पूनम, बेटा जतिन्दर सिंह, बेटी साक्षी कौर, स्नेहा कौर, बेटा गिरीश सिंह का जन्म भी फरीदाबाद में ही हुआ था। मुझे और मेरी पत्नी को दिल्ली से 2008 में नागरिकता मिली थी।



सेक्टर 12 में अफगानिस्तान से आए दंपति की बेटी को भारतीय नागरिकता पत्र प्रदान करते डीसी जितेन्द्र यादव।

# रोटरी क्लब ने किया दीक्षांत समारोह का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तीन** नंबर स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर के प्रांगण में रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए उड़ान नाम से फैशन शो और कंवोकेशन का आयोजन किया गया। जिसमें रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के डीजी अनूप मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। जिनका स्वागत क्लब के सदस्यों द्वारा बुके देकर किया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान फैशन शो में महिला प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और महिलाओं और युवतियों के द्वारा खुद डिजाइन किये गए ड्रेस को रैम्प पर वॉक करके प्रदर्शित किया। क्लब के द्वारा सभी महिला प्रतिभागियों को उपहार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

मौके पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के डीजी अनूप मित्तल ने कहा कि महिला शक्तिकरण को लेकर उनके क्लब द्वारा कई कार्य लगातार आयोजित किये जाते हैं। इसी के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और उन्हें आज कार्यक्रम में शिरकत करके उन्हें बेहद खुशी हुई है। क्योंकि महिलाओं और युवतियों द्वारा उनके द्वारा डिजाइन किये गए ड्रेस बेहद सुन्दर थे मानो इसे किसी माहिर ड्रेस डिजाइनर ने तैयार किया हो। इन्ही ड्रेस को पहन कर फैशन शो में भी कंटेस्टेंट्स ने भाग लिया। जिनमें फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड पोजीशन पाने वाली प्रतिभागियों को सिंगर की सिलाई मशीन व सर्टिफिकेट दिया है जिससे उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि उनका क्लब आगे भी इसी तरह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करता रहेगा।

रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के सदस्यों ने कार्यक्रम के बारे में तारीफ की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सही मायने में महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध होते है जो महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं। उन्हें खुशी है की वह क्लब के साथ जुड़कर ऐसे कार्य में अपना योगदान दे रहें हैं। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन सचिन चिलाना, सचिव रोटेरियन अलपिका गर्ग, कोषाध्यक्ष रोटेरियन राजा जिंदल, रोटरी क्लब फरीदाबाद अरावली से रोटेरियन संधीर मलिक, रोटेरियन मृणाल प्रसाद, रोटेरियन मोहित आनंद भाटिया, रोटेरियन शिल्पा अरोड़ा, रोटेरियन श्वेता प्रसाद आदि मौजूद रहे।



एनएचतीन स्थित सनातन धर्म मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित महिला के साथ रोटरी क्लब अरावली फरीदाबाद के सदस्य।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**समझना तुम न चाहोगे बताना हम से मुश्किल है**
**कभी सोचा नहीं था तंत्र अपना इतना संगदिल है**
**तुम्हारा तो पसीना भी लगा हो बूँद भर शायद**
**नया भारत बनाने में लहू अपना तो शामिल है**

# हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व में लहराया परचम

### खेलो इंडिया मशाल यात्रा का फरीदाबाद में स्वागत, हजारों खेल प्रेमी उमड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर पूरे विश्व में अपना लोहा मनवाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की ऐसी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा की खेल पॉलिसी ने भी बेहतरीन सहयोग दिया है। आज जहां खेलों में अधिकतर मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों के हैं वही नई खेल प्रतिभाएं भी आगे आने को तत्पर हैं।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में खेलो इंडिया 2021 मशाल यात्रा के स्वागत में आयोजित राहगीरी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में परिवहन मंत्री के साथ बड़खल विधायक सीमा त्रिखा वह फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने भी मशाल यात्रा का स्वागत किया।

मूलचंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 4 से 13 जून तक पंचकूला में खेलो इंडिया 2021 प्रतियोगिता का आयोजन करने का सौभाग्य इस बार हरियाणा को मिला है। उन्होंने कहा कि इसी प्रतियोगिता को लेकर जन जागरुकता के लिए यह मशाल यात्रा प्रदेश के सभी जिलों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि इस मशाल यात्रा से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों में एक नए उत्साह का संचार होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा खिलाड़ियों और जवानों की खान है। देश सेनाओं में हर दसवां जवान हरियाणा का देश रक्षा करने अपना योगदान दें रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चलाई जा रही खेल नीति का परिणाम हैं कि खिलाडियों ने विश्व स्तर के खेलों में देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। खेलों इण्डिया मशाल का फरीदाबाद पहुंचने पर दिल की गहराइयों से स्वागत करता हूं।

विधायक सीमा त्रिखा ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हरियाणा की खेल नीति प्रंशसा की है। इसी का परिणाम है कि अन्य प्रदेश भी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की खेल नीति का अनुसरण कर रहे हैं। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति देश में सर्वोत्तम है। इसी का परिणाम हैं कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने मेडल जीत कर विश्व में देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मशाल का फरीदाबाद में पहुंचने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देकर स्वागत करता हूं। डीसी जितेन्द्र यादव ने राहगीरी में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और विशिष्ट अतिथि विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता और मशाल के साथ आए खिलाड़ियों सहित तमाम प्रतिभाओं का गर्म जोशी से स्वागत किया।



सेक्टर 12 खेल परिसर में खेलो इंडिया मशाल का स्वागत करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और अन्य।


# विजन फॉर फरीदाबाद ने भोजन बांटा

**फरीदाबाद।** विजन फॉर फरीदाबाद मिशन के संस्थापक हिमान्शु सेठी द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर 52 सप्ताह, 52 भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सेठी ने बताया कि अब तक उन्होंने एक माह के दौरान चार स्थानों पर गरीबों, जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण किया गया। इसी कड़ी में मंगलवार को एनएच पांच स्थित निरंकारी चौक पर ओम शिव मेडिकोज के सामने जरूरतमंदों को मिक्स पुलाव तथा राहगीरों के लिए ठण्डे पानी की छबील लगाई गई। हिमांशु सेठी ने बताया कि विजन फॉर फरीदाबाद मिशन के तहत कचरा मुक्त फरीदाबाद अभियान चलाया जाएगा। महिलाओं के सशक्तिकरण पर कार्य किया जाएगा। सड़क सुरक्षा को लेकर शहर के प्रत्येक चौराहों पर यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए, मानव अधिकारों के प्रति कार्य किया जाएगाए जनसुरक्षा व जनसाभगिता पर कार्य किया जाएगा, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, सभी धर्मों के लोग मिलकर सम्प्रदायिक सौहार्द को कायम करें। इसके अलावा आम जन को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।



भोजन और मीठा पानी वितरित करते विजन फार फरीदाबाद के सदस्य।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 29.03.2022 को सचिन पुत्र रामबीर सिंह निवासी म0न0 712 गली न0 3 आदर्शनगर बल्बगढ फरीदाबाद, बिना बताए कही चला गया है जिस ने नीली जिंस व महरुम रंग की चैक की सर्ट व पैरो मे कन्वैंस के जुते पहन रखे है जिसका रंग सांवला व लम्बुतरा चेहरा उम्र 22 साल है। मु0न0 207 दिनांक 02.04.22 थाना सेक्टर 8, फरीदाबाद। सूचना मिलने पर निम्नलिखित नबंरो पर सुचित करें।

एसएचओ थाना सेक्टर 8 फरीदाबाद -9582200134
आईसी पीपी थाना सेक्टर 8 फरीदाबाद - 9582200328

# खुले मेनहोल की समस्या से लोगों को मिलेगी निजात

## मॉडर्न बीपी स्कूल के मॉडल को अपनाने पर सरकार कर रही विचार

## शिक्षा मंत्री फरीदाबाद आने पर ही करेंगे एमबीपी स्कूल का दौरा



शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के साथ स्कूल के बच्चे और अध्यापक। दूसरे चित्र में शिक्षा मंत्री को मॉडल के बारे में समझाते विद्यार्थी।

**कविता।** फरीदाबाद

**सेक्टर-23,** संजय कालोनी स्थित मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के मॉडल को हरियाणा के शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह गुर्जर ने खूब सराहा।

उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए मॉडल को देखकर और स्कूल की उपलब्धियों को सुनकर फरीदाबाद में आने पर स्कूल का दौरा करने का आश्वसन दिया। उन्होंने सीवर मेनहॉल के मॉडल को अपनाने का आश्वासन देते हुए सीएम से बात करने की बात कही। स्कूल के बच्चों और टीचर्स को उन्होंने कोटेशन तैयार कर आठ दिनों बाद सीएम आवास पर आने का निमंत्रण दिया है। स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसिपल जितेन्द्र परमार ने स्कूल के बच्चों को शिक्षा मंत्री के द्वारा दिए गए प्रोत्साहन पर बधाई दी है।

मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा तैयार किये गए बायलॉजी के मॉडल 'खुले हुए सीवरेज मेनहॉल्स' की दुर्घटनाओं से निजात दिलाने के उपाय को लेकर शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह गुर्जर ने बच्चों और टीचरों को अपने निवास पर बुलाकर प्रशंसा की और मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुती देने आवेदन स्वीकार किया। इस मौके पर उन्होंने शिक्षक नवीन जोशी, नफीस एहमद, छात्र स्नेहा कुमारी, आदर्श यादव, अजय भंडारी और रजत कुमार को प्रोत्साहित किया। मॉडल प्रस्तुत करने वाले बच्चों ने उन्हें बताया कि मॉडर्न बीपी स्कूल विज्ञान के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ रहा है। पिछले आठ सालों से लगातार सीबीएसई के माध्यम से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर रहा है।

शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह गुर्जर ने इस स्कूल को खुद आकर देखने की इच्छा जाहिर की है। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार एवं स्कूल के प्रधानाचार्य जितेन्द्र परमार ने बच्चों को बंधाई दी है और आगे भी ऐसा काम करने को प्रेरित किया है।

### मॉडल इस तरह करेगा काम

**मॉडर्न** बीपी स्कूल के विद्यार्थी ने मिलकर 'ओपन हॉल डिटेक्टर' नामक मॉडल तैयार किया है। उन्होंने दो ढक्कन लगाकर मॉडल तैयार किया है। मेनहॉल के ढक्कन में उन्होंने एक खास जीएसएम मोड्यूल्स लगाया है। जिसमें एक बार में एक साथ 100 लोगों तक संदेश पहुंचाने की व्यवस्था है। मेनहॉल का ढक्कन खुलते ही मॉडल तुरंत उसमें मौजूद नम्बरों पर कोड के जरिये संदेश देगा कि किस स्थान पर ढक्कन खुला है। जब उस ढक्कन को बंद कर दिया जाएगा, तब एक बार फिर सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारी को संदेश मिल जाएगा। जिसकी शिक्षा मंत्री ने तारीफ की और इसे प्रदेश में लगाने के लिए एप्रूव किया है।

## अपशिष्ट प्रबंधन पर हुआ मार्गदर्शन कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ के उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ ने राजकीय मध्य विद्यालय, मलेरना में अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों का मंगलवार को प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन की प्रभारी यूबीए टीम डॉ. मीनू अग्रवाल ने यूबीए के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर ग्राम मलेरना किया। कार्यक्रम के तहत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता और स्वच्छता अभियान पर रैली की गई। अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना है। जीएमएस मलेरना के प्रधानाचार्य समर देशवाल और अंजू बाला सहित शिक्षकों ने अपने छात्रों को उत्साह दिखाने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम ने बदली भारत की तस्वीर : नागर



**फरीदाबाद।** भोपाल में आयोजित हुई राष्ट्रीय बोटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा ने टीम इवेंट में दो दो मेडल जीते जिनमें शामिल रहीं बेटियां शैली नागर और स्वीटी नागर का यहां विधायक राजेश नागर के तिगांव कार्यालय पर स्वागत किया। ढोल नगाड़ों के साथ बेटियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। राजेश नागर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम ने जोरदार रंग दिखाया है। आज बेटियां पढ़ भी रही हैं और बढ़ भी रही हैं। यहां कल्पना चावला की इस धरती पर हर वर्ग से बेटियां अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों के करिश्मे देख सुनकर बड़ा गर्व महसूस हो रहा है। गौरतलब है कि भोपाल में आयोजित हुए राष्ट्रीय स्तर की ड्रेगन बोटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की टीमों ने भी भागीदारी की थी। जिसकी 2.2 किलोमीटर प्रतिस्पर्धा में राज्य की टीम ने गोल्ड जीता है जिसमें शैली नागर बतौर खिलाड़ी शामिल हुईं। वहीं एक अन्य प्रतिस्पर्धा में भी टीम ने ब्रौंज जीता है जिसमें स्वीटी नागर शामिल रहीं। यह खिलाड़ी राई इंस्टीट्यूट में ट्रेनिंग ले रही हैं। मौके पर अमन नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता दयानंद नागर, सुरजीत अधाना, विक्रम सरपंच, मास्टर रतिचंद, बिजेंद्र नागर सहित तिगांव आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे जिन्होंने बेटियों की योग्यता को सराहा और आशीर्वाद प्रदान किया।

### जिला शिक्षा अधिकारी का हुआ ट्रांसफर



**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी का मंगलवार को ट्रांसफर हो गया। वे गुरूग्राम में स्टेट काउंसिलिंग ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग में डिप्टी डायरेक्टर के खाली पद पर गई हैं, लेकिन उनके ट्रांसफर के बाद उन प्राध्यापक व कर्मचारियों में खुशी का माहौल है, जो काम करने में लापरवाही बरतते थे। उनकी जगह पर फिलहाल किसी को लगाया नहीं गया है। रितु चौधरी करीब दो साल पहले गुड़गांव से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद के पद पर आई थी। प्रमोशन होने के बाद फिर वे फरीदाबाद में ही जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त हो गई। उन्होंने दोनों पदों पर रहते हुए शिक्षा विभाग में कार्य करने में निष्पक्षता लाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। यहां तक की वर्षों के रूके हुए अध्यापकों के कार्यों को शिविर लगाकर करवाया। उनकी यह कार्यशैली लापरवाह अध्यापक, प्राध्यापक व अन्य कर्मचरियों को रास नहीं आ रही थी। उनके निष्पक्षता व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का कार्य कई जनप्रतिनिधियों को भी हजम नहीं हो रहा था। इसके चलते उनके खिलाफ शिक्षा निदेशालय को झूठी शिकायत भेजे जानी लगी। शिकायत भेजने वाले जनप्रतिनिधियों के संपर्क में थे। लेकिन वहीं दूसरी ओर कुछ अध्यापकों का कहना है कि रितु चौधरी के जाने के बाद शिक्षा विभाग फिर से भ्रष्टाचार का अड्डा बन जाएगा।

### सरकार की जिम्मेदारी दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों को सुविधा देना


अग्रवाल धर्मशाला में शिविर का उद्घाटन कर दिव्यांग से जानकारी लेते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और अन्य।

**फरीदाबाद/बल्लभगढ़।** कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने बताया कि भारत एवं हरियाणा सरकार का एक ही उद्देश्य है। दिव्यांग एवं बुजुर्गों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं हम मुहिया करा सकें। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार (एलिमको) जिला प्रशासन, रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद और राजस्थान एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में अग्रवाल धर्मशाला बल्लभगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री शर्मा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आज भारत सरकार के राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिमको) द्वारा वरिष्ठ नागरिक के लिए छड़ी, वॉकर, कान की मशीन, चश्मा, छोटी सहित अपने बहुत से उपकरण इस योजना के अंतर्गत लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे। एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने कहा कि जिला उपायुक्त के मार्गदर्शन में ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगजनों को लाभ मिल सके। इसलिए सभी दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए जांच माप शिविर लगाया है। अग्रवाल धर्मशाला के प्रधान भगवान दास ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा निरंतर समाज हित के कार्यों को सहयोग किया जाता रहता है। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के पदाधिकारी हरीश लाल, राजेश दास, डॉक्टर एमपी सिंह, आईएमआई हरियाणा की प्रधान सुनीता हसीजा, राजस्थान एसोसिएशन के कार्यक्रम के संयोजक विमल खंडेलवाल, रेडक्रॉस सोसाइटी के उप-अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी, आनंद गुप्ता, अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष जयकिशन गर्ग, कन्हैया लाल गोयल, महासचिव लोकेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, कन्हैया गर्ग, अशोक गुप्ता, कैलाश चंद गर्ग, विनोद मित्तल, चिरंजी लाल गोयल, राजीव गोयल, विजय जैन, पवन गर्ग, अग्रवाल समाज के प्रधान भगवान दास गोयल व गणमान्य व्यक्ति और बुजुर्ग तथा दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### समाप्त हुई कर्मचारियों की पेन और टूल डाउन हड़ताल



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कर्मचारियों की सोमवार से शुरू हुई पेन डाउन, टूल डाउन हड़ताल पालिका एवं परिषदों के चुनाव की धोषणा के उपरांत लगी आचार संहिता के बाद मंगलवार को समाप्त हो गई। यह घोषणा मंगलवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि अगर दो दिन की सफल हड़ताल के बाद भी विभाग ने पालिका, परिषदों, नगर निगमों एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को जबरन कौशल रोजगार निगम में पंजीकृत करने का प्रयास किया या हड़ताल में शामिल किसी भी कर्मचारी को ड्यूटी पर लेने से इनकार किया या प्रताड़ित करने का प्रयास किया तो कर्मचारी इसका डटकर विरोध करेंगे। उन्होंने हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किए गए पार्ट वन के कर्मचारियों को वापस विभाग के रोल पर करने की जोरदार मांग की। उन्होंने इस चेतावनी के साथ हड़ताल को 22 जून तक स्थगित करने का एलान किया। उन्होंने ऐलान किया है 27 मई को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने कच्चे आकर्मचारियों को पक्का करने पुरानी पेंशन बहाल करने रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने महंगाई पर रोक लगाने व अन्य मांगों को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शनों में बढ़ चढ़कर शामिल हुए। प्रदर्शन को अन्य के अलावा कर्मी नेता राम रतन, कृष्ण चिंडालिया, प्रेमपाल, शक्ति सिंह, श्रीपाल मोरिया, सुदेश, दर्शन सिंह सोया, महिला नेता सत्तो, सुरेश, कमलेश, ललिता, माया, राजबाला, शकुंतला आदि ने संबोधित किया।

# नशेड़ियों ने दो लाख के लालच में की थी व्यक्ति की हत्या

## रुपये हड़पने के लिए आरोपियों ने पार्टी का लालच देकर बुलाया था

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनू।

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादयान द्वारा जघन्य अपराधों में तुरंत कार्रवाई के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने तीन दिन पहले 19-20 मई की रात सेक्टर 21बी रेलवे लाइन के पास स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में पत्थर से सिर में चोट मारकर बुजुर्ग की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपी का नाम सोनू उर्फ अविनाश उर्फ बहरा है जो फरीदाबाद के फतेहपुर चंदीला गांव का रहने वाला है। इस मामले में आरोपी का एक साथी सुनील उर्फ बीड़ी उर्फ चूचू अभी फरार चल रहा है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। दोनों आरोपी अनखीर में एक सर्विस स्टेशन पर काम करते थे और दोनों शराब के साथ साथ इंजेक्शन का नशा भी करते हैं।

क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी सोनू को बीती शाम अनखीर चौक के पास के ठेके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सोनू ने अपने साथी सुनील के साथ मिलकर 20 मई को बीके अस्पताल में चाय की दुकान लगाने वाले 52 वर्षीय हरगोविंद की पत्थर से सिर में चोट मारकर हत्या की थी। मृतक हरगोविंद के भाई की शिकायत पर पुलिस थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज किया गया था। डीसीपी क्राइम के आदेश पर क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर सुरेश, हवलदार गुलाम मोहम्मद और दिनेश, सिपाही आशिद तथा नेपाल ने आरोपी को 23 मई को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हरगोविंद को पिछले करीब छह महीने से जानते थे। हरगोविंद भी शराब पीने का आदी था। इसलिए दोनों आरोपी उसके पास आते जाते थे और उसकी दुकान पर बैठकर शराब पीते थे।

एक दिन हरगोविंद ने बताया कि उसने करीब दो लाख रुपये इकट्ठे कर लिए हैं और गांव में अपना मकान बनाएगा। उन्होंने हरगोविंद से पैसे हड़पने की योजना बनाई। इस योजना के तहत दिनांक 19-20 मई की रात आरोपी हरगोविंद को पार्टी देने के बहाने अपने गांव फतेहपुर चंदीला बुलाया और वहां पर शराब पिलाकर उससे पैसों के बारे में पूछताछ की। परंतु न बताने पर उसके साथ मारपीट की। बाद में उसे रेलवे लाइन के पास स्थित विवेकानंद पार्क में लाकर उसके सिर में पत्थर से चोट मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस टीम द्वारा वारदात में प्रयोग खून से सना पत्थर बरामद किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

# टूटे हाईवोल्टेज तार के करंट से व्यक्ति की मौत, हुआ हंगामा


शौकाकुल मृतक व्यक्ति के परिजन। इंसेट में मृतक की फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** शिवदुर्गा विहार लक्कड़पुर फाटक के एक साइकिल सवार व्यक्ति की टूटे हुए हाईवोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतक मंगलवार सुबह घर से दूध लाने के लिए निकला था। अभी वह घर से थोड़ी ही दूरी पर पहुंचा था कि हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने बिजली निगम की लापरवाही के विरोध में जमकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने बिजली निगम के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक दुर्गा विहार, लक्कड़पुर निवासी दीपक कुमार पाल अपनी शिकायत में कहा है कि उनके 58 वर्षीय पिता देवकारण पाल मंगलवार सुबह घर से दूध लेने साइकिल से निकले थे। उनके घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर पर हाईटेंशन लाइन टूटी हुई थी। जिसका तार उनके पिताजी की साइकिल में टच हो गया। जिससे उनके पिता करंट से झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पीड़ित को दी।

दीपक ने बताया कि जब तक लोग उनके पिता को झुलसने से बचाते और मौके तक पहुंचते तब तक उनकी मौत हो चुक थी। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर शव कब्जे में लेने की कोशिश की मगर परिजनों ने पुलिस से कड़ा विरोध जताया और करीब एक घंटे तक शव को घटनास्थल से उठने नहीं दिया। जिसके बाद पुलिस अधिकारीयों के समझाने पर परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# शादी का झांसा दे तलाकशुदा महिलाओं को ठगने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस थाना बीपीटीपी प्रभारी अर्जुन देव की टीम ने 5 साल से फरार चल रहे एक बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी को बलात्कार तथा करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम आकाश है जिसकी उम्र करीब 48 वर्ष है। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है जो तलाकशुदा महिलाओं को अपने झांसे में लेकर उनके साथ बलात्कार तथा धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देता है। महिला पुलिस थाना सेंट्रल में वर्ष 2017 में फरीदाबाद की रहने वाली एक 45 वर्षीय महिला ने शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया तथा साथ ही उसके 70 लाख के फ्लैट को बेचकर उसके पैसे हड़प गया तथा एक अन्य फ्लैट पर उसने महिला के नाम पर लोन उठाया तथा उसके पैसे भी ले गया। इसके पश्चात महिला ने जब उससे शादी करने के लिए कहा तो वह फरार हो गया। महिला की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई परंतु आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए जगह बदल बदल कर रहने लगा। वर्ष 2018 में आरोपी को पीओ घोषित किया गया था जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार रेड कर रही थी। अंततः बीपीटीपी थाना प्रभारी अर्जुन देव की अगुवाई में गठित पुलिस टीम आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# सैनी इंडिया ने अपनी टेक्नोलॉजी को मजबूत किया

## सभी प्रोडक्ट्स विशेष रूप से भारतीय ग्राहकों और एप्लीकेशन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



निर्माण मशीनरी के अग्रणी निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं में से एक सैनी इंडिया ने, एक्सकॉन में अत्याधुनिक उत्पादोंको लांच करने के लिए तैयार है। इस मेगा इवेंट में सैनी की भागीदारी 22 नए उत्पादों के लांच के साथ एक नई मिसाल कायम करेगी, जिनमें से अधिकांश का निर्माण भारत में मेक इन इंडिया पहलका समर्थन करते हुए किया है।

सभी नई मशीनों को विशेष रूप से भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जो कि भारतीय बाजार और ग्राहकों की भावनाओं के बारे में कंपनी की गहरी समझ को दर्शाता है और इन उत्पादों को एक अद्वितीय बढ़त प्रदान करेगा और इसे वैल्यू फॉर मनी प्रस्ताव बना देगा। इन सभी उत्पादों को एक्सकॉन में प्रदर्शित किया जाएगा। मेगा ट्रेड फेयर उपकरण निर्माताओं, ग्राहकों, फाइनेंसरों और पॉलिसी मेकर का जोड़ है जो उनके लॉन्च के लिए एक विशेष मंच प्रदान करता है। सैनी के तकनीकी रूप से नए उत्पाद एडवांसड डिजाइन, ऐस ऑफ ऑपरेबिलिटी और विश्वसनीयता के साथ आएं है जो अपने नेटवर्क के माध्यम से पूरे भारत में जल्द ही उपलब्ध होंगे। सैनी इंडिया एंड साऊथ एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक गर्ग ने कहा, हम पिछले दो वर्षों के लम्बे समय से इस आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह एक ऐसा आयोजन है जो न केवल प्रतिभागियों की संख्या के मामले में विशाल है बल्कि इसमें भीड़ का सही मिश्रण है, जो हमें अपने ब्रांड की बेहतरीन तरीके से दिखाने और हमारे ग्राहक आधार का विस्तार करने में मदद करता है। सैनी के प्रोडक्टड लॉन्च के बारे में उन्होंने आगे कहा कि हमने एक्सकॉन के पिछले एडिशन में कई प्रोडक्टों को लॉन्च किया है। जिससे प्रतिक्रिया काफी आश्वस्त करने वाली रही है, हम इस वर्ष पहले के समान अभूतपूर्व प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं। चूंकि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सर्वोच्चता आज बाजार में मजबूत है, इसलिए हम इस आयोजन में तथा इसके पश्चात रिकॉर्ड संख्या में बुकिंग की उम्मीद करते हैं।

## अब तक लगीं 40 लाख 24 हजार 324 डोज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में 73936 लोगों को बूस्टर डोज भी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4024324 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है।

जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि गत मंगलवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1365529 लोगों को पहली और 1111599 लोगों को दूसरी और 7825 लोगों को बूस्टर डोज दी गई।

# डबुआ सब्जी मंडी में हुआ करोड़ों का घोटाला : नीरज शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिनके** पापा करते थे सरकारी नौकरी और जीवन में आज तक जिन्होंने नहीं बेची सब्जी उन्हें भी मिल गई थी सब्जी मंडी में फड़। यह कहना है विधायक एनआईटी फरीदाबाद नीरज शर्मा का।

शर्मा मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में पूर्व पार्षदों को भी फंड आवंटित कर दिए जबकि जिंदगी में उन्होंने कभी सब्जी नहीं बेची, सीएम विंडो के एमिनेंट परसन तक को फड़ दे डाला। लगभग 100 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान उठाया था और उन्हीं की पहल पर विधानसभा अध्यक्ष ने तीन विधायकों की कमेटी का गठन कर मामले की जांच के आदेश दिए थे। शर्मा ने कहा कि जिनके दहेज में आई थी मर्सिडीज उनको भी दे दी गई फड़ लेकिन बात सिर्फ पैसे की नहीं है 700 गरीब सब्जी विक्रेताओं के साथ मनोहरलाल सरकार ने भद्दा मजाक किया है। आमतौर पर भाजपा सरकार पारदर्शिता की बात करती है लेकिन इस पूरी आवंटन प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को ऐसे समझा जा सकता है कि इस मामले की वीडियोग्राफी तक नहीं कराई गई। शर्मा ने कहा कि जब ये फड़ आवंटन किया गया तब तमाम नियमों को ताक पर रख दिया गया था। 6 जुलाई 2019 को किए गए इस आवंटन में कम से कम सौ करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है और विधायक शर्मा ने इस मामले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग भी की।

हालांकि सोमवार को विभाग की ओर से इस मामले में संलिप्त पाए गए सात अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच कमेटी की बैठक में हिस्सा लेने के बाद बाहर निकले विधायक नीरज शर्मा ने हालांकि कमेटी की कार्रवाई को गोपनीय बता कर उसकी जानकारी देने से इंकार कर दिया लेकिन शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रेहड़ी पटरी वालों को पुनर्स्थापित करने की योजना है यह घोटाला उस पर भी वज्रपात करता है।

शर्मा ने कहा कि जो लोग वास्तव में सब्जी बेचने का काम करते हैं उनको तो ये फड़ अलॉट नहीं किए गए बल्कि तत्कालीन मंत्रियों, विधायकों, नेताओं और अफसरों के चहेतों को इन फड़ की बंदरबांट कर दी गई। शर्मा ने कहा कि सिर्फ डबुआ सब्जी मंडी में ही नहीं बल्कि ओल्ड फरीदाबाद की सब्जी मंडी में भी ऐसा ही फड़ वितरण घोटाला हुआ है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण: डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने जिला फरीदाबाद में आगामी 28 से 30 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण आठवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए खेल परिसर, व्यायामशालाओं व अन्य उपयुक्त स्थानों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिस अधिकारी को जो भी दायित्व मिले उसे निश्चित रूप से निर्धारित समय पर पूरा करें। डीसी ने कहा कि प्रशिक्षण में जिला के खेल परिसर, सभी व्यायाम शाला एवं अन्य उपयुक्त स्थानों में पर शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्राइवेट स्कूलों के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई आई और डीपीआई को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा संबंधित जिला की योग समितियों के योग शिक्षक, विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण सायं 6 से 7:30 तक दिया जाएगा।

# कुरुक्षेत्र रैली प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देगी

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर मगंलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को सबोंधित करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा की जून माह में होने वाले पंचायत एवं निकाय चुनाव में पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ेगी और हर जगह अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी, इन चुनावों में राज्य स्तरीय एवं स्थानीय मुद्दे अहम रहेंगे, क्योंकि प्रदेश की मौजूदा भाजपा व जजपा सरकार के कार्यकाल में आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया गया है, जिसका वे इन चुनावों में उल्लेख कर सकें।

उन्होंने कहा की 29 मई को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली काफी अहम होगी और यह प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देगी। इस रैली को लेकर जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी जोश है, वही आम लोगों में भी इसके लिए भारी उत्साह है। फरीदाबाद से हलके से भारी संख्या में लोग खासकर महिलाएं इस रैली में शिरकत करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस समय बेरोजगारी, महंगाई, बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य अहम मुद्दे हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सड़कें, गंदगी, टूटी हुई गलियां, स्ट्रीट लाइट आदि भी अहम मुद्दे रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर के साथ आमजन तक पहुंच कर लोगों को इस रैली में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं और लोगों का भी काफी समर्थन इसके लिए मिल रहा है, लोग प्रदेश में एक बदलाव की उम्मीद से अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। क्योंकि अब तक प्रदेश में जिस किसी भी पार्टी की सरकार रही है उसने विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ अपना और अपने लोगों का ही विकास किया है। और अब सत्ता प्राप्ति के लिए विभिन्न दलों में आपस में काफी खींचातानी चल रही है।

# औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए जर्मनी भेजे जाएंगे हरियाणा के युवा

## प्रदेश के 700 प्रशिक्षुओं को पहले सिखाई जाएगी जर्मन भाषा

## आईटीआई मुशैदपुर के इन प्रशिक्षुओं के लिए तैयार हो रही विशेष योजना

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार ने हरियाणवी युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण की विशेष योजना तैयार की है। जिसके तहत आईटीआई के युवाओं को जर्मनी भेजकर उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण में पारंगत किया जाएगा। वहां भाषा संबंधी किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए पहले यहीं पर इन युवाओं को जर्मन भाषा भी सिखाई जाएगी। जर्मन कंपनी के साथ यह करार हो चुका है। जर्मनी भेजे जाने वाले युवाओं में गुरुग्राम जिला के मुसैदपुर गांव की आईटीआई के 700 प्रशिक्षु शामिल हैं।

समय के साथ तकनीक में हो रहे बदलावों व खुले वैश्विक बाजार के चलते भारत में आ रही उन्नत विदेशी तकनीकों में प्रदेश के युवाओं को पारंगत करने के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने जर्मन कंपनी के साथ 3 वर्ष के लिए एमओयू साइन यानी करार किया है। आटीआई का कोर्स दोनों देशों में पूरा कराया जाएगा।

यानी भारत में प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को कुछ अवधि के लिए जर्मनी भेजा जाएगा, जहां वे संबंधित कंपनी की औद्योगिक इकाइयों में उच्च गुणवत्ता वाली तकनीक का ज्ञान प्राप्त करेंगे। ट्रेनीज को प्रशिक्षण के दौरान वेतन भी प्रदान किया जायेगा, इसके साथ-साथ प्रशिक्षण के पश्चात वहीं रोजगार के बेहतर अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को जर्मन तकनीक में प्रशिक्षित करने के लिए गुरुग्राम जिला के फर्रुखनगर ब्लॉक स्थित मुसैदपुर गांव के आईटीआई भवन में स्किल एन्हांसमेंट सेंटर की शुरुआत भी की जाएगी।



गुरुग्राम स्थित आईटीआई में जागरुकता कार्यक्रम में बोलते हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक आरसी बिढान और अन्य अधिकारी।

### कौशल विकास की वृद्धि के लिए हो रहा काम

**औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गुरुग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक आरसी बिढान ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के युवाओं में कौशल विकास की वृद्धि के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम करने के लिए पलवल में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। वहीं विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में अप्रेंटशिप के माध्यम से उन्हें बेहतर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने औद्योगिक संगठनों को विश्वास दिलाया कि उत्पादन वृद्धि के लिए उन्हें उत्तम ओर कौशलयुक्त मैनपावर उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने औद्योगिक संगठनों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए बेहतर सुविधा तथा उत्तम प्रशिक्षण प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को विशेष इंसेन्टिव प्रेरणा स्वरूप प्रदान करे।

### शॉर्ट टर्म कोर्स प्रस्तुत करने का भी आमंत्रण

**श्री** बिढान ने औद्योगिक संस्थानों से उनकी मांग अनुसार शॉर्ट टर्म कोर्स प्रस्तुत करने का भी आमन्त्रण दिया। उन्होंने कहा कि यदि औद्योगिक संस्थान इस दिशा में आगे बढ़ते हैं तो प्रशिक्षण के पश्चात छात्र-छात्राओं को रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी। वहीं वे उद्योगों की हर कसौटी पर भी खरे उतरेंगे। कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम के प्राचार्य जयदीप कादयान ने विस्तार पूर्वक अप्रिन्टशिप अधिनियम 1961 के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफइंडियन इंडस्ट्रीज हरियाणा के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी, जीआईए के अध्यक्ष जेएन मंगला, लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन, गुरुग्राम के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा, उद्योग विहार चैंबर ऑफइंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अनिमेष सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की दीवार और पेड़ गिरे चार गाड़ियां क्षतिग्रस्त



गुरुग्राम के सेक्टर-48 स्थित पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की गिरी दीवार के मलबे में दबी गाड़ियां।

**गुरुग्राम।** सोमवार की देर रात आई आंधी और बारिश से सेक्टर-48 स्थित पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की गिर गई। इसमें रिटायर्ड सेशन जज की गाड़ी समेत चार गाड़ियां दबकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय कोई व्यक्ति इस जर्जर दीवार के पास नहीं था। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और हादसे की जांच शुरू की। लोगों ने आरोप लगाया कि इस दीवार में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, इसलिए यह दीवार असुरक्षित है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-48 में पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी व आरोन विला सोसायटी एक साथ बनी हैं। दोनों के बीच में यह दीवार है। सोमवार देर रात को 12 फुट ऊंची और 50 फुट लंबी पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की दीवार साथ लगती आरोन विला सोसायटी की तरफ जा गिरी। इस दीवार के साथ वहां लगे पेड़ भी दब गए।

इस घटना में विला नम्बर-5, 6 और 7 में रहने वाले निवासियों की गाड़ियों के साथ रिटायर्ड सेशन जज आरएस विर्क की इनोवा करेस्टा नंबर-एचआर-26-सीएन 0023), डॉ. आयुषी की किया कार नंबर-एचआर-12एपी-7264, रामफूल नेहरा की क्रेटा कार नंबर-एचआर-26-डीई-9745 और एक कोरियन कम्पनी की गाड़ी इको स्पोर्ट नंबर-एचआर-26-सीयू-2699 दबकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

सबसे गम्भीर बात यह है कि इस जर्जर दीवार और असुरक्षित पेड़ों की बार-बार शिकायत के बावजूद पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी मैनेजमेंट ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। आरोन विला के निवासियों का कहना है कि वे पार्श्वनाथ ग्रीन सोसायटी की मैनेजमेंट की शिकायत अब मुख्यमंत्री से करेंगे। ग्रीवेंस कमेटी में भी यह मामला उठाया जाएगा। आरोन विला के निवासियों में बेहद रोष है।

## संक्षिप्त-समाचार

### पुलिस कर्मियों ने बुजुर्ग को नोटों से भरा पर्स लौटाया



**सोहना।** सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस की टीम एक बाद एक आम नागरिकों को ईमानदारी की मिसाल दे रही है। बाईपास चौक पर गिरा 85 वर्षीय बुजुर्ग का 29600 रुपये समेत जरूरी कागजात से भरा पर्स लौटाया। इससे पहले महिला को उसका 28800 रुपये लौटाए थे। पुलिस में तैनात ऐसे कर्मचारी और अधिकारी हैं जिनके नेक किए कार्य समाज को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं। सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक पर तैनात जेडओ एएसआई धर्मबीर व उसकी टीम में शामिल पुलिस कर्मी व होमगार्ड कर्मचारी एक बाद एक ईमानदारी की मिसाल बना रहे हैं। उनकी यह मिसाल समाज में रहने वाले युवाओं से लेकर बुजुर्गों को नेक कमाई का पाठ पढ़ा रहे हैं। जिला पलवल के गांव घूघेरा निवासी 85 वर्षीय चौधरी इंद्रपाल और उसके परिजन सोमवार शाम को गुरुग्राम से अपने घर घूघेरा सोहना होकर जा रहे थे। बाईपास चौक पर उनका पर्स किसी तरह से सड़क किनारे गिर गया। बाईपास चौक पर तैनात होमगार्ड संदीप की नजरें पर्स पर पड़ गईं। उसने जेडओ एएसआई धर्मबीर को सूचना दी। बुजुर्ग चौधरी इन्द्रपाल को मंगलवार सुबह सोहना आने पर उसके पर्स नकदी और जरूरी कागजातों समेत लौटा दिया। जेडओ ट्रैफिक पुलिस के एएसआई धर्मबीर ने बताया कि इससे पहले करीब एक सप्ताह पहले महिला का पर्स भी इसी चौक पर गिरा था। जिसमें 68800 रुपये की नकदी थी। महिला से उनका सर्म्पक पर्स तलाश कर के दौरान हुआ था। जिसे उसका पर्स भी नकदी समेत लौटा दिया था।

### जीयू के नौ छात्रों ने पास की ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीटुड टेस्ट परीक्षा



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के पहले बैच के अंतिम वर्ष (2018-2022) के 9 छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीटुड टेस्ट पास किया है। सभी छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीटुड टेस्ट पास कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विवि के फार्मेसी विभाग के 9 छात्र अभिनव, तनीषा, प्रज्ञा, जतिन, भगीरथ, आशीष, गगन, शीतल, अंकित ने टेस्ट पास किया। फार्मेसी विभाग के छात्र अभिनव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया परीक्षा में 145वी रैंक हासिल की। विवि के फार्मेसी विभाग के प्रवक्ता ने बताया की ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टिट्यूड टेस्ट एम. फार्मा प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। यह परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात छात्र एक अच्छे शिक्षण संस्थान केएम फार्मा प्रोग्राम में प्रवेश ले सकता है। विवि के प्रवक्ता ने बताया कि 2018 तक टेस्ट अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा आयोजित किया था। वर्ष 2019 से एनटीए इस टेस्ट का आयोजन कर रहा है। यह परीक्षा संस्थानों को परास्नातक (एम.फार्मा) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए उपयुक्त फार्मेसी स्नातकों का चयन करने की सुविधा प्रदान करती है।

### पंचकूला में भारी संख्या में पहुंचे बिजली कर्मी



**सोहना।** ऑल हरियाणा पावंर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन ने 15 जून को पंचकूला में कौशल रोजगार के विरोध में होने वाले प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया। यूनियन कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में पंचकूला पहुंचने का आश्वासन दिया है। मंगलवार को शहर की अग्रवाल धर्मशाला में ऑल हरियाणा पावंर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन कार्यकर्ताओं की बैठक विजय की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर विनोद शर्मा, राज्य सचिव, बिजेन्दर फोगाट, शमून खान आदि मौजूद थे। उपप्रधान जितेन्द्र तेवतिया ने राज्य सरकार द्वारा लागू किया कौशल रोजगार से युवाओं का भला होने वाला नहीं है। राज्य सरकार ने इस नियम को लागू करके अपना रोजगार देने की प्रक्रिया पूरी की है। लेकिन स्थाई रोजगार नहीं है। शिक्षित युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है। तेवतिया ने कहा कि सरकार रोजगार देना ही चाहती है तो पहले विभागों में खत्म किए जा रहे पदों को फिर से लागू करे। उसके बाद उन पदों पर स्थाई भर्ती की जाए। उन्होने कहा कि 9 जुलाई को बिजली मंत्री रणबीर सिंह चौटाला के निवास पर प्रदर्शन किया जाएगा। सोहना यूनिट से पूरा समर्थन देने हुए भारी संख्या में पंचकूला पहुंचने का आश्वासन दिया।

## केजरीवाल की कुरुक्षेत्र रैली प्रदेश की राजनीति को देगी नई दिशा

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट का कहना है कि जून माह में होने वाले पंचायत एवं निकाय चुनाव में पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ेगी और हर जगह अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी। इन चुनावों में राज्य स्तरीय एवं स्थानीय मुद्दे अहम रहेंगे, क्योंकि प्रदेश की मौजूदा प्रदेश सरकार के कार्यकाल में आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया है, जिसका वे इन चुनावों में उल्लेख कर सकें। अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि 29 मई को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुरुक्षेत्र में होने वाली अब बदलेगा हरियाणा रैली काफी अहम होगी।

# लक्ष्य प्राप्ति को पूरी लगन से मेहनत करें खिलाड़ी : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विभिन्न** खेलों में पदक जीतकर लौटे गुरुग्राम के खिलाड़ियों का मंगलवार को विधायक सुधीर सिंगला व उनकी पत्नी सुनीता सिंगला ने अपने निवास स्थान पर स्वागत किया। उन्हें मेडल जीतने की बधाई देने के साथ सिंगला दंपति ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का घर बुलाकर किया स्वागत

मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों में सबसे पहले नरेश कुमार कोच सात बार नेशनल चैम्पियन और नेशनल रिकॉर्ड होल्डर 2022 हैं, जिन्होंने 2 जनवरी 2022 को नेशनल चैंपियनशिप अलवर में सिल्वर मेडल जीता। सात जनवरी को नेशनल चैंपियनशिप करनाल में दो गोल्ड मेडल जीते। केरल में 15 अप्रैल को नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, तीन मई से आठ मई के बीच मध्यप्रदेश के जबलपुर में गोल्ड मेडल जीतकर रिकॉर्ड बनाया। मात्र 8 साल की बेटी मन्नी ने करनाल में नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया।

इसी तरह 14 साल के बेटे नमन ने नेशनल चैंपियनशिप में करनाल में दो गोल्ड मेडल जीते और एक नेशनल रिकॉर्ड बनाया। कृष्णा पांच बार नेशनल चैंपियन और नेशनल रिकॉर्ड होल्डर-2022 हैं। दो जनवरी 2022 अलवर राजस्थान में गोल्ड मेडल जीता। सात जनवरी को करनाल में दो गोल्ड मेडल जीते और नेशनल रिकॉर्ड बनाया। 15 अप्रैल 2022 नेशनल चैंपियनशिप केरल में सिल्वर मेडल जीता। आठ मई को मध्यप्रदेश जबलपुर में दो गोल्ड मेडल जीते और सबसे अधिक 170 किलोग्राम वजन उठाकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया। यह रिकॉर्ड 160 किलोग्राम 2011 से वेस्ट बंगाल के खिलाड़ी के नाम था।



गुरुग्राम में अपने निवास पर मेडल विजेता खिलाड़ियों से मिलते विधायक सुधीर सिंगला व उनकी पत्नी सुनीता सिंगला।

अब 2022 में गुरुग्राम की बेटी ने 170 किलोग्राम उठा कर इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है। इन सब उपलब्धियों वाले खिलाड़ियों को उनके गले में मेडल के साथ विधायक सुधीर सिंगला ने भविष्य में मेडल जीतते रहने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को हमेशा खेलों पर अपना फोकस रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में खेलने वाले खिलाड़ियों ने देश-दुनिया में नाम रोशन किया है। हर खिलाड़ी एक लक्ष्य लेकर खेलों के क्षेत्र में आए। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी मेहनत करें। सफलता उन्हीं को मिलती है जो अथक मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि हर अभिभावक अपने बेटे-बेटियों को किसी न किसी खेल से जरूर जोड़ें, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास सही हो।

# एमएसएमई ने पीएम मोदी के सपने को साकार किया : राज्यपाल असम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नई दिल्ली** स्थित इस्टीटयूट ऑफ इकॉनामिक स्टडीज द्वारा भारतीय अर्थ व्यवस्था के बारे में एक सम्मेलन और अवार्ड सेरेमनी का आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली पर किया गया। सम्मेलन और अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में असम के राज्यपाल पहुंचे। उन्होंने इस दौरान पुरस्कार वितरण कर अपने विचार भी रखे। कहा कि एमएसएमई ने वोकल फोर लोकल के सिद्धांत पर चल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार किया है। कार्यक्रम का आयोजन आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के सहयोग से किया गया।

### एआईएफओएम के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने कहा, वोकल फोर लोकल का सिद्धांत अपनाया

आल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने राज्यपाल के स्वागत भाषण में कहा कि एमएसएमई सेक्टर भारतीय अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। इसके पीछे वजह बताई कि 95 फीसदी व्यावसायिक गतिविधियां आज भी एमएसएमई क्षेत्र में आती है। इस अवसर पर फरीदाबाद के उद्योगपति और आकाश पॉलीटेक प्रा. लि. के श्याम सुंदर कपूर, न्यूटेक थर्मोपैक प्रा. लि. के जितेंद्र पाल शाह, मल्टीडेकर इंडिया प्रा. लि. के रामचंद्र चौधरी, आरिव प्रेसीजन प्रा. लि. के केवीआर नायर, देवाशीष इंजीनियरिंग प्रोडक्ट एलएलपी के डीके मिश्रा को इंनोवेशन और औद्योगिक क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने सभी आगंतुकों एवं पुरस्कृत उद्यमियों को बधाई दी। उन्होंने एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर को एआईएफओएम के सदस्यों के साथ बैठक कराने का आश्वासन दिया।



इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में भारतीय आर्थिक संस्थान की अध्यक्ष संगीता सिंह, भारतीय पोडिएटरी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अमर पाल सूरी, साउथ कैनरा डीसीसी बैंक के अध्यक्ष डा एमएन राजेंद्र कुमार, स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के महानिदेशक अतुल सोबती, पूर्व चैयरमेन इरडा केएन पोपली, एआईएफओएम के राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी और एआईएफओएम फरीदाबाद चैप्टर के वाइस प्रेसीडेंट आरडी वर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

वक्ताओं ने सभी उद्यमियों के बारे में बताया कि उन्होंने एमएसएमई से अपना काम शुरू किया। दिनरात मेहनत कर अपने उद्योग को बुलंदियों पर पहुंचाया है। एमएसएमई ने आयात होने वाले अनेक उत्पादों को भारत में बनाना शुरू किया है।

## 3.26 फीसदी बच्चों और 23.37 फीसदी महिलाओं को दी कृमि रोग की दवा

**गुरुग्राम।** कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा स्लोगन के साथ जिले में 23 से 29 मई 2022 के बीच चलाए जा रहे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता से जुटा है। शहरी और ग्रामीण अंचल के अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित आयु सीमा के बच्चों और युवतियों, महिलाओं को कृमि रोग की निशुल्क दवा दी जा रही है।

यहां नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 के मुख्य गेट नंबर-2 के ठीक बाहर इसके लिए काउंटर लगाया गया है, ताकि अस्पताल में आने वालों को उनकी आयु सीमा के हिसाब से दवा वितरित की जा सके।

## जॉनसन एंड जॉनसन विजन की नई कैंपेन फिल्म #DekhteRehJaoge भारत के युवाओं को देती है अपना जुनून पूरा करने की प्रेरणा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जॉनसन** एंड जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन विजन इंडिया ने हाल ही में अपना नया कैंपेन # DekhteRehJaoge शुरू किया।

कैंपेन एकदम अलग है क्योंकि इसमें वास्तव में ACUVUE® लेंस इस्तेमाल करने वालों को लिया गया है। वे बताते हैं कि इन लेंस का इस्तेमाल कर कैसे वे बेधड़क होकर नई चुनौतियों से भिड़ जाते हैं और अपनी नजर को ही अपनी पहचान बना रहे हैं। यह फिल्म ACUVUE® कॉन्टैक्ट लेंस इस्तेमाल करने वाले अलग-अलग लोगों की जिंदगी दिखाती है, जिसमें रचनात्मक आजादी की तलाश का उनका सफर दिखाया गया है। इससे युवा पीढ़ी और मिलेनियल दर्शकों को आगे बढ़ते रहने और कोशिश जारी रखने का हौसला मिलता है। इसमें दिखता है कि ACUVUE® कैसे उपभोक्ताओं को अपना असली व्यक्तित्व पहचानकर हिम्मतवर बनाना चाहता है। लोकप्रिय गीत 'इन आंखों की मस्ती' का नए और अनूठे ढंग से किया गया इस्तेमाल इस फिल्म को सम्मोहक बनाता है और इसके संदेश को बेहतरीन बैकग्राउंड भी देता है। ACUVUE® कॉन्टैक्ट लेंस



साफ नजर प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं, जो आराम भी देते हैं तथा दबकर रहने के बजाय बाहर जाकर हद से गुजर जाने का हौसला भी देते हैं।

जॉनसन एंड जॉनसन विजन में विजन केयर इंडिया के बिजनेस यूनिट डायरेक्टर टाइनी सेनगुप्ता इस पेशकश के बारे में कहते हैं, जॉनसन एंड जॉनसन विजन में हमारा उद्देश्य भारत के युवाओं को कॉन्टैक्ट लेंस के जरिये दुनिया को देखने का हिम्मत भरा नया नजरिया देना है, जो उनकी शख्सियत के हरेक पहलू को पूरा बनाता है। यह देखकर हमें खुशी होती है कि ये लेंस हमारे उपभोक्ताओं की जिंदगी के हिस्से बन गए हैं और कॉन्टैक्ट लेंस के इस्तेमाल से जुड़े भ्रम तथा हिचक दूर कर रहे हैं। ACUVUE® दुनिया भर में कॉन्टैक्ट लेंस का सबसे अधिक बिकने वाला ब्रांड है और इस कैंपेन के जरिये हम अधिक से अधिक लोगों को हिम्मत के साथ दुनिया का सामना करने के लिए उत्साहित करना चाहते हैं। भारत में अब भी कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल काफी कम है।

हमारा मकसद है कि अधिक से अधिक लोग हमारे लेंस आजमाएं, उन्हें पहनने में होने वाली आसानी तथा आराम को समझें और उनसे मिलने वाले आत्मविश्वास के आदी बन जाएं! हमारा लक्ष्य भारत में कॉन्टैक्ट लेंस की पैठ बढ़ाना और इस श्रेणी में नए यूजर लाना तथा साथ में आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आंखों की नियमित जांच की अहमियत समझाते हुए जॉनसन एंड जॉनसन विजन में विजन केयर इंडिया के नेत्र विशेषज्ञ तथा कंसल्टेंट - प्रोफेशनल एजूकेशन एंड डेवलपमेंट अशोक पांडियन कहते हैं, आंखें सेहतमंद बनी रहें, इसके लिए आंखों के विशेषज्ञ के पास जाकर नियमित रूप से आंखों की जांच कराना जरूरी है। आजकल यह ज्यादा जरूरी है क्योंकि वर्क फ्रॉम होम के दौर में स्क्रीन देखते रहने का हमारा समय काफी बढ़ गया है। ध्यान रहे कि कॉन्टैक्ट लेंस से नजर तो बेहतर होती ही है, व्यक्तित्व भी बेहतर दिखता है। इससे काम, आराम और खेलों के साथ जीवन का हरेक पहलू बेहतर हो सकता है। साथ में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है।

# दूसरे दिन भी नप के सफाई कर्मियों का धरना जारी रहा



मगलवार को भी सोहना में धरना प्रदर्शन करते नगर परिषद के सफाईकर्मी।

**सोहना।** नगर परिषद के सफाईकर्मचारियों की मांगों को लेकर दूसरे दिन भी लगातार विरोध प्रदर्शन जारी रहा। सफाई कर्मियों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर परिषद कार्यालय के बाहर दरियां बिछाकर हड़ताल शुरु की थी।

मंगलवार को नगर परिषद के सफाईकर्मचारी और कार्यालय में कार्यरत बाबूओं ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। मंगलवार को भी कार्यालय के अंदर क्लर्कों ने पेन को हाथ में नहीं लिया। वहीं सफाईकर्मियों ने बाजार में दूसरे दिन सफाईनहीं की। यूनिट प्रधान विक्रम ने बताया कि जब तक यूनियन के उच्चापदाधिकारियों के जब-जब विरोध प्रदर्शन के आदेश आते रहेंगे। तब तब आदेशों की पालना की जाएगी। उन्होने कहा कि मांगों को पूरा कराने के लिए कर्मचारी वर्ग को कमजोर न समझा जाए। कर्मचारी किसी भी सरकार के विकास में रीढ की हड्डी का काम करता है। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने कर्मचारियों की जो अंदेखी की है। उसका परिणाम कर्मचारी समय आने पर दे देगा।

## अंग बचाओ जीवन बचाओ अभियान : प्राध्यापक डॉ. दिग्विजय शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** आज के सत्र में, हम क्रिटिकल लिंब इस्कीमिया (सीएलआई) और उसके प्रबंधन के विकल्पों के बारे में चर्चा करेंगे.

क्रिटिकल लिंब इस्कीमिया (रक्त प्रवाह या ऑक्सीजन की आपूर्ति घटना) या सीएलआई एक ऐसी स्थिति है जिसमें रक्त वाहिनियों में गंभीर अवरोध होते हैं जो उल्लेखनीय रूप से बाह्यांगों जैसे कि हाथों, पैरों और टांगों में रक्त के प्रवाह को कम कर देते हैं। ये पेरिफरल आर्टरियल डिसीज की एक गंभीर अवस्था है. सरल शब्दों में इसका अर्थ है कि अंग को होनेवाली रक्त आपूर्ति बहुत ही कम हो जाती है और यदि इसकी भरपाई नहीं की जाती है तो अंग विच्छेद करना अनिवार्य हो जाता है।

**सीएलआई के विशिष्ट लक्षण क्या हैं? :** इसकी शुरुआत चलते समय दर्द से होती है और धीरे-धीरे बढ़कर यह घाव और गैंगरीन हो जाता है, वास्कुलर सर्जन्स इस स्थिति का आकलन करने के लिए रुदरफोर्ड इस्कीमिया स्कोर का उपयोग करते हैं।

**पीएडी और सीएलआई के लिए जोखिम कारक क्या हैं?** पीएडी और सीएलआई के लिए जोखिम कारकों में शामिल हैं बुढ़ापा, धूम्रपान करना, उच्च कोलेस्ट्रॉल लेवल, पुराना गुर्दे का रोग, उच्च रक्तचाप और डायबिटीज। असल में, धूम्रपान करने के कारण सीएलआई का जोखिम इतना बढ़ जाता है कि नियंत्रित प्रेशर और शुगर वाला स्मोकर मध्यम रूप से नियंत्रित प्रेशर और शुगर वाले नॉन-स्मोकर्स की तुलना में अधिक संवेदनशील हो जाता है।



**क्या सीएलआई से ग्रस्त मरीज़ों अंग विच्छेद के अलावा अन्य जटिलताओं का जोखिम होता है :** बिलकुल, सीएलआई से ग्रस्त होना हमें स्टेज 4 के अधिकांश कैंसरों या किसी हार्ट अटैक की तुलना में मृत्यु के प्रति अधिक संवेदनशील बना देता है। ऊपर दी गई स्लाइड स्पष्ट रूप से समझाती है कि सीएलआई का मरीज 5 वर्ष तक भी नहीं जी पाता और जिसके आगे सिर्फ लंग कैंसर ही आता है। यहीं पर हमारे सेव लिंब सेव लाइफ कैंपेन (अंग बचाओ जीवन बचाओ अभियान) का औचित्य ध्यान में आता है। यदि हम एंप्युटेशन्स (अंग विच्छेदों) को सीमित कर सकें तो हम जीवन बचा सकते हैं।

**सीएलआई के लिए प्रबंधन के विकल्प क्या हैं?** सीएलआई का उपचार काफी जटिल और व्यक्ति पर निर्भर हो सकता है. फिर भी, पहली प्राथमिकता है अंग को सुरक्षित करना। रक्त आपूर्ति ठीक करना लक्ष्य होता है और इसके लिए जोखिम कारकों को घटाने के साथ निगरानी में व्यायाम करना, संकरी नलिकाओं से रक्त प्रवाह को सुगम बनाने के लिए दवाएं लेना, बायपास सर्जरी, एंजियोप्लास्टी, डीप वेन को धमनि में कन्वर्ट करना, स्टेम सेल्स तक ये सभी लिंब साल्वेज प्रोग्राम का हिस्सा होते हैं. कृपया ध्यान रखें कि पैर में स्किन मसल्स जॉइंट बोन्स टेंडन्स नर्व्स और वेसेल्स होते हैं. यह एक जटिल इकाई है और इसीलिए वस्कुलर, प्लास्टिक के साथ लिंब सॉल्वेज सर्विसेस रचनात्मक उपाय हैं और एंडोक्रिनोलॉजी तथा फूट डिवाइस स्पेशलिस्ट्स के साथ ऑर्थोपेडिक्स बेहतरीन परिणाम देते हैं। यह एक सामूहिक प्रयास है। तस्वीर टखने के नीचे एंजियोप्लास्टी के बाद बहुत ही अच्छा परिणाम दर्शाती है।

# गर्भपात की आरोपी चिकित्सक व स्टाफ समेत पांच गिरफ्तार, दो फरार

## स्वास्थ्य विभाग, नूंह ने डमी गर्भवती महिला भेजकर अस्पताल में की छापेमारी

### यूपी के आगरा के ट्रांस यमुना कॉलोनी स्थित प्रिया हॉस्पिटल पहुंची टीम

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**स्वास्थ्य** विभाग की टीम ने आगरा के प्रिया हॉस्पिटल पर छापा मार कर गर्भपात कराने वाली महिला चिकित्सक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि दो आरोपी फरार हो गए। मेवात स्वास्थ विभाग को आगरा के अस्पताल में कन्या भ्रूण भी मिला है। यह जानकारी डॉक्टर अरविंद कुमार नोडल अधिकारी पीएनडीटी ने दी।

उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी आगरा के ट्रांस यमुना कॉलोनी स्थित प्रिया हॉस्पिटल संचालक डॉ. राजीव कुमार गर्भवती महिलाओं का गर्भपात कराते हैं।



जिसके बाद नूंह स्वास्थ्य विभाग ने डमी गर्भवती महिला के साथ एक टीम तैयार कर अस्पताल पर छापेमारी की। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ अरविंद ने कहा कि गर्भवती के गर्भस्थ में शिशु बेटा है या बेटी यह बताने के लिए 40 हजार रुपये में बात बन गई। दलाल ने पहले ही रुपये 20000 ऑनलाइन पेमेंट करा लिए। उसके बाद यूपी की तरफ चल दिया। अस्पताल पहुंचने पर 20000 कैश और ले लिए। स्वास्थ्य विभाग की डमी गर्भवती महिला को लिंग परीक्षण कर गर्भस्थ लड़का बताया गया। आगरा पुलिस की मौजूदगी में स्वास्थ विभाग की टीम व आगरा स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद थी। जांच के दौरान रुपये 10,000 दलाल से मौके पर रिकवर कर लिए गए। दलाल द्वारा डॉक्टर को दिए गए 10 हजार रुपये भी बाथरूम से बरामद कर लिए गए। इतना ही नहीं पीएनडीटी ने अस्पताल में जांच पड़ताल की तो पहले से ही मौजूद गर्भवती महिला का डस्टबिन में ताजा कन्या भ्रूण मिला।

यूपी-हरियाणा की टीम के साथ स्थानीय पुलिस की टीम मौजूद रही। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है जबकि दो अस्पपताल के मौके से भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दिया।

### 2016 में डाक्टर को किया था अरेस्ट

**इससे** पहले 2016 में भी प्रिया हॉस्पिटल में पीसीपीएनडीटी की टीम ने डमी को साथ ले जाकर छापा मारा था। प्रिया हास्पिटल के संचालक डॉ. राजीव कुमार सहित तीन को लिंग परीक्षण करते हुए पकड़ा था।



डीसी को ज्ञापन सौंपते बीडीपीओ और ग्राम सचिव।

# सरकार के अन्य कार्य करेंगे, लेकिन वित्तीय शक्तियों का प्रयोग नहीं

### मांगों को लेकर बीडीपीओ और ग्राम सचिवों ने सीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा

एजेंसी। नूंह।

**अपनी** मांगों को लेकर मंगलवार को जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) तथा ग्राम सचिवों ने अपनी सभी वित्तीय शक्तियों का परित्याग करने के बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम नूंह उपायुक्त अजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले सभी बीडीपीओ कार्यालय नूंह में एकत्रित हुए। यहां से जिला सचिवालय तक पैदल मार्च कर मांगों को लेकर रोष प्रकट किया। उन्होंने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि सरकार के अन्य कार्य करते रहेंगे, लेकिन वित्तीय शक्तियों का प्रयोग नहीं करेंगे।

बीडीपीओ वीरेंद्र ने बताया कि प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले जिले के सभी बीडीपीओ व ग्राम सचिवों ने पैदल रोष मार्च निकालते हुए जिला उपायुक्त को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। अपनी सभी वित्तीय शक्तियों का परित्याग बारे में सरकार को ज्ञापन देकर मांग रखी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी इस मांग पर ध्यान दे। इस दौरान इंडरी बीडीपीओ वीरेंद्र, पुन्हाना बीडीपीओ दिगंबर, नूंह बीडीपीओ कुलजीत, मनोज बीडीपीओ, सुरजीत बीडीपीओ, तोफीक अहमद जिला प्रधान नूंह ग्राम सचिव कल्याण संघ हरियाणा एवं समस्त ग्राम सचिव जिला नूंह मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व सीजोफ्रेनिया दिवसः जनजागरुकता को हुआ कार्यक्रम



**नूंह।** विश्व सीजोफ्रेनिया दिवस पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम समान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-सिविल सर्जन मानसिक स्वास्थ्य डा. आशीष सिंगला एंव मनोचिकित्सक डा. विकस के द्वारा की गई। जिन्होंने बताया कि हर 100 में से 3 लोग इस बहमारी से पीड़ित होते हैं। उप-सिविल सर्जन डा. आशीष सिंगला ने बताया कि सीजोफ्रेनिया के इलाज में एक दूसरी दिक्कत यह है कि लोगों के बीच इस बीमारी को लेकर जागरुकता बहुत कम है। सीजोफ्रेनिया शक की बीमारी है तो मरीज अपने परिवार पर भी शक करता है। मरीज को लगता है कि मेरा परिवार ही मुझे मारना चाहता है। इसलिए डॉक्टर के पास ले जाकर मुझे प्वॉइजन दिलाना चाहते हैं या दवाइयों के जरिए मारना चाहते हैं। यह मानसिक बीमारी कई बार आत्महत्या का कारण बन जाती है। बीमारी का कारण आनुवंशिक तनाव, पारिवारिक झगड़े व नशे की लत हो सकती है। ऐसे में समय से समुचित इलाज बेहद जरूरी है। इलाज शुरू होने पर 8 से 10 माह में मरीज ठीक हो सकता है। इसके साथ-साथ उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के विकारों के बारे में वहां उपस्थित अध्यापकों व छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में आमतौर पर लोग मानसिक बीमारियों की चपेट में आने वाले युवाओं को सनक या भूतप्रेत का साया समझ बैठते हैं। जबकि इसमें अपनी भावनाओं व विचारों पर मरीज का कोई नियंत्रण नहीं रहता। ऐसे मरीजों के परिजन कई बार झाडफूंक कराने में लग जाते हैं जो इनकी मानसिक स्थिति को और खराब कर देते हैं। इसलिए अंध विश्वास में न पड़कर ऐसी स्थिति में मरीज को इलाज के लिए चिकित्सक के पास ले जाएं। अंत में उन्होंने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए लोगों से समाज एवं अपने आस-पड़ोस में जागरुकता को बढ़ाने के लिए कहा। इस अवसर पर एसएमओ डा. अरविंद, मनोचिकित्सक डा. विकास और मरीज भी मौजूद थे।

### गोकशी के फरार चार आरोपी गिरफ्तार

**पुन्हाना।** पुलिस कप्तान नूंह के दिशा-निर्देशानुसार स्थानीय सिटी चौकी पुलिस गोकशी व गो तस्करी के आरोपियों को धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाए हुए है। सिटी चौकी पुलिस गोकशी से सम्बंधित आरोपियों की पकड़ के लिए लगातार दिन रात छापेमारी करके आरोपियों को धर दबोचने का काम कर रही है। सिटी चौकी पुलिस ने छापेमारी अभियान के दौरान अलग-अलग तीन पुराने मामलों में आरोपित चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। पकड़े गए आरोपियों की पुलिस को काफी समय से तलाश थी, जिन्हें सिटी चौकी पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि वर्ष 2021 के एक गोकशी के मामले में आरोपित टीमानी उर्फ हनीफ व साकिर निवासी उठावड, हथीन जिला पलवल फरार चल रहा रहे थे। सूचना मिली जिसके आधार पर उनके ठिकाने पर दबिश देकर गिरफ्तार किया। इसी तरह जनवरी माह के एक गोकशी के मामले में आरोपित सलमान पुत्र हबीब निवासी सिंगार को गिरफ्तार किया है। तीसरे मामले में आरोपित इरफान पुत्र ईसब निवासी पुन्हाना को भी गौकसी के एक मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। जिन्हें अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा। चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि इलाके में गोकशी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही होगी। गोकशी में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस विशेष अभियान चलाए हुए है। लगातार दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। गोकशी सहित अन्य मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

### 30 मई से 4 जून के बीच दाखिल होंगे नामांकन पत्र

**नूंह।** हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा नूंह नगरपरिषद व पुन्हाना तथा फिरोजपुर-झिरका नगर पालिका के आम चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नगर परिषद नूंह व नपा पुन्हाना के आम चुनाव के लिए 30 मई 2022 से 4 जून 2022 के बीच (2 मई 2022 को छोड़कर) प्रातः 11 बजे से लेकर सायं 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। रिटर्निंग अधिकारी नूंह एवं एसडीएम नूंह अश्वनी व रिटर्निंग अधिकारी पुन्हाना एवं एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा तथा रिटर्निंग अधिकारी फिरोजपुर-झिरका एवं एसडीएम फिरोजपुर-झिरका रणवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ ही नूंह नगरपरिषद व पुन्हाना नगर पालिका क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है, जिसकी सभी को पालना करनी होगी। उन्होंने बताया कि नपा पुन्हाना, फिरोजपुर-झिरका के लिए आगामी 30 मई से से 4 जून के बीच प्रातः 11 बजे से लेकर सांय 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। इस दौरान 2 जून 2022 को राजपत्रित अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। बाकी दिन 11 से 3 बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 6 जून 2022 (सोमवार) दोपहर 11.30 बजे के बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 7 जून प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक निर्धारित की गई है। इसी दिन दोपहर 3 बजे बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। साथ ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों व मतदान केंद्रों की सूची भी चस्पा कर दी जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी नूंह व पुन्हाना, फिरोजपुर-झिराक ने बताया कि नगर परिषद नूंह व नपा पुन्हाना, फिरोजपुर-झिरका के आम चुनाव 19 जून 2022 (रविवार) प्रातः 7 से सायं 6 बजे के बीच होंगे। यानी मतदाता इस दिन प्रातः 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे के बीच अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। यदि रि-पॉल की आवश्यकता पड़ती है तो 21 जून 2022 को पुनः मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 जून 2022 प्रातः 8 बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा तथा मतगणना के तुरंत बाद चुनाव परिणाम जारी किए जाएंगे।

# मच्छरजनित बीमारियों से बचाव करते रहें नागरिक : उपायुक्त

## नागरिक बीमारियों से बचने के लिए करें सभी उपाए

### घरों व कार्यालयों के आसपास इकट्ठा न रहने दें पानी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** अजय कुमार ने कहा कि मच्छर के काटने से डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी घातक बीमारियां होती हैं। उन्होंने कहा कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है।

उपायुक्त ने कहा कि मानसून में सबसे ज्यादा परेशान मच्छरों से होने वाली बीमारियां करती हैं। ऐसी ही एक बीमारी का नाम है मलेरिया। यह बीमारी फीमेल एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति में बुखार, सिरदर्द, बदनदर्द, कमजोरी, चक्कर आना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इस बीमारी से बतने के लिए व्यक्ति को पूरी तरह ढके हुए कपड़े पहनने चाहिए। इसके अलावा अपने आसपास साफ-सफाई का भी ध्यान रखें। घर के आसपास जलभराव न होने दें। समय-समय पर मच्छरों को दूर रखने के लिए घर की नालियों के आसपास स्प्रे करवाते रहें। उन्होंने कहा कि मानसून में मच्छरों से होने वाली डेंगू दूसरी गंभीर बीमारी है। डेंगू से हर साल सैकड़ों लोग अपनी जान गवां देते हैं। इस बुखार से पीड़ित व्यक्ति में सिरदर्द, रैशेज, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, ठंड लगना, कमजोरी, चक्कर आने जैसे लक्षण दिखाई देते है। डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए। इसके अलावा इन लक्षणों के नजर आते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस के अलावा मानसून में एडीज मच्छर के काटने से चिकनगुनिया होता है।

इस बीमारी के लक्षण डेंगू से मिलते-जुलते होते हैं। यह मच्छर ज्यादातर दिन के समय काटते है। सिरदर्द, आंखों में दर्द, नींद न आना, कमजोरी, शरीर पर लाल चकत्ते बनना और जोड़ों में तेज दर्द इस बीमारी के लक्षण है। इस बीमारी से बचने के लिए घर के आस-पास सफाई रखें ताकि आपके आस-पास मच्छर न पैदा हो सके। उपायुक्त अजय कुमार ने जिलावासियों से आग्रह किया है कि मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव के लिए पानी के बर्तन, टंकी, घड़ों आदि को ढककर रखें।

# फिरौती के रुपये वसूलने के लिए होटल में फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

### होडल सीआईए प्रभारी जंगशेर ने बताया आरोपी खड़ा है किसी वाहन के इंतजार में

कैलाश मंगला। होडल

**होडल** सीआईए पुलिस ने होटल में गोली चलाकर रुपये मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश करके पांच दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान पकड़े गए युवक से वारदात में इस्तेमान होने वाला हथियार व बाइक बरामद करेगी। पुलिस मामले में लिप्त अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

होडल सीआईए प्रभारी जंगशेर ने जानकारी में बताया कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि 14 मई 2022 की रात्रि को आगरा चौक स्थित पोश होटल में गोली चलाकर रुपये मांगने वाला युवक हसनपुर चौक पर किसी वाहन की इंतजार में खड़ा है। सूचना मिलते ही हनीश खान के नेतृत्व में सीआईए की टीम ने हसनपुर चौक पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। युवक ने सीआइए को अपना नाम गांव असावटा निवासी बिनोद उर्फ भोली बताया। पुलिस ने जब बिनोद को सीआईए में ले जाकर पूछताछ की तो बिनोद ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी गांव फूलबाडी निवासी राजेश व गांव कुशीपुर निवासी सन्नी के साथ मिलकर होटल मालिक से फिरौती में रुपये मांगने की एवज में षडयंत्र रचा था। उसने पोश होटल में जाकर रिसेप्शन पर मौजूद कर्मचारियों पर गोली चलाई। सीआईए प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बिनोद 2019 में पलवल के गांव लुलवाडी निवासी पीला की हत्या में भी लिप्त था।



सीआईए की गिरफ्त में बैठा होटल में गोली चलाने का आरोपी।

# देश और प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने में सभी का सहयोग जरूरी : डा. सुखवंत सिंह

## पंचकूला में स्टेट टीबी सैल ने कराई ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**छाती** रोग विशेषज्ञ एवं स्टेट टीबी कंसलटेंट डा सुखवंत सिंह ने कहा प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने में स्वास्थ्य विभाग के अलावा दूसरे विभाग सहभागी बनते हुए अपना अमूल्य योगदान दें, ताकि देश व प्रदेश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाया जा सके।

डा. सुखविंदर सिंह मंगलवार को पंचकूला में स्टेट टीबी सेल की ओर से आयोजित आनलाइन वर्कशाप में अपना वक्तव्य दे रहे थे। इस आन लाइन वर्कशाप में प्रदेशभर के जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, सहायक सूचना एवं संपर्क अधिकारियों के अलावा अनेक मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि आनलाइन जुड़कर अपने अपने सुझाव भी दिए तथा बीमारी की रोकथाम के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया गया। इस बीच टीबी रोग का ट्रीटमेंट लेवल पूरा करते हुए बीमारी को हरा चुके मरीजों ने भी अनुभव साझा किए और बताया कि बीमारी का अगर चिकित्सकों के परामर्श अनुसार इलाज लिया जाए तो मरीज ठीक हो सकता है।

इस मौके पर डा. सुखवंत सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश में से टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और नेशनल टीबी हेल्थ मिशन द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिसके चलते अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन द्वारा आरोगय साथी एप लांच किया गया है, जिसके माध्यम से टीबी रोगी इस बीमारी के निदान के लिए प्रोटोकॉल चैक कर सकते हैं। साथ ही मरीज को आहार स्वरूप मिलने वाली राशि की जानकारी भी ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस बीमारी से लड़ने के लिए मिशन द्वारा 275 टीबी डाग्नोस्टिक सेंटर तथा मरीजों को दवाओं के लिए 8084 ट्रीटमेंट स्पाट सेंटर बनाए गए हैं, ताकि मरीज को अपना इलाज कराने के लिए दूरदराज नहीं भटकना पड़े। इसके अलावा इस बीमारी की क्रिटिकल स्थिति होने पर सघन जांच के लिए रोहतक और करनाल में स्पैशल लैब बनाई गई हैं, जहां पर नमूनों की जांच की जाती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश से वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन हो। इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएं। जिसके चलते भारत सरकार द्वारा नेशनल स्ट्रैटेजिक प्लान बनाया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अलावा दूसरे विभाग भी कार्य कर रहे हैं। इसी उद्देश्य को लेकर नेशनल टीबी हेल्थ मिशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने हरियाणा में टीबी की वर्तमान स्थिति और इससे बचाव को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला।

डा. सुखवंत सिंह ने कहा कि एचआईवी पीड़ित मरीजों को टीबी की संभावना अधिक रहती है और इस बीमारी के चलते मृत्यु दर भी ज्यादा रहती है,इसके अलावा जहां टीबी के मरीज ज्यादा होते हैं,वहां भी इस बीमारी के बढ़ने की संभावना रहती है,साथ ही हवा का प्रोपर वेंटिलेशन ना होने के कारण भी इस बीमारी को बढ़ावा मिलता है।

### 14 साल तक के 28 प्रतिशत बच्चों में मिली टीबी

**डा. सुखवंत** सिंह ने बताया कि देशभर में 26 प्रतिशत केस टीबी से संबंधित हैं, जबकि देशभर में 14 साल तक के 28 प्रतिशत बच्चों में टीबी पाई गई है। टीबी से होने वाली मौतों में कमी लाते हुए नए केसों की संख्या में भी गिरावट लाना मुख्य उद्देश्य है।

# पांच को गांव गुलालता में राष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### दौड़ में सबसे कम उम्र छह व सात साल की स्कूली छात्राएं आलिया व सनव्वर लेंगी भाग

ललित गर्ग। पुन्हाना

**आगामी** पांच जून को गांव गुलालता में राष्ट्रीय स्तर की ओपन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों से प्रतिभागी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता को देखने के लिए कई राज्यों के लोग शामिल होंगे। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौड़ में सबसे कम उम्र छह व सात साल की स्कूली छात्राएं आलिया व सनव्वर रेसर भाग लेंगी।

जानकारी देते हुए गुलालता निवासी हकीम जफर पहलवान ने बताया कि उनके युवा टीम द्वारा गांव गुलालता में होने जा रही राष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों का मानसिक विकास बढ़ाने से है। आज कल का छात्र वर्ग गलत खानपान व मोबाइल युग मे फंसकर अपने शरीर की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्र वर्ग का शारीरिक व मानसिक दोनों विकास होते हैं। इस तरह की प्रतियोगिताओ से बच्चों में छुपे हुनर बाहर आ जाते हैं। जिले में आज भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन कमी है तो उन्हें तराशने की। जिन्हें समय पर उनकी प्रतिभा को जानने व उन्हें आगे आने का मौका नहीं मिल पाता।

इसलिए ऐसे आयोजनों से ऐसी छिपी प्रतिभाएं सामने आ जाती हैं। पहलवान जफर ने युवा वर्ग के लड़के लड़कियों से आह्वान है कि सभी को किसी ना किसी माध्यम से चाहे खेल, व्यायाम, दौड़, पीटी इत्यादि प्रतियोगितायो में भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया की मात्र छह व सात साल की आलिया व सनव्वर उम्र में भले ही छोटी हो, लेकिन उनका किसी बड़े रेसर से कम नहीं।

# 13 छात्राओं के खाते में लूमैक्स ने डाले 20 हजार रुपये प्रति छात्रा

## राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की गरीब प्रतिभाशाली छात्राओं की मदद को आगे आई संस्था

### संस्था प्रतिनिधि मनप्रीत ने कहा, प्रयास है कि कोई भी गरीब बेटी बीच में पढ़ाई न छोड़े

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

उपमंडल के गांव हसनपुर राजकीय कन्या उच्च विद्यालय अध्ययनरत प्रतिभाशाली छात्राओं की मदद के लिए एक निजी संस्था सामने आई है। संस्था की ओर से गरीब व होनहार 13 छात्राओं का चयन कर उनके खाते में 20 हजार रुपये प्रति छात्रा डाले गए। लूमैक्स संस्था की प्रतिनिधि मनप्रीत ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि कोई भी गरीब बेटी शिक्षा व संसाधनों के अभाव में पढ़ाई बीच में अधूरी ना छोड़े। इसीलिए उन्होंने यह मुहिम चलाई है। मंगलवार को विद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की चार छात्राओं प्राची, अंशिका, स्वीटी व तनुजा को एनएमएमएस परीक्षा में पास होने पर उनको सम्मानित भी किया गया। इस परीक्षा में चयन के बाद छात्राओं को 12वीं कक्षा तक प्रतिमाह एक हजार रुपये छात्रवृत्ति दी जाती है।

कार्यक्रम के दौरान सरदार जरनैल सिंह, पूर्व शिक्षाविद कमल सिंह सहरावत, एसएमसी प्रधान नरेश कुमार, सुखपाल, बाबूराम, आसाराम, अध्यापिका रोजी, कीर्ति, रविंद्र कुमार, अशोक कुमार, शेर सिंह, सतपाल व सुमित्रा के अलावा श्यामलाल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



चयनित 13 छात्राओं के खाते में राशि डाले जाने पर बधाई देते अध्यापकगण व संस्था प्रतिनिधि।

### वाटर कूलर और प्रकाश व्यवस्था भी हुई

**विद्यालय** के प्रधानाचार्य प्रेम सागर ने बताया कि लूमैक्स संस्था की तरफ से पहले ही विद्यालय में प्रकाश व्यवस्था कराई जा चुकी है। इस अवसर पर स्थानीय निवासी कैप्टन रणधीर सिंह सहरावत द्वारा विद्यालय में एक वाटर कूलर भेंट किया गया ताकि आगामी गर्मी के मौसम में छात्राओं को शीतल जल उपलब्ध हो सके।

# 27 को कौशल रोजगार निगम भंग करने को लेकर कर्मचारी सौंपेंगे ज्ञापन

**अंबाला।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ 27 मई को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर कौशल रोजगार निगम को भंग करने और डिट्स कर्मचारियों की सेवाएं नियमित करने व नियमित होने तक समान काम समान वेतन मिले आदि मांगों को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेगा।

संघ के जिला संयोजक नैब सिंह ने बताया कि डिट्स कर्मचारी लगातार 18 अप्रैल से कौशल रोजगार निगम पर डिट्स कर्मचारियों का जबरन पंजीकरण किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि हरियाणा सरकार कौशल रोजगार निगम का गठन करना जहां कच्चे कर्मचारियों के साथ धोखा है।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Rohit Bhasin F/o Priyanshi R/o H. No. 5F/62, First Floor, NIT, Faridabad, HR have changed her name to Priyanshi Bhasin.

I, Sumit Jhanwar S/o Satya Narayan Jhawar R/o H.No.1122, Sector-7C, Faridabad have changed my name to Sumit Jhawar.

I, Babita Kumari Lakhotia W/o Sumit Jhawar R/o H.No.1122, Sector-7C, Faridabad have changed my name to BABITA.

CHANGE OF NAME

I, Vikesh Kumar holder of Indian Passport No: M8454476 issued at Dubai on 14/06/2015 and Permanent Resident of Ho No 1082 A Maruti Vihar Chakkarpur Gurgaon Haryana and presently residing at 1803 D Block Sahara Plaza Al Nahda Sharjah do hereby change the name of my minor child Pritha holding Indian Passport No: U0597814 issued at Dubai on 27/02/2020 from Pritha to Pritha (GIVEN NAME) Chauhan (SURNAME) with immediate effect.

◆ सूचना ◆

मैं श्रीमति हसीना पत्नी स्व० साबिर खान, निवासी ग्राम पिनगवां, तहसील पुन्हाना, जिला नूंह हरियाणा मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, फैमिली आईडी, बैंक पासबुक मे मेरी जन्मतिथि 01-01-1970 अंकित है। मेरे लडके इकबाल खान के मिलिट्री रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 10-12-1962 अंकित है जोकि गलत है। मेरे लड़के इकबाल खान की माँ की जन्म तिथि 10-12-1962 के स्थान पर 01-01-1970 दुरूस्त की जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 25 मई, 2022



# सेना में भर्ती

## टूर आन ड्यूटी

**सेना** जवानों की चार वर्ष के लिए 'टूर आन ड्यूटी' पर भर्ती के लिए विचार कर रही है। भारतीय सशस्त्र बल अब जवानों की स्थाई भर्ती नहीं करेंगे। अल्पकालीन 'टूर आफ ड्यूटी'-टीओडी योजना पर विचार हो रहा है। भर्ती नौजवानों को 6 महीने प्रशिक्षण दिया जाएगा और वे साढ़े तीन साल सिपाही की ड्यूटी करेंगे। उनको चार साल का कार्यकाल समाप्त होने पर अच्छे पैकेज के साथ छुट्टी दे दी जाएगी तथा टीओडी स्थिति का एक प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। सरकार को लगता है कि यह कमियों से निपटने तथा सैनिक बलों में थोड़े अंतराल पर नए लोगों को लाने का माध्यम बन सकता है। अल्पकालीन सेवा से सरकार को पेंशन व चिकित्सा लाभों पर अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा, जबकि इन पर सबसे ज्यादा खर्च होता है। टीओडी से सेवानिवृत्त होने वाले कुछ सैनिकों को लंबी या स्थाई सेवा में लिया जा सकता है। इस योजना से पैसा बचाने तथा कर्मियों की कमी से निपटने में सहायता मिलेगी। सशस्त्र बलों में वर्तमान समय में सैनिकों की कमी है क्योंकि वैश्विक महामारी के कारण पिछले दो साल में भर्ती रैलियां नहीं हुईं। औसतन हर साल 50,000-60,000 सैनिक रिटायर होते हैं। भर्ती प्रक्रिया स्थगित होने के कारण एक लाख से अधिक सैनिकों की कमी हो गई है। वर्तमान प्रक्रिया शुरू होने, नौजवानों के चयन तथा उनके प्रशिक्षण में एक से डेढ़ साल का समय लगेगा। उस समय तक सैनिक बलों में कमी और गंभीर हो जाएगी। इस प्रकार यदि टीओडी प्रक्रिया फौरन लागू कर दी जाए तो भी इससे समस्या रातोंरात हल नहीं होगी। यदि चयन प्रक्रिया वर्तमान समय की तरह चले तो इसमें 6 महीने तथा सैन्य प्रशिक्षण में और 6 महीने लगेगे। इस प्रकार नए सैनिक एक साल में तैयार होंगे। इसके बाद प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी।




यह देखना अभी बाकी है कि नौजवान टीओडी के प्रति क्या प्रतिक्रिया करते हैं। सरसरी तौर से देखने पर उनके पास इस आकर्षक चुनौती के अस्वीकार का कोई कारण नहीं है। इसमें उन लोगों को लक्षित किया गया है जो कम से कम हाईस्कूल पास हैं। जब उनको प्रशिक्षण देकर सेवा में लिया जाएगा तथा केवल चार साल बाद रिटायर किया जाएगा तो वे अपनी आयु के बीसवें दशक मध्य में होंगे। उनके पास अच्छी बचत तथा आगे काम के लिए अच्छा प्रमाणपत्र होगा। इस अवसर से उनको भूख की समस्या से मुक्ति मिलेगी, उनको नौकरी मिलेगी तथा अंत में वे बेहतर रोजगारों के लिए प्रशिक्षित हो जाएंगे। महत्वपूर्ण बात है कि इससे उनको सड़कों पर उन परिस्थितियों से मुक्ति मिलेगी जो उनमें से अनेक को संदिग्ध गतिविधियों की ओर ले जा सकती है। इस खास योजना के बारे में कुछ विचार तत्काल दिमाग में आते हैं। यदि युद्ध शुरू हो जाए और सैन्य बलों को सीमाओं पर भेजना पड़े तो क्या होगा? क्या 6 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त टीओडी जवान सीमा पर समस्या से निपटने में सक्षम होगा? कहा जाता है कि युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार होने तथा युद्ध में सहायता व युद्धक सेवा सहायता योग्य कौशल प्राप्त करने के लिए कम से कम तीन साल का प्रशिक्षण जरूरी है। जब भर्ती नौजवान युद्ध के लिए तैयार होंगे तो उनके रिटायर होने का समय आ जाएगा। क्या सभी टीओडी भर्ती नौजवानों को केवल युद्ध सैनिक के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा? अथवा उनको सेना के भीतर अन्य कॅरियर के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा? टीओडी भर्ती नौजवानों में से अधिकांश शायद सेना में स्थाई भूमिका के लिए वापस न आएं। चार साल का कार्यकाल उनको ऐसे कौशल प्राप्त करने में सहायक होगा जिससे सैनिक के रूप में सेवानिवृत्त होने के बाद वे दूसरे कामों में जा सकेंगे।

# बिहार में औद्योगीकरण की संभावनायें

उद्योग राज्य मंत्री शाहनवाज हुसेन के अनुसार अब इस दृष्टिकोण का कोई औचित्य नहीं कि बिहार में औद्योगीकरण नहीं हो सकता है।



**धनंजय कुमार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)




दिल्ली में 12 मई को हुए बिहार निवेश सम्मेलन में अनेक प्रख्यात लोग शामिल हुए जिनमें अडानी, आईटीसी, एचयूएल, कोका कोला, अमेजन, फ्लिपकार्ट, सैमसंग, अमूल, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़, उषा मार्टिन, होंडा, एलएंडटी, अरविंद मिल्स, टाटा ब्लूस्कोप, श्री सीमेंट, अंबुजा सीमेंट, आदि शामिल थे। इनमें सर्वाधिक उल्लेखनीय लूलू ग्रुप इंटरनेशनल के चेयरमैन एम.ए. यूसुफ अली की उपस्थिति थी जो दुबई से पधारे थे। आईटीसी चेयरमैन संजीव पुरी तथा अनेक अन्य उल्लेखनीय बड़े उद्योगपति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वाधिक उल्लेखनीय व्यक्ति बिहार के उद्योग मंत्री शाहनवाज़ हुसेन ने कई ऐसी बातें कहीं जिनको हजम करना किसी कट्टर बिहारी के लिए भी कठिन होता। उन्होंने घोषणा की कि बिहार अब देश में औद्योगिक निवेश के लिए सर्वाधिक पसंदीदा स्थान है। मंत्री ने जोर देकर बताया, अब यह धारणा बदल गई है कि बिहार औद्योगीकरण के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने खासकर इस बात पर जोर दिया कि उनके दायित्व संभालने के बाद इस स्थिति में खासकर परिवर्तन आया है। जो लोग कहा करते थे कि बिहार में तो सुई बनाने का उद्योग नहीं लग सकता है, वे आज आश्चर्य से अपनी आंखें भींच रहे हैं कि इस निवेशक बैठक में इतने महत्वपूर्ण लोग एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं पटना समेत देश के अन्य शहरों, जैसे मुंबई व सूरत में रोडशों करने के साथ दुबई भी जाऊंगा। निवेशक सम्मेलन की भारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि यह दृष्टिकोण पूरी तरह बदल गया है कि राज्य का औद्योगीकरण उसकी किस्मत पर है। इसकी शुरुआत सबसे पहले एथनाल प्लांट व पेप्सी के बाटलिंग प्लांट से हो चुकी है।'

शाहनवाज़ हुसेन ने वादा किया कि मेगा फूड पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क, मेगा लेदर पार्क व आईटी पार्क स्थापना के बाद सारे भारत के नौजवान रोजगार के लिए बिहार आएंगे। हालांकि, उनकी योजनायें बहुत काल्पनिक लगती हैं, पर उनको सपने देखने के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है और कोई भी ऐसा नहीं करेगा। भले ही लोग उनके सपनों में पूरी तरह विश्वास न करें, पर वे उनके प्रयासों से प्रसन्न हैं और उम्मीद करते हैं कि इसके शानदार नतीजे सामने आएंगे। कहा जाता है कि यदि आप सपने देंखेंगे तो उनको पूरा करने के प्रयास भी करेंगे। इस कहावत के अनुसार सभी लोग उनसे सर्वोत्तम की आशा कर रहे हैं। राजनीतिक स्थायित्व को औद्योगीकरण की पूर्व शर्त माना जाता है। इसे देखते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार में 2025 तक नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में राजग सरकार के स्थायित्व पर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा, 'मेरे पूर्वानुमान पर गौर करें। वह दिन आने वाला है जब दूसरे राज्यों के नौजवान रोजगारों के लिए बिहार आएंगे।' हालांकि, इस कठिन रास्ते पर शाहनवाज़ हुसेन की प्रतिबद्धता व साहस की प्रशंसा करनी चाहिए, लेकिन संदेही लोग इसे 'जुमलों' के सिवा कुछ और नहीं कह रहे हैं। बिहार में निवेश के बारे में दृष्टिकोण बदलने का उनका दावा चाहे जो हो, बहुत से लोग इसका दोषी मीडिया को बताते हैं। मंत्री ने इस बारे में मीडिया के सवालों के जवाब भी नहीं दिए। तथ्य यह है कि बिहार में पिछले 30 साल में उद्योगों का कोई खास अस्तित्व नहीं रहा है और उनका निर्यात एक प्रतिशत से भी कम है। दूसरों की बात अलग है, बिहार में भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के राज्य अध्यक्ष नीरज कुमार तथा एशियन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के एमडी भी हुसेन के आशावाद पर विश्वास नहीं करते हैं। इस लेखक से बात करते हुए कुमार ने कहा कि राज्य में एक सड़क बनाने में कम से कम 10 साल लगते हैं, ऐसे में औद्योगीकरण ज्यादा से ज्यादा कल्पना की उड़ान ही हो सकती है। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटी जमीन का अधिग्रहण भी सबसे बड़ी बाधा है।

पुराने युग के उल्लेखनीय किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती और सर गणेश दत्ता ने जमीनों को समेकित करने का प्रयास किया, लेकिन पूर्व सरकारों ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। उन्होंने जमीन के बड़े टुकड़ों को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ कर उनको जातीय आधार पर लोगों में बांटा। आज एक उद्योग के लिए हजारों किसानों को एकत्र करना पड़ता है। ऐसे में कानून-व्यवस्था का सवाल हमेशा के लिए परेशान करने वाला बन जाता है। लेकिन हुसेन को एक समर्थक मिल गए हैं। वे पटना के प्रख्यात यूरोलोजिस्ट तथा भारतीय चिकित्सा असोसियेशन-आईएमए के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार हैं। उनका कहना है कि हुसेन अपने इरादों के प्रति गंभीर हैं और उन्होंने बिहार में औद्योगीकरण के प्रति उम्मीद जगाई है। उन्होंने अपनी ऊर्जा दवा उद्योगपतियों को एकजुट करने तथा उनके द्वारा बिहार में निवेश करने में की है। यदि केवल राज्य से बाहर दवा उत्पादन करने वाले बिहार के उद्योगपति राज्य में निवेश करने लगें तो राज्य को दवा उत्पादन का केन्द्र बनने में देर नहीं लगेगी। 120 से अधिक बिहारी दवा उत्पादक राज्य से बाहर दवाओं का उत्पादन करते हैं जिनमें से कुछ बड़े उत्पादक है। विडंबना है कि बिहारी दवाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं, पर आश्चर्यजनक रूप से निवेशक सम्मेलन में एक भी दवा कंपनी का प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। हालांकि, शाहनवाज़ हुसेन ने दवा उद्योग प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में भी उनसे निवेश का अनुरोध किया। अनजाने ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरह शाहनवाज़ ने राज्य के औद्योगीकरण को असंभव बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि पार्टी उनको हमेशा असंभव काम देती है और वे उसमें कभी विफल नहीं हुए हैं। कुछ साल पहले तक नीतीश कुमार कहते थे कि चारों ओर भूमि से घिरा होने के कारण बिहार औद्योगीकरण के अनुपयुक्त है। हुसेन ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको बिहार में उद्योगों को सभी रियायतें देने तथा उनका पूर्ण सहयोग लेने का आदेश दिया था। एथेनाल प्लांट मोदी का सपना था और बिहार उसे स्थापित करने वाला पहला राज्य बना है। कपड़ा व चमड़ा उद्योग संबंधी नीतियां बनाई जा रही हैं और उनके बन जाने के बाद इन क्षेत्रों में भी निवेश के प्रस्ताव आने लगेंगे। इस दृष्टिकोण से फूड पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क, लाजिस्टिक पार्क, चमड़ा पार्क, आदि पर काम चल रहा है। किसी निवेश बैठक में एमओयू को उसकी सफलता का पर्याय बताया जाता है, पर इसमें उनका लगभग अभाव रहा। हुसेन ने इसे तार्किक रूप प्रदान करते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल उद्योगपतियों की दिलचस्पी जानने के लिए आयोजित किया गया था। उनके द्वारा दिखाई गई दिलचस्पी बहुत महत्वपूर्ण है। हुसेन ने कहा कि मीडिया द्वारा दिखाई गई सद्भावना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है जिसने अनेक मामलों में उनकी आलोचना से परहेज किया। हालांकि, निवेश सम्मेलन में आई अनेक कमियों को सावधानी से हाशिये पर डाल दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछे जाने वाले सवाल तीखे हो सकते थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुपस्थिति अपने आप में एक विवादास्पद मुद्दा है। लेकिन इसके बावजूद शाहनवाज़ हुसेन को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि इस मुद्दे पर उन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया जिसे हमेशा बिहार में अनदेखा किया जाता रहा है। सम्मेलन में 30 बड़ी कंपनियों समेत 170 कंपनियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना मामूली उपलब्धि नहीं है।

इससे निश्चित रूप से आयोजन करने में हुसेन की क्षमता प्रदर्शित होती है और इससे भाजपा नेताओं में उनका कद बढ़ा होगा। लेकिन इससे उनको उन नेताओं को भी नियंत्रण में रखना होगा जो पार्टी में उनके खिलाफ सक्रिय हो सकते हैं। उनको इस बात का श्रेय भी दिया जाना चाहिए कि उनसे शराबबंदी पर सवाल नहीं पूछे गए। हुसेन ने कहा था कि प्रकाश झा की विख्यात 'गंगाजल' का युग अब समाप्त हो गया है और अब इनविट्रो गर्भाधान-आईवीएफ तकनीक पर हालिया हिट फिल्म 'गुड न्यूज़' का समय आ गया है। संदेश यह है कि निवेशक सम्मेलन औद्योगिक रूप से वंध्य बिहार को विनिर्माण का केन्द्र बना देगा, लेकिन सवाल है कि आखिरकार सम्मेलन को बिहार के बाहर दिल्ली में क्यों आयोजित किया गया।

# धार्मिक अर्थव्यवस्था की अपार संभावनायें



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारतीय व्यापार यात्राओं की तुलना में तीर्थयात्राएं अधिक करते हैं और शैक्षिक उद्देश्यों से यात्रा करने के मुकाबले तीर्थ यात्राओं पर अधिक खर्च करते हैं। मंदिर की अर्थव्यवस्था भारतीय बजट जितनी बड़ी है और देश का पालन-पोषण कर रही है। धार्मिक संप्रदायों - हिंदू, मुस्लिम और ईसाई - में इसकी रूपरेखा अपेक्षा से कहीं अधिक व्यापक है। यह समाज और उसके वित्तीय मानकों को बदल रहा है। एनएसएसओ सर्व का अनुमान है कि मंदिर अर्थव्यवस्था 3.02 लाख करोड़ या लगभग 40 अरब डालर तथा जीडीपी का 2.32 फीसदी है। वास्तविकता में यह उससे भी अधिक हो सकती है। इसमें फूल, तेल दीए, सुगंधें, चूड़ियां, सिंदूर, छवियां एवं पूजा के वस्त्र शामिल हैं। यह अनौपचारिक असुरक्षित श्रम की विशाल आबादी द्वारा संचालित है।

साल 2022-23 का केन्द्रीय सरकारी राजस्व 19,34,706 करोड़ है और नगदी में 24हजार करोड़ सिर्फ छह मंदिरों से एकत्रित होता है। इस देश में 5 लाख मंदिर, 7 लाख मस्जिदें और 35हजार चर्च हैं। भक्तों के रूप में उच्च पदाधिकारियों का इसमें बड़ा योगदान होता है।

साल 2021 में अयोध्या में राम मंदिर से एकत्रित किया गया चंदा 5450 करोड़ रूपए है, जो 5000 करोड़ के रक्षा बजट के लगभग बराबर है। पहले चरण में चंदा इससे अधिक हुआ था।

अन्य मंदिर हैं, त्रिमुला तिरुपति, 3023 करोड़ रूपए, वैष्णो देवी- 2000 करोड़ रूपए, अंबाजी -4134 करोड़ रूपए(साल 2019-2020 में यह राशि 5163 करोड़ थी), द्वारिकाधीश- 1172 करोड़, सोमनाथ- 1205 करोड़, स्वर्ण मंदिर-690 करोड़। गौहाटी में कामाख्या मंदिर, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि,

वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर, पद्मनाभा मंदिर, सिद्धिविनायक मंदिर एवं काशी विश्वनाथ मंदिर की भी इसी तरह भारी आमदनी है। विभिन्न मंदिरों में किया जाने वाला सोने का दान विविध रूप में तिरूपति में 130 किलो से शिरडी में 380 किलो के बीच है।

प्यू ग्लोबल एटीट्यूड सर्वेक्षण से पता चलता है कि पिछले चार-पांच वर्षों में 25 प्रतिशत से अधिक भारतीयों ने अधिक धार्मिक होने की सूचना दी है। 2007 और 2015 के बीच, भारत में धर्म को बहुत महत्वपूर्ण मानने वाले उत्तरदाताओं का हिस्सा अब 11 प्रतिशत बढ़कर 80 प्रतिशत हो गया है।

राम मंदिर आंदोलन और अदालत का फैसला गेम चेंजर बना है। इसने एक ऐसे क्षेत्र में



भारी धन डाला है जो सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से एक था। इसने मस्जिदों और इस्लामिक धर्मस्थलों के लिए भी फंडिंग को बढ़ावा दिया। महामारी के दौरान अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल, मिर्जापुर और मथुरा में मूक अचल संपत्ति में उछाल आया। सबसे पिछड़े इलाकों में जमीन की कीमतें बढ़ीं। भूमि पर प्रीमियम अभूतपूर्व है। ऐसे स्थलों पर धार्मिक गतिविधियां बनी रह सकती हैं कि नहीं, इसे देखना दिलचस्प होगा। उत्साह जबरदस्त है लेकिन क्या यह अगले औद्योगिक उत्थान को पीछे छोड़ेगा?

घरेलू धार्मिक पर्यटन विदेशी पर्यटकों की संख्या को पीछे छोड़ रहा है। नए गंतव्यों के लिए 100 करोड़ से अधिक घरेलू यात्राएं बताती हैं कि दिल्ली-आगरा-जयपुर गोल्डेन ट्रेंगल से परे मंथन हो रहा है।

एनएसएसओ के आंकड़े बताते हैं कि 55 प्रतिशत हिंदू मध्यम व छोटे आकार के होटलों को संरक्षण देते हुए धार्मिक तीर्थयात्राएं करते हैं। धार्मिक यात्रा पर खर्च 2,717 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति, सामाजिक यात्रा पर खर्च 1,068 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति, शैक्षिक यात्रा पर खर्च, 2,286 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति है। यानी धार्मिक यात्रा पर प्रतिदिन 1316 करोड़ रुपये एवं सालाना 4.74 लाख करोड़ रुपये का खर्च आता है।

एनएसएसओ का डाटा कहता है कि भारतीय व्यापार यात्राओं की तुलना में धार्मिक यात्राएं अधिक करते हैं और शैक्षिक उद्देश्यों की यात्रा के मुकाबले तीर्थयात्राओं पर अधिक खर्च करते हैं।

सरकार ने धार्मिक परिक्रमा पर्यटन की रूपरेखा तैयार की है। रामायण परिक्रमा भगवान राम के जीवन दर्शन पर आधारित है। इसके साथ ही चार धाम सड़क परियोजना भी तैयार की गई है। सरकार ने बुद्ध परिक्रमा को भी मजबूत किया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी कॉरिडोर, केदारधाम और बद्रीधाम को फिर से लॉन्च किया। सरकार जम्मू-कश्मीर में करीब 50 हजार मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रही है। किसी अन्य प्रधान मंत्री ने धार्मिक स्थलों की यात्रा को एक कार्यक्रम नहीं बनाया है। चिश्ती, औलिया, चरार-ए-शरीफ, भोपाल, दिल्ली की जामा मस्जिद और अन्य तीर्थस्थलों की दरगाहों से नकदी और अन्य प्रकार की बड़ी आय होती है। इसी तरह विभिन्न चर्चों की भी अच्छी आय होती है। अयोध्या में राम मंदिर के आंदोलन ने अधिकांश हिंदू और मुस्लिम मंदिरों की आय में वृद्धि कर दी है। हिंदू मंदिरों की कमाई कुछ हद तक पता चलती है लेकिन अजमेर दरगाह हो या अन्य मुस्लिम तीर्थस्थल, वे अनुमानित आंकड़े बताने से कतराते हैं।

पवित्र कोष राजनीति, अस्पताल प्रशासन, यहां तक कि विश्वविद्यालय के पोर्टल आदि को बदल रहा है। डिग्री हासिल करना मुश्किल नहीं है और वह पैसा घुमाने वाला कारक बन जाता है। नोटबंदी के दौरान, कुछ मठाधीश अपने व्यापक संबंधों और प्रभावी वितरण के लिए चर्चा में थे। उनकी सेवाएं भारत तक सीमित नहीं थीं। वे दुबई, कनाडा, इंग्लैंड या अन्य गंतव्यों में प्रीमियम मूल्य पर डॉलर में भी आसानी से नयी करेंसी के नोट वितरित कर सकते थे। हवाला लिंकेज मदद करते हैं।

वे बैलेंस शीट में हेरफेर करने में अच्छे हैं यहां तक कि रद्द किए गए नोटों को नयों के साथ बदल दिया गया था। हां, ये नकली धन को समायोजित करने के लिए किये जाते हैं।

## आप की बात

### सार्वजनिक परिवहन की दशा

**यह** खुशी की बात है कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने सड़कों से कब्जे हटाने तथा अवैध टेंपो, आटो आदि के खिलाफ अभियान चला रखा है। इससे अनेक स्थानों पर ट्रैफिक का आवागमन सहज जरूर हुआ है, पर आम लोगों को सार्वजनिक वाहन की दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। हालांकि, अनेक आटो, टेंपो, आदि कुछ गुंडा तत्वों और भ्रष्ट अधिकारियों की वसूली का साधन जरूर बनते हैं, लेकिन सरकारी सिटी बसें अथवा अन्य छोटे सार्वजनिक वाहनों की अनुपस्थिति में आम जनता को मजबूरी में इनका ही सहारा लेना पड़ता है। लखनऊ में मेट्रो रूट पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित करने की बात भी हो रही है। ऐसी स्थिति में आम जनता की तकलीफें और बढ़ सकती हैं। विडंबना है कि बड़े सरकारी अधिकारी और मंत्री की बात छोड़ें, छोटे-छोटे कर्मचारी तक आजकल बढ़ते वेतन-भत्तों के चलते चौपहिया वाहनों से चलने लगे हैं। इसलिए वे वाहनहीन गरीब लोगों तथा शहर में बाहर से काम के लिए आए लोगों व छात्रों की समस्यायें समझ ही नहीं सकते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार वर्तमान तकनीकी युग में ट्रैफिक का घनत्व देखते हुए उपयुक्त सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था करेगी।

- **अकबर अली**, लखनऊ

### दबंग नेताओं की सांसत

**उत्तर** प्रदेश में भाजपा की सरकार दूसरी बार बन जाने के बाद दबंग नेताओं, खासकर विपक्षी नेताओं की जिंदगी सांसत में फंस गई है। कहा जाता है कि एक विपक्षी पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को दबंगई करना ही सिखाया है और उसके आधार पर पार्टी में उनकी पदोन्नति होती रही है। लेकिन आजकल ऐसे दबंग नेता बहुत परेशान हैं क्योंकि पुलिस अब उनके खिलाफ छोटी-मोटी शिकायत पर कार्रवाई कर देती है और सत्ता चले जाने के बाद उनके बड़े नेता भी उनकी मदद नहीं कर पाते हैं। हालांकि, अनेक दबंग स्थानीय स्तर पर थाने, चौकी के भ्रष्ट पुलिसजनों से सांठगांठ बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन मोबाइल फोन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की अनेक घटनाओं के बाद चुपचाप गठजोड़ करना और कठिन हो गया है। वैसे कुछ अपवादों को छोड़ दें तो प्रदेश सरकार, प्रशासन व पुलिस मोटेतौर से निष्पक्ष ढंग से काम करती है। धर्मस्थलों से तेज आवाज करने वाले लाउडस्पीकर उतारने में सफलता सरकार की निष्पक्ष कार्रवाई का एक उदाहरण है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि भ्रष्ट पुलिसजनों के खिलाफ कार्रवाई की समुचित व्यवस्था बनाई जाए।

- **राम कुमार मिश्र**, कानपुर


### मुफ्त राशन का दुरुपयोग

**केन्द्र** व प्रदेश सरकार ने कोरानावायरस वैश्विक महामारी के समय रोजगार समाप्त होने के कारण आर्थिक परेशानी से निपटने के लिए गरीब लोगों को मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की थी। गरीब परिवारों को पहले से ही खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत सस्ता खाद्यान्न मिल रहा था। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने मुफ्त राशन की योजना का विस्तार किया है। जरूरतमंद लोगों को मिलने वाली इस सुविधा के लाभ से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन इस कटु तथ्य पर भी ध्यान देना चाहिए कि अनेक परिवार मुफ्त व सस्ते दामों में मिला सरकारी राशन छोटे दूकानदारों को बेच देते हैं। भले ही ऐसे लोगों की संख्या अधिक न हो, पर इससे करदाताओं पर अनावश्यक बोझ पड़ता है तथा सरकार का राजकोषीय घाटा भी बढ़ता है। यदि गरीबों को सीधे उनके खाते में प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण-डीबीटी से पैसा दिया जाए तो इससे सरकार पर बोझ भी कम होगा तथा गरीब परिवार इस धन का उपयोग आजादी से व निर्भय होकर दूसरे जरूरी कामों में कर सकेंगे। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

- **विमला देवी**, प्रयागराज


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**


## फरमाया



"**देश** की हर क्षेत्रीय भाषा पूजनीय है।
- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**जम्मू-कश्मीर** से अनुच्छेद 370 हटाने जैसी कार्रवाई से भारत से बात करना हमारे लिए कठिन हो गया है।
- **बिलावल भुट्टो जरदारी**
पाक विदेश मंत्री





**भाजपा** कांग्रेस नेताओं व उसके कार्यकर्ताओं के बारे में बात करती है क्योंकि वह जानती है कि क्षेत्रीय पार्टियां उसे हरा नहीं सकती हैं।
- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता"

# शहर में जुलूस निकालकर सफाई कर्मचारियों ने जताया रोष, जमकर की नारेबाजी

### रोष प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

### नगर निगम परिसर में दो दिवसीय पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल का दूसरा दिन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सोनीपत नगर निगम परिसर में दो दिवसीय पेन डाउन, टूल डाउन हड़ताल के दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान कई कई संगठनों के पदाधिकारियों ने हड़ताल को संबोधित किया। इस मौके पर हडताली कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी भी की। दूसरे दिन की पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान भारत कंडेरा व मंच संचालक इकाई सचिव राजा भाई ने किया। हड़ताली कर्मचारियों को राजीव खत्री, संदीप तूर, जयभगवान दहिया, राममेहर शर्मा आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि जब तक सफाई कर्मचारियों की मांगों का समाधान किया जाएगा, तब तक कर्मचारियों में रोष व्याप्त रहेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम को बंद किया जाए। सरकार के साथ जो कर्मचारियों का समझौता हुआ था, उसे लागू किया जाए। उन्होंने दो दिवसीय दिवसीय पेन डाउन, टूल डाउन हड़ताल को सफल बताया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार समय रहते सभी मांगों का समाधान नहीं किया तो हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में तब्दील किया जा सकता है। जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।


मांगों को लेकर शहर में जुलूस ले जाते सफाई कर्मचारी।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की मुख्य मांगें है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम को बंद करें, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करके पैरोल पर करना कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे, समान काम समान वेतन लागू हो, कोरोना काल के दौरान मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता के तौर पर पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए व मृतक के परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, कर्मचारियों को चार हजार रुपए जोखिम भत्ता दिया जाए, हटाये हुए सफाई कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिया जाए। दूसरे दिन की पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल को फायर विभाग यूनियन के जिला प्रधान संदीप तुर, जिला सचिव अमित दहिया, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, नगर पालिका यूनियन के इकाई कोषाध्यक्ष दीपक बहोत, उपसचिव कमलेश, वरिष्ठ उपप्रधान करतार सिंह, भारत बोहत, कांता, कमलेश, सननी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेता शीलक राम मलिक, जिला के प्रधान राममेहर शर्मा, जिला सचिव जय भगवान दहिया, बिजली विभाग यूनियन के जिला प्रधान बिजेंद्र कादयान ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

# मुख्यमंत्री ने किया 88 करोड़ की चार परियोजनाओं का शिलान्यास

### इन परियोजनाओं से लाखों लोगों को होगा फायदा

### विकासात्मक कार्यों से लाखों लोगों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन आएगा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने मंगलवार को अपने करनाल दौरे के दौरान स्थानीय पंचायत भवन से 88 करोड़ 29 लाख रुपये के लागत की चार विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करके करनाल की जनता को एक बहुत बड़ी सौगात दी है।

खास बात यह है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जब भी करनाल दौरे पर आते हैं, तो वे करोड़ों रुपये की लागत से बने विकास कार्यों का उद्घाटन एवं नई परियोजनाओं का शिलान्यास करके विकास की कड़ी में एक नया अध्याय जोड़ने का काम करते हैं। यूं कहिए कि करनाल में आज विकास की गंगा बह रही है। सीएम द्वारा करोड़ों रुपये के विकासात्मक कार्यों से लाखों लोगों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन आएगा।

#### 13 करोड़ 29 लाख से एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा बनाई जा रही शिव कॉलोनी स्थित आठ एमएलडी क्षमता के एसटीपी और हकीकत नगर में 10 एमएलडी क्षमता के एसटीपी पर कृषि सूक्ष्म सिंचाई के लिए समुदाय आधारित सौर ग्रिड संचालित एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई बुनियादी ढांचे की स्थापना की परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना पर करीब 13 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है।

#### श्री घंटाकर्ण महावीर मनोहर द्वार का हुआ उद्घाटन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल-इंद्री रोड पर बलड़ी बाईपास के निकट नगर निगम करनाल की ओर से बनाए गए श्री आत्म मनोहर मुनि जी महाराज की स्मृति में श्री घंटाकर्ण महावीर मनोहर द्वार का उद्घाटन करके जनता को समर्पित किया।

यह द्वार नए बस स्टैंड करनाल तथा राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 44 के पास स्थित है। इस गेट पर भव्य धौलपुर स्टोन लगाया गया है तथा इस द्वार पर 67 लाख 69 हजार रुपये की राशि खर्च हुई है। इस मौके पर जैन मुनि संस्थान के प्रतिनिधियों ने इस द्वार का उद्घाटन करने पर पगड़ी व माला पहनाकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस दौरान ये रहे उपस्थितइस अवसर पर करनाल के सांसद संजय भाटिया, घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, नगर निगम आयुक्त नरेश नरवाल, असंध के एसडीएम एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनदीप कुमार, सिंचाई विभाग तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


सीएम मनोहर लाल एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई बुनियादी ढांचे की स्थापना का शिलान्यास करते हुए।

#### 65.29 करोड़ रुपये की परियोजना से करीब 64 सौ एकड़ भूमि को होगा फायदा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने दौरे के दौरान नाबार्ड माइक्रो इरिगेशन के तहत करनाल शहर में मौजूदा 50 एमएलडी क्षमता के एसटीपी पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा किए जाए वाले सौर ग्रिड संचालित एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई बुनियादी ढांचे की स्थापना का शिलान्यास किया। इस परियोजना पर अनुमानित 65.29 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। इस परियोजना के शुरू होने से गांव रांवर, शेखपुरा, गंगोगढ़ी, ऊंचा समाना, बजीदा जटान, कुटैल, कैरवाली, अमृतपुर कलां, मुबारकाबाद, अलीपुर माजरा, कलरों, चौरा की लगभग 6400 एकड़ कृषि भूमि को फायदा होगा।

#### नौ करोड़ की लागत से बनेंगी ड्रेन

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग कैरवाली से मुंडोगढ़ी तक 903.48 लाख रुपये की लागत से ड्रेन के पुर्निर्माण परियोजना का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास, विभिन्न गांवों की कृषि भूमि को बाढ़ की समस्या से मिलेगी निजात। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की कैरवाली से मुंडोगढ़ी तक ड्रेन का पुर्निर्माण और इंद्री एस्केप की बुर्जी नम्बर 145000 से बुर्जी नम्बर 159000 तक खुदाई के लिए परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना के लिए अनुमानित 903.48 लाख रुपये की स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के पूरा होने से गांव कैरवाली, फाजिलपुर, माजरा, चौरा, दारूलामा, तात्तरपुर और बहलोलपुर की कृषि भूमि को बाढ़ की समस्या से बचाया जा सकेगा। इस परियोजना के तहत गांव चौरा में जल निकाय का भी पुर्निर्माण किया जाएगा जिससे पुर्नभरण में सहयोग होगा।

## प्रियंका गांधी व रणदीप सुरजेवाला को राज्यसभा में भेजा जाए : मधुसूदन

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को राज्यसभा में भेजा जाए ताकि वे सुचारू रूप से पार्टी का काम और पार्टी की गतिविधियों की देखरेख कर सकें। बवेजा ने कहा कि वर्ष 2024 से पहले दोनों वरिष्ठ नेताओं को राज्यसभा में भेजा जाए। रणदीप सुरजेवाला के परिवार ने देश के लिए त्याग किया है।

रणदीप सुरजेवाला कम उम्र में राजनीति में आए और विधायक बने। वो बहुत कम उम्र में यूनिवर्सिटी के सीनेट के सदस्य भी रहे थे। महज 17 साल की उम्र में सुरजेवाला को हरियाणा प्रदेश के कांग्रेस यूथ विंग का जनरल सेकेट्री नियुक्त किया गया था। 2000 में वो पहले ऐसे हरियाणा से आने वाले शख्स बने, जिसे इंडियन यूथ कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। इस पद पर वे पांच साल रहे और इतने लंबे वक्त तक रहने वाले भी वे पहले अध्यक्ष बने। साल 2004 में उन्हें कांग्रेस पार्टी में सचिव का पद दिया गया। सुरजेवाला कई बार राज्य मंत्री और कैबिनेट के सदस्य रह चुके हैं। बवेजा ने कहा कि रणदीप सुरजेवाला व प्रियंका गांधी के खिलाफ कोई एलिगेशन भी नही है। दोनों ही स्वच्छ छवि के नेता है। प्रियंका गांधी के परिवार ने भी देश के लिए अनेक कुर्बानियां दी है।

## संक्षिप्त-समाचार

### रोटरी क्लब ने प्राथमिक पाठशाला में लगवाया वाटर कूलर


गांव मथाना के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में वाटर कूलर का उद्घाटन करते समाजसेवी संदीप गर्ग व क्लब सदस्य।

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा के रोटरी क्लब ने गांव मथाना के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में आरओ सहित वाटर कूलर लगवाया। प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित सिंघल ने बताया कि इस स्कूल में 400 बच्चे पढ़ते हैं, जिसमें ज्यादातर इंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चे हैं। जिन्हें सुविधाओं की अत्यंत आवश्यकता है। इसे देखते हुए इस स्कूल में वाटर कूलर व आरओ लगवाया गया। क्लब के सचिव विकास सिंघल ने कहा कि गत सर्दियों के मौसम में इस स्कूल में सभी बच्चों को जुते व जर्सियां भेंट की गई थी और तभी बच्चों की स्थिति को और स्कूल की आवश्यकता देखते हुए मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने स्कूल में रोटरी क्लब के माध्यम से वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की और अब गर्मी के मौसम को देखते हुए इसमें वाटर कूलर लगवाया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में स्टालवार्ट फाऊंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने किया। वाटर कूलर के उद्घाटन पर मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद की जरूरतों को कुछ हद तक पूरा करना है और इसके लिए वो निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सुखद व अच्छे भविष्य के लिए उत्तम शिक्षा आवश्यक है और उसके लिए बच्चों को ध्यान लगाकर व एकाग्रता के साथ पढ़ना चाहिए और साथ ही उन्होंने रोटरी क्लब को भी उनके अच्छे कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। स्कूल इंचार्ज मंजू ने क्लब् का इस सहयोग के लिए धन्यवाद किया। मौके पर विकास सिंघल, राकेश खुराना, दुर्गेश गोयल, भूपिन्द्र सिंह, रविकांत गिरधर, दीपक सिंघल, ऋषभ सिंघल, माया देवी, सविता, सुमन रानी, कृष्ण कुमार, शोभा, मनीषा कौशिक, नीलकंठ, निर्मला देवी सहित क्लब के अन्य सदस्य, शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

### जीवीएम की छात्राओं ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी


ट्राफी के साथ कालेज प्राचार्या के साथ छात्राएं।

**सोनीपत।** दयाल सिंह कॉलेज करनाल में एन्वायरन्मेंट विषय पर आयोजित 29वें दिवान आनंद कुमार मैमोरियल स्टेट लेवल क्विज कांटेस्ट में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी जीती है। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने विजेताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। जीवीएम की बोटनी डिपार्टमेंट की प्राध्यापिका डॉ. रश्मि जावा व प्राध्यापिका डा. अनीता सैनी के निर्देशन में दयाल सिंह कालेज की बायोलॉजी एसोसिएशन एवं एन्वायरन्मेंट क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्टेट लेवल क्विज कांटेस्ट में जीवीएम की बीएससी छठे सेमेस्टर की छात्रा रीना व बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा वर्षा ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। छात्राओं ने आशाओं के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया, जिसके आधार पर उन्हें ओवरऑल ट्रॉफी से भी नवाजा गया। कॉलेज लौटने पर मंगलवार को वर्षा व रीना का उनकी प्राध्यापिकाओं सहित प्राचार्या डा. रेनू भाटिया के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। प्राचार्या डॉ. भाटिया ने कहा कि प्रदेश स्तर पर छात्राओं ने कालेज का नाम रोशन किया है, जिसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को हर प्रकार की स्पर्धाओं में हिस्सा लेना चाहिए, ताकि उनकी तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि हो।

### रविदासिया धर्म स्थानों के दर्शनार्थ बस यात्रा को किया रवाना


बस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं आशा पठानिया।

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन की ओर से रविदासिया धर्म को समर्पित बस यात्रा को मंगलवार को समाजसेविका आशा पठानिया ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। पठानिया ने प्रबंधको इस बस यात्रा के लिए बधाई दी। प्रबंधक निर्मल सरॉय ने बताया कि यह बस यात्रा गांव सुढ़पुर से शुरू होकर श्री गुरु रविदास दरबार साहिब सचखंड पांडवा फगवाड़ा, गुरु रविदास दरबार साहिब पठानकोट, गुरु रविदास दरबार साहिब जालंधर, गुरु रविदास दरबार साहिब, खुराली से चरण-छू-गंगा ऐतिहासिक धर्म अस्थान खुरालगढ़ साहिब होशियारपुर से आनंदपुर साहिब के दर्शन करके वापिस आएगी। इस मौके पर गुरमेल सुढ़पुर, नरेश अजराना, धूम सिंह, राय सिंह, सोहन लाल और शीशपाल मौजूद रहे।

## 29 मई की रैली प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा प्रदान करेगी : सुमित हिंदुस्तानी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


पत्रकारों से बातचीत करते आम आदमी पार्टी के थानेसर से पूर्व प्रत्याशी सुमित हिंदुस्तानी।

**आम** आदमी पार्टी के थानेसर से पूर्व प्रत्याशी सुमित हिंदुस्तानी का कहना है कि जून माह में होने वाले पंचायत एवं निकाय चुनाव में पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ेगी और हर जगह अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी। उनका कहना है कि इन चुनावों में राज्य स्तरीय एवं स्थानीय मुद्दे अहम रहेंगे, क्योंकि प्रदेश की मौजूदा भाजपा व जजपा सरकार के कार्यकाल में आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया गया है, जिसका वे इन चुनावों में उल्लेख कर सकें।

पत्रकारों से बात करते हुए हिंदुस्तानी ने कहा कि 29 मई को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुरुक्षेत्र में होने वाली अब बदलेगा हरियाणा रैली काफी अहम होगी और यह प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर जहां पार्टी कार्यकताओं में काफी जोश है, वही आम लोगों में भी इसके लिए भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि कालका विधानसभा हलके से भारी संख्या में लोग खासकर महिलाएं इस रैली में शिरकत करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस समय बेरोजगारी, महंगाई, बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य अहम मुद्दे हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सड़कें, गंदगी, टूटी हुई गलियां, स्ट्रीट लाइट आदि भी अहम मुद्दे रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर के साथ आमजन तक पहुंच कर लोगों को इस रैली में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं और लोगों का भी काफी समर्थन इसके लिए मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक पंचायत व निकाय चुनाव कराने से बचलती आ रही प्रदेश की सरकार को न्यायालय के आदेशों पर मजबूरी में चुनाव करवाने पड़ रहे हैं, अन्यथा यह सरकार पिछले काफी समय से इससे बचती आ रही थी क्योंकि उसे हकीकत पता है कि इन चुनावों में उसके नेताओं के लिए कुछ नहीं है।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल और मस्कट धाकड़ का होगा स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 की मशाल और मस्कट धाकड़ का कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहुंचने पर जोरदार और भव्य स्वागत किया जाएगा। इस कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए कमेटियों का गठन कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के लिए थानेसर एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अहम पहलू यह है कि इस मशाल और मस्कट धाकड़ के स्वागत के लिए 27 मई को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में सायं 6 बजे से लेकर 8 बजे तक खेलो इंडिया राहगीरी कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। उपायुक्त मुकुल कुमार ने बातचीत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने और मशाल व मस्कट धाकड़ के भव्य स्वागत के लिए 6 कमेटियों का गठन किया गया है। यह कमेटिया अपने-अपने स्तर पर सभी तैयारियां समय रहते पूरा करेंगी।

## ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा ने फिर से की जातिगत जनगणना की मांग

### कहा, बीजेपी सरकार ने 2011 में हुई जनगणना का भी ब्योरा जारी नहीं किया : रीना वाल्मीकि

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


कार्यकर्ताओं को संबोधित करती महासभा की प्रदेश अध्यक्ष रीना वाल्मीकि।

**ऑल** इंडिया अंबेडकर महासभा ने एक बार फिर जातिगत जनगणना की मांग उठाई है। महासभा की तरफ से मांग उठाते हुए महासभा की प्रदेश अध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने आरोप लगाते हुए कहा कि मालूम नहीं आखिरकार क्यो मोदी सरकार जातिगत जनगणना की मांग सुनते ही कोसो दूर भाग रही है। बीजेपी सरकार ने 2011 में हुई जनगणना का भी सामाजिक, आर्थिक स्थिति का भी ब्यौरा जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अगर देश में जातिगत जनगणना होती है, तो देश व प्रदेश की सभी जातियों की सत्यता सामने आ जाएगी। किस जाति की कितनी संख्या यह भी साफ हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि अगर जातिगत जनगणना होती है, तो उस संख्या के हिसाब से नीति निर्माताओं के लिए भी नीति बनाते समय यह आसान हो जाएगा कि किस हिसाब से नीति बनाई जाए, ताकि बेहतर ढंग से जातिगत जनसंख्या के आधार पर उस वर्ग को लाभ मिल सके। इस मामले को कई बार कई मुख्य क्षेत्रीय पार्टियां भी उठा चुकी है, लेकिन अभी तक इस पर सरकार की तरफ से कोई संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं आया है। आल इंडिया अंबेडकर महासभा के संगठन के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द इस मसले पर विचार करे और जातिगत जनगणना का रास्ता साफ करे, ताकि संख्या के हिसाब से उस जाति को लाभ मिल सके।

# मानव जाति के पथ प्रदर्शक के रूप में महर्षि कश्यप सदैव रहेंगे याद : राजीव जैन


महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते भाजपा नेता राजीव जैन।

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत

### सीएम के पूर्व मीडिया सलाहकार ने महर्षि कश्यप जयंती की बधाई देते हुए किया नमन

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने महर्षि कश्यप की चरण वंदना करते हुए उनकी जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप मानव जाति के पथ प्रदर्शक के रूप में सदैव अविस्मरणीय रहेंगे।

पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपाई नेता राजीव जैन मंगलवार को कामी रोड स्थित हनुमान नगर में आयोजित महर्षि कश्यप जयंती महोत्सव में शामिल श्रद्धालुओं को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। हनुमान नगरवासियों व कश्यप समाज के तत्वावधान में महर्षि कालू बाबा के सान्निध्य में कश्यप जयंती के मौके पर आयोजित 14वें भंडारे का शुभारंभ करते हुए कहा कि कश्यप ऋषि एक वैदिक ऋषि थे। इनकी गणना सप्तर्षि गणों में की जाती है। हिंदू मान्यता अनुसार इनके वंशज ही सृष्टि के प्रसार में सहायक हुए। भारत में हिंदू धर्म की उपजाति कश्यप इनकी ही वंशज मानी जाती है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने कहा कि महर्षि कश्यप ने मानव कल्याण को प्राथमिकता दी। उनके संदेशों और शिक्षाओं में भी जन कल्याण निहित रहा है। उन्होंने जनसमूह को प्रोत्साहित किया कि वे महर्षि कश्यप के संदेशों और शिक्षाओं को आत्मसात कर अपने जीवन को सफल बनायें।

#### सभी जीवधारियों की हुई उत्पत्ति कश्यप ऋषि से

मुख्यमंत्री पूर्व सलाहकार जैन ने कहा कि कश्यप ऋषि का उल्लेख ऋग्वेद में हुआ है। भागवत पुराण और मार्कण्डेय पुराण के अनुसार कश्यप की तेरह पत्नियां थी और मत्स्य पुराण के अनुसार नौ। एक परंपरा अनुसार देवता, दैत्य, दानव, यक्ष, गंधर्व, रक्षा व नाग इन सभी जीवधारियों की उत्पत्ति कश्यप से हुई।

#### महर्षि कश्यप के कहने से परशुराम रहने लगे महेंद्र पर्वत पर

पूर्व सलाहकार ने कहा कि एक बार समस्त पृथ्वी पर विजय प्राप्त कर परशुराम ने पृथ्वी कश्यप मुनि को दान कर दी। तब कश्यप मुनि ने परशुराम को कहा कि अब तुम मेरे देश में मत रहो। अत: गुरू की आज्ञा का पालन करते हुए परशुराम ने रात को पृथ्वी पर न रहने का संकल्प किया। वे प्रति रात्रि में मन के समान तीव्र गमन शक्ति से महेंद्र पर्वत पर जाने लगे।

## महर्षि के आदर्शों का करें अनुसरण : रंगा


स्वीटी रंगा को स्मृति चिह्न भेंट करती महिलाएं।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**सृष्टि** रचयिता महा ऋषि कश्यप की जयंती स्टेशन माजरी और गांव नलवी में हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम में स्वीटी रंगा ने बतौर मुख्यातिथि हवन यज्ञ और भंडारे में शिरकत की।

स्वीटी रंगा ने कहा कि हम सब को महर्षि कश्यप के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए, तभी यह जयंती मनाने का मनोरथ सफल होगा। उन्होंने कहा कि आज हम सब मिल कर संकल्प लें कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाएं। विशेषकर लड़कियों की शिक्षा के लिए आगे आकर उनका भविष्य बनाएं।

महर्षि कश्यपजी के आदर्शों पर चल कर समाज में निस्वार्थ भाव से सेवा करें और एक दूसरे का सहयोग करें। मिहा सिंह रंगा ने विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि यदि कोई युवा नशे जैसी महामारी से ग्रस्त है, तो उस बीमारी को दूर करने का प्रयास करें। इस अवसर पर काफी संख्या में मातृशक्ति, कमेटी के सभी सम्मानित सदस्य, बच्चे, सम्मानित बुजुर्ग मौजूद रहे।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जिसे छूती हो वो सोना हो जाता है,
ये बंदा तुम्हारे हाथों का खिलौना हो जाता है,
बहुत शोर सा रहता है जब अकेला होता हूं,
तुम्हारे आते ही शांत मन का कोना हो जाता है।

# बिजली तारों में स्पार्किंग से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

## एसडीओ ने दिया स्थाई समाधान का आश्वासन, मौके का किया मुआयना

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**लोगों ने कहा, विद्युत स्पार्किंग के चलते क्षेत्र एक घर में पहले लग चुकी है आग**

**स्थानीय लोग संबंधित अधिकारों से कई बार कर चुके हैं शिकायत**

**शहर** के गढ़ी घसीटा में पिछले काफी समय से पवन पकोड़े वाले की दुकान के सामने लगे बिजली के खम्भे पर बिजली की तारों में स्पार्किंग की समस्या बनी हुई थी। जिसके चलते स्थानीय निवासियों ने सम्बंधित अधिकारों को कई बार शिकायत कर चुके हैं, परन्तु बिजली निगम के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। तारों में हो रही स्पार्किंग की समस्या से तंग आकर स्थानीय निवासियों ने मंगलवार को इंद्रा कॉलोनी स्थित बिजली निगम के कार्यालय पर सांकेतिक धरना देकर रोष प्रदर्शन किया।

स्थानीय निवासी एडवोकेट सौरभ सचदेवा, रीना, ज्योति आदि ने बताया की बिजली के तारों में स्पार्किंग की बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। जिसके चलते एक घर में पहले आग तक लग चुकी है। उन्होंने कहा कि बिजली की तार घरों के लेंटर को छूकर जा रही हैं, जिससे घरों में करंट आ जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले इसी कारण एक जवान मौत भी हो चुकी है। तारों में स्पार्किंग होने से गढ़ी घसीटा निवासी डर के साये में जीवन व्यतीत करने को विवश हैं। स्थानीय निवासियों ने कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं होता तो अब हम चुप नहीं बैठेंगे और डीसी कार्यालय में धरना देंगे।

इस अवसर पर कमल हसीजा, ज्योति मदान, इशांत वधवा, सोनू तनेजा, जतिन मदान, जीतू मदान, रीना ढोचक, सीमा, हेमा आदि स्थानीय निवासी मौजूद रहे।


बिजली निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते गढ़ी घसीटा के निवासी।

### दस दिन में होगा समस्या का समाधान

सांकेतिक धरने पर पहुंच कर सम्बंधित बिजली निगम के एसडीओ ने समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया एवं उसी समय मौका का मुआयना भी किया। एसडीओ ने कहा कि 10 दिन में नई तारों का एस्टीमेट बना कर समस्या का स्थाई समाधान करा दिए जाएगा।

# राज्य स्तरीय समारोह में महर्षि कश्यपमय हुआ पूरा करनाल

**दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**मुख्य मंच पर लगी महर्षि कश्यप की मूर्ति बनी आकर्षण का केंद्र**

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल


महर्षि कश्यप की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर आशीर्वाद लेते हुए सीएम।

**दानवीर** कर्ण की पावन नगरी में आयोजित महर्षि कश्यप जयंती राज्य स्तरीय समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए करनाल की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था निर्मल कुटिया की ओर से लंगर व जलपान की व्यवस्था की गई। इस दौरान खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल के सांसद संजय भाटिया, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण व मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल के साथ लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। महर्षि कश्यप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

सुबह नौ बजे से ही अपने-अपने वाहनों व पैदल लोग अनाज मंडी में लगे पंडाल में पहुंचना शुरू हो गए थे। मुख्यमंत्री के आने तक पंडाल खचा-खच भीड़ से भर गया। यहां तक की पंडाल के पास में लगे लंगर हाल तक चारों तरफ भीड़ ही भीड़ थी। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही महर्षि कश्यप के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। इस विहंगम दृश्य को देखकर मुख्यमंत्री व वहां मौजूद अतिथि प्रफुल्लित हो गए।

इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया, सांसद रतन लाल कटारिया, सांसद नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, नरवाना से विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा, पानीपत ग्रामीण के विधायक महीपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा व सुनील गोयल, पूर्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव कृष्ण कुमार बेदी, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, पूर्व मंत्री कृष्ण पंवार, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, पूर्व विधायक भगवादास कबीरपंथी, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, हरियाणा पिछड़ा वर्ग की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, केशकला एवं कौशल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष यशपाल ठाकुर, जेजेपी के जिलाध्यक्ष गुरदेव रम्बा, मीडिया प्रभारी यशकर्ण राणा, हरियाणा कश्यप राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष समय सिंह कश्यप, चेयरमैन रामकुमार कश्यप एडवोकेट, राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान कश्यप, उपाध्यक्ष दरियाव सिंह कश्यप, मुख्य महासचिव वीरभार आर्य, युवा प्रदेश अध्यक्ष मौनू कश्यप, युवा चेयरमैन रणधीर सुलखनी, सीनियर युवा प्रदेश अध्यक्ष कर्मवीर कश्यप एडवोकेट, सुभाष कश्यप, सोनू मैट्रो, संजय कश्यप, आशू कश्यप, विनोद कश्यप, प्रताप सिंह कश्यप, मंगल कश्यप, एडवोकेट जगदीश कश्यप, परमवीर कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, इंद्राज कश्यप, माई लाल कश्यप, रघुनाथ तंवर, राजेश टंडन कश्यप सहित सैंकड़ों उपस्थित रहे।

महर्षि कश्यप जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की अद्भुत छटा करनाल शहर में बिखरी। पोस्टर, होर्डिंग, बैनर से कार्यक्रम स्थल ही नहीं बल्कि पूरा शहर, सड़कें, चौक, चौराहें और करनाल में आने वाले सभी मार्गों पर महर्षि कश्यप जयंती का प्रचार-प्रसार किया गया। मुख्य पंडाल को फूलों से सजाया गया और श्रद्धालुओं के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई ताकि दूर-दूर तक आसानी से इस कार्यक्रम को देखा जा सके।

### भजनों पर श्रद्धालु भक्तिरस से हुए सराबोर

हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली ने महर्षि कश्यप जयंती भजनों का ऐसा समा बांधा कि पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा तथा श्रद्धालु भक्तिरस से सराबोर हुए। विकास के साथ-साथ महर्षि कश्यप के शिक्षा व संदेश से भरे भजनों ने पूरा वातावरण महर्षि कश्यपमय कर दिया। मंच पर मौजूद अतिथिगणों ने भी तालियां बजाकर इस भक्तिमय माहौल में अपने आहुति दी।

# डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के मामलों का जल्द करें निपटारा : संजीव कौशल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**मुख्य सचिव ने की हरियाणा से गुजरने वाली कॉरिडोर परियोजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक**

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि नांगल चौधरी (महेंद्रगढ़) में 900 एकड़ से अधिक क्षेत्र में उत्तर भारत में सबसे बड़े इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक हब के रूप में इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है। कौशल मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हरियाणा से गुजरने वाली फ्रंट कॉरिडोर परियोजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रविंद्र कुमार जैन भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

इस इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब को दिल्ली-मुंबई डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर से कनेक्ट करने के लिए डीएफसीसीआईएल द्वारा कनेक्टिंग लाइन बनाये जाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

हरियाणा से 246 किलोमीटर की लंबाई के ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर गुजरेंगे, जिनके बनने से एक ओर जहां यातायात में सुगमता होगी तो वहीं यह कॉरिडोर हरियाणा के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देंगे। 1506 किलोमीटर लंबे वेस्टर्न डेडिकेटिड फ्रंट कॉरिडोर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों से होकर गुजरेगा और 177 किलोमीटर स्ट्रेच हरियाणा में बनेगा। इसी प्रकार, 1875 किलोमीटर लंबे ईस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर गुजरेगा और 72 किलोमीटर स्ट्रेच हरियाणा में बनेगा। ऍपिखलानी-साहनेवाल इलेक्ट्रीफाइड सिंगल लाईन पर माल की आवाजाही के लिए 7 स्टेशन बनेंगे और लेवल क्रॉसिंग पर 8 आरओबी तथा 21 आरयूबी बनाये जाएंगे।

रेवाड़ी-दाबला सेक्शन पर 2 जंक्शन और एक नया स्टेशन बनेगा। इसी प्रकार, रेवाड़ी-दादरी सेक्शन पर माल की आवाजाही के लिए 4 स्टेशन बनेंगे। पृथ्ला में गुड्स अपलोडिंग फैसिलिटी बनाई जाएगी। 2.7 किलोमीटर का एलिवेटिड कॉरिडोर भी होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### बलदेव सिंह कल्याण और दीदार सिंह 'आप' में शामिल



**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद शुगर मिल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ एडवोकेट बलदेव सिंह कल्याण श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा में आयोजित एक कार्यक्रम में आप पार्टी हरियाणा के प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य डॉक्टर सुशील गुप्ता की अगुवाई में आप में शामिल हुए। बलदेव सिंह कल्याण के साथ उनके अनेक समर्थक और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संस्थापक सदस्य दीदार सिंह नलवी ने भी आप पार्टी ज्वाइन की। इस मौके पर आप पार्टी के हरियाणा प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता ने बलदेव सिंह कल्याण को आप पार्टी की टोपी पहना कर पार्टी में शामिल किया और विश्वास दिलाया कि उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। बलदेव सिंह कल्याण ने आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर हरियाणा प्रभारी को विश्वास दिलाया कि वे आप पार्टी के लिए जी जान से काम करेंगे और आप पार्टी संगठन की सदस्यता को बढ़ाने के लिए दिल से काम करेंगे। डॉक्टर सुशील गुप्ता ने बलदेव सिंह कल्याण एडवोकेट को आप पार्टी में शामिल होने के बाद वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भाजपा जजपा गठबंधन सरकार से छुटकारा चाहते हो, तो आप पार्टी के लिए काम करो। इस मौके पर आप पार्टी के पंचायती राज प्रकोष्ठ उतरी जोन के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, जिला अध्यक्ष मेवाराम आर्य, जिला चेयरमैन जवाहर लाल गोयल, उत्तरी जोन के उपाध्यक्ष विशाल खुब्बड, सतीश गर्ग, पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, नरेश जोगी, पार्टी अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला संगठन सचिव मान सिंह, गोपाल मेहरा, रजनीश सैनी, रोशन लाल धीमान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अनावश्यक दबाव बनाने पर बीडीपीओ व ग्राम सचिवों में रोष



**कुरुक्षेत्र।** सरकार एवं विभाग द्वारा पिछले कुछ समय से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों तथा ग्राम सचिवों की निष्ठा पर सवालियां निशान उठाने और अनावश्यक दबाव बनाने से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों व ग्राम सचिवों में काफी रोष है। इससे खफा होकर जिला के खंड एवं पंचायत अधिकारियों व ग्राम सचिवों ने पंचायती राज प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले मंगलवार को लघु सचिवालय में विरोध जताया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपते हुए विकास कार्यों से संबंधित वित्तीय शक्तियों का परित्याग करने की घोषणा की। ज्ञापन में कहा कि सरकार का अन्य जिस कर्मचारी एवं अधिकारी पर विश्वास हो उन्हें हमारी संपूर्ण वित्तीय शक्तियां हस्तांतरित कर दे।

### 'आप' की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं : दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं यह शब्द आम आदमी पार्टी के नेता दलबीर मलिक में कहे। उन्होंने जोगना खेड़ा, बलाही, दबखेड़ी गांव का दौरा करते हुए लोगों से बातचीत में कहे। मलिक साथियों के साथ 29 मई को कुरुक्षेत्र में अब बदलेगा हरियाणा होने वाली रैली का न्योता देने के लिए गए थे। उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी गठबंधन सरकार की तरह जुमलेबाजी नहीं करती। आम आदमी पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के अंदर जो कहा वह करके दिखाया। दिल्ली मॉडल को देखते हुए पंजाब के लोगों को भी आम आदमी पार्टी की ईमानदारी और स्वच्छ जन हितेषी नीतियां पसंद आई। पंजाब में आम आदमी की सरकार बनने पर जो घोषणा पत्र में वायदे किए थे उन सभी वायदों को धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है।

### फिल्मों से चिकित्सा जगत से जुड़े कई पहलुओं से रूबरू करवाया

**करनाल।** कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स के 2022 बैच के विद्यार्थियों को फिल्मों के जरिये चिकित्सा जगत से जुड़े कई पहलुओं से रूबरू करवाया गया। यह गतिविधि प्रथम वर्ष के विद्यार्थिओं के लिए चलाये जा रहे फाउंडेशन कोर्स कार्यक्रम के दौरान कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित की गई। संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश दुरेजा ने इस अवसर पर अपने प्रेषित सन्देश कहा कि फिल्मों को समाज का आईना कहा जाता है। बहुत बार ऐसा होता है कि दस-बीस साल पहले देखी कोई पुरानी फिल्म, उसके दृश्य या उसके कोई गाने हमेशा हमेशा के लिए हमारे ह्रदय में बस जाते है और भुलाये नहीं भूलते। जब भी असल जिन्दगी में उससे कोई मिलती जुलती घटना घटती है तो वो दृश्य एकदम से आंखों के सामने आ जाता है जो कि हमें उस घटना को समझने और सुलझाने में मदद करता है। इसी बुनियाद पर सिने मेडिसिन का सिद्धांत आधारित है जिसमे चिकित्सा जगत के कुछ पहलू फिल्मों के माध्यम से आसानी से विद्यार्थिओं को सिखाये जा सकते हैं। डॉ. दुरेजा ने कहा कि उनका संस्थान शिक्षा में नए-नए प्रयोगों को शामिल करने में हमेशा आगे रहता है ताकि वक्त के साथ विद्यार्थिओं को विभिन्न तरीकों से मेडिकल की शिक्षा दी जा सके।

# पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करें : ललित सिवाच

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत, समितियों व जिला परिषदों की सूची को दिए निर्देश**

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित सिवाच ने जिला निर्वाचक अधिकारियों को छठे पंचायत आम चुनाव के प्रयोजनार्थ मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति तथा जिला परिषद के वार्डों की मतदाता सूचियां तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित सिवाच ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जिला की पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनावों के प्रयोजनार्थ नई मतदाता सूचियां तैयार करवाने हेतू कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में मतदाता सूची एनआईसी की सहायता से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी, 2022 के संदर्भ में 05 जनवरी, 2022 को प्रकाशित विधानसभा मतदाता सूची के डाटाबेस के आधार पर तैयार की जानी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के निरंतर अद्यतनीकरण को देखते हुए राज्य विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में निर्वाचको की प्रविष्टि, हटाई, स्थानांतरित की गई है। इसलिए ऐसे मतदाताओं का 16 मई 2022 तक का डाटा बेस मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा से प्राप्त किया गया है और इसे एनआईसी द्वारा अपने सर्वर पर भी अपलोड किया गया है। उन्होंने बताया कि 05 जनवरी, 2022 के बाद दर्ज, हटाने तथा स्थानांतरित किए गए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं की मुद्रित प्रति निर्वाचन तहसीलदार के पास उपलब्ध नहीं होगी, जो इसे डाटा बेस से मुद्रित कर लिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले दावे व आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए 16 मई, 2022 तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदाताओं को मसौदा मतदाता सूची में दर्ज किया जाए।

## 2.18 लाख बच्चों किया कृमि मुक्त : सीएमओ

**करनाल।** सिविल सर्जन करनाल डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि जिले में 23 मई से 29 मई 2022 तक राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कोरोना-19 के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए 1 से 19 वर्ष के बच्चों को ए.एन.एम, आशावर्कर एवं आगंनवाड़ी वर्कर के द्वारा एल्बेंडांजोल की गोली घर-घर जाकर निःशुल्क खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश एल्बेंडाजोल की गोली लेने से छूट जाएंगे, उनको 27 से 29 मई 2022 तक मोप अपराऊंड के दौरान एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि प्रोग्राम जिले में अब तक दो लाख 18 हजार 502 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि मुक्ति किया जा चुका है।

उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों में खून की कमी का एक मुख्य कारण कृमि (पेट के कीड़े) होते है, जिस कारण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में कमी आ जाती है। सिविल सर्जन जिलावासियों से अपील की कि एएनएम, आशा वर्कर व आगंनवाड़ी वर्कर द्वारा दी जाने वाली एल्बेंडाजोल की गोली अपने बच्चों को अवश्य खिलाएं ताकि भारत की भावी पीढ़ी को तन्दुरूस्त एवं अनीमिया मुक्त बनाया जा सके।

# गुरुग्राम में दो सीए की गिरफ्तारी के विरोध में किया रोष प्रदर्शन

**सीए एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**गुरजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र


उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते सीए एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**गुरुग्राम** में गिरफ्तार किए गए दो सदस्यों के विरोध में सीए एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की ओर से मंगलवार को रोष प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व एसोसिएशन के चेयरमैन गौरव गुप्ता ने किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने मोहन नगर से लेकर लघु सचिवालय तक रोष मार्च निकाला और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त मुकुल कुमार को सौंपा। इसके बाद एसोसिएशन के सदस्य विधायक सुभाष सुधा के आवास पर पहुंचे और वहां विधायक के पुत्र साहिल सुधा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से एसोसिएशन के सदस्यों ने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए, ताकि दोषियों पर उचित कार्यवाही हो। चेयरमैन गौरव गुप्ता व वाइस चेयरमैन राघव गर्ग ने कहा कि जीएसटी विभाग की ओर से की गई कार्रवाई से चार्टर्ड एकाउंटेट एसोसिएशन नाराज है, क्योंकि गुरुग्राम में एक कारोबारी के वकीलों द्वारा जीएसटी विभाग में लगभग 15 करोड़ का एक ही दिन में रिफंड डाला गया है, जबकि कारोबारी को 15 से 20 दिन में यह रिफंड मिलना था।

उस रिफंड को पास करने में विभाग का अधिकारी व कारोबारी जिम्मेवार है। सीए ने तो कारोबारी द्वारा दिए गए दस्तावेज के आधार पर अपना सर्टिफिकेट दिया था और उसको चेक करना विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी बनती है। जीएसटी विभाग ने अधिकारी व कारोबारी को पकड़ने की बजाय सीए के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। यह सहन योग्य नहीं है। गौरव गुप्ता व राघव गर्ग ने कहा कि अगर जीएसटी विभाग ने उन्हें नहीं छोड़ा, तो सभी सीए जीएसटी विभाग के प्रति विरोध करते हुए पेन डाउन स्ट्राइक करेंगे। इस अवसर पर सचिव परविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष अंकित शर्मा, सदस्य अंकुश गर्ग व मोनिका सहित सीए राकेश ढल, अश्वनी गर्ग, सुनील शर्मा, अश्विनी जैन, विकास गर्ग, सुनील गुप्ता व दीपक बंसल मौजूद रहे।

# किसानों के खातों में सीधे भेजे 7513 करोड़ : दुष्यंत चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**गेंहू खरीद का एमएसपी पर निभाया सरकार ने वायदा**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के गेंहू का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को उनकी फसल का भुगतान समय पर करके सीधा उनके बैंक खातों में भेजा रहा है। अभी तक 7513.62 करोड़ रुपये किसानों के खाते में स्थानांतरित किए जा चुके हैं।

दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि एक अप्रैल से लेकर 15 मई 2022 तक सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 41 लाख 40 हजार 135 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई जबकि पुनः 16 मई से आरंभ की गई। खरीद के बाद 23 मई तक 6,441 मीट्रिक टन गेहूं किसानों से खरीदा गया, अर्थात अभी तक कुल 41,46,576 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

दुष्यंत चौटाला ने बताया कि सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि रबी-2022 की फसल गेंहू की खरीद का पैसा फसल की खरीद होने के 72 घंटे के अंदर-अंदर किसान के बैंक खाता में ट्रांसफर हो जाना चाहिए। इस बार सरकार द्वारा गेहूं की खरीद के किसानों के बैंक खाते में 7513,62 करोड़ रुपये सीधे भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मंडियों से फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया गया तथा किसानों के लिए मंडी में सभी आवश्यक प्रबंध भी किए गए हैं।

डिप्टी सीएम ने बताया कि इस बार सरसों की खरीद के लिए 92 मंडियों तैयारी की गई थी। जबकि गेंहू के लिए 411 मंडियां,चना के लिए 11, जौ की खरीद के लिए 25 मंडियों में पूरे प्रबंध किए गए। इन फसलों में सरसों को 5,050 रुपये प्रति क्विंटल, गेंहू को 2,015 रुपये प्रति क्विंटल, चना को 5,230 रुपये प्रति क्विंटल तथा जौ को 1,635 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विभिन्न खरीद एजेसिंयों द्वारा खरीदा गया।

# कश्यप समाज ने देश की तरक्की व प्रगति में हमेशा योगदान दिया : चेयरमैन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र/शाहबाद

**जजपा-भाजपा मिल कर लड़ेगी स्थानीय निकाय चुनाव : रामकरण**

**महर्षि** कश्यप प्रकट दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को कश्यप धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा शुगरफेड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण व खेल राज्यमंत्री संदीप सिंह के पिता गुरचरण सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर कश्यप समाज के जिला प्रधान रमेश कश्यप व समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने मालाएं डालकर अतिथियों का स्वागत किया। विधायक रामकरण ने महर्षि कश्यप जयंती की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हरियाणा सरकार की तरफ से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम करनाल में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की है।

विधायक ने कहा कि महर्षि कश्यप ने समाज को एक जुट रहने संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि महर्षि कश्यप सप्त ऋषियों में सर्वश्रेष्ठ ऋषि थे। विधायक रामकरण ने कहा कि कश्यप समाज संगठित व कर्मठ समाज है, कश्यप समाज ने देश की तरक्की व प्रगति में हमेशा योगदान दिया है। इस दौरान मुख्यातिथि रामकरण, खेल राज्यमंत्री संदीप सिंह के पिता गुरचरण सिंह व जजपा नेता डॉ. गुलशन कवात्तरा को सभा की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन गुरमीत कश्यप ने किया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।


मुख्यातिथि चेयरमैन रामकरण को सम्मानित करते सभा के पदाधिकारी।

### गठबंधन से लड़ेंगे निकाय चुनाव : चेयरमैन

पत्रकारों से बात करते हुए चेयरमैन एवं विधायक रामकरण ने कहा कि जननायक जनता पार्टी व भाजपा का हरियाणा में गठबंधन है और स्थानीय निकाय चुनाव भी गठबंधन में ही लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए हमारी पूरी तैयारी है। विधायक रामकरण ने कहा कि शाहाबाद विधानसभा सीट जजपा के हिस्से में है, इसलिए यहां से जजपा का स्थानीय निकाय चुनाव के लिए उम्मीदवार होगा और जजपा पार्टी का ही चेयरमैन होगा। इस मौके पर पूर्ण चंद कश्यप, गुरमीत कश्यप, सुदेश कश्यप, रविंद्र कश्यप, सुरेश चंद कश्यप, सुंदर लाल कश्यप, डिंपल कश्यप, अमीर चंद कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, राज कुमार कश्यप, मोती राम कश्यप, तेजपाल कश्यप, विजय भूषण, काका राम, मोहित कश्यप, मंगा राम, विक्की कश्यप, पूना राम, वेद प्रकाश, सुरजीत कश्यप, गुरबक्श राम, सोमनाथ कश्यप, राजेश कश्यप, कुंदन कश्यप, राकेश कश्यप, मुकेश कश्यप, भारत कश्यप सहित समाज के गणमान्य मौजूद थे।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 25 मई, 2022



# आभा ऐप से कुछ ही सेकेंड में आप देख पाएंगे अपना स्वास्थ्य रिकार्ड

## मोबाइल ऐप पर उपयोगकर्ता आसानी से याद रखा जाने वाला बना सकेंगे यूजर नेम

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने अपनी आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजना के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट मोबाइल ऐप्लिकेशन का नया संस्करण जारी किया है। मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई है।

बयान में बताया गया है कि आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानी आभा ऐप गूगल प्ले-स्टोर पर

### आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट मोबाइल ऐप का नया संस्करण जारी

उपलब्ध है और इसे चार लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। यह ऐप पहले एनडीएचएम हेल्थ रिकॉर्ड्स ऐप के नाम से जाता था। बयान के मुताबिक, नए सिरे से डिजाइन किए गए आभा ऐप में एक नया



यूजर इंटरफेस (यूआई) और अतिरिक्त विशेषताएं शामिल की गई हैं, जिससे उपयोगकर्ता अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को कभी भी और कहीं पर भी देख सकते हैं। ऐप के मौजूदा उपयोगकर्ता भी पिछले संस्करण को नवीनतम संस्करण में अपडेट कर सकते हैं। इस मोबाइल ऐप पर उपयोगकर्ता आसानी से याद रखा जाने वाला यूजर नेम बना सकते हैं, जिसे 14 अंकों वाले आभा नंबर से जोड़ा जा सकता है।

बयान के अनुसार, यह ऐप उपयोगकर्ता को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) स्वास्थ्य अनुपालन सुविधा में दर्ज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को जोड़ने की सुविधा देता है, जिससे वह संबंधिक डेटा को अपने स्मार्टफोन पर देख सकता है। इसके अलावा ऐप में कई अन्य विशेषताएं भी हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सीईओ डॉ. आरएस शर्मा ने कहा, आभा ऐप नागरिकों को उनके लंबे स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सहेजने की सुविधा देने वाला जरिया होगा। वे कुछ सेकेंड में ही ऐप की मदद से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को देख पाएंगे। शर्मा ने कहा कि ऐप लोगों को उनके स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को एक ही मंच पर सुरक्षित रखने और किसी के भी साथ साझा करने में सक्षम बनाएगा।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए रचनात्मक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा क्वाड : मोदी

## मोदी ने नवनिर्वाचित ऑस्ट्रेलियाई अपने समकक्ष एंथनी अल्बानीस की तारीफ की

एजेंसी। तोक्यो

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तोक्यो में चार देशों के समूह चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) की आमने-सामने हुई दूसरी शिखर वार्ता में कहा कि इसके सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास और दृढ़ संकल्प न सिर्फ लोकतांत्रिक ताकतों को नई ऊर्जा दे रहा है, बल्कि एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थापना को प्रोत्साहित भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक रचनात्मक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है, जिससे वैश्विक कल्याण की दिशा में काम करने वाली एक ताकत के रूप में उसकी छवि और मजबूत होगी।

भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान से बने क्वाड समूह के नेता यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रमण और चीन के साथ प्रत्येक सदस्य देश के द्विपक्षीय संबंधों में लगातार आ रही गिरावट से उपजे भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच जापान की राजधानी में मिल रहे हैं। सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने जहां यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध की कड़े शब्दों में निंदा की, वहीं मोदी ने इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा, क्वाड ने बेहद कम समय में वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर लिया है। आज, क्वाड का दायरा व्यापक और इसका स्वरूप बेहद प्रभावी हो गया है। उन्होंने कहा, हमारा आपसी विश्वास, हमारा संकल्प, लोकतांत्रिक ताकतों को नई ऊर्जा व उत्साह दे रहा है। क्वाड के स्तर पर हमारा आपसी सहयोग एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा दे रहा है, जो हम सभी का एक साझा उद्देश्य है। मोदी ने कोविड-19 महामारी के बावजूद क्वाड देशों के बीच बढ़ते सहयोग का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, कोविड-19 की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद हमने टीका वितरण, जलवायु कार्रवाई, आपूर्ति श्रृंखला को लचीला बनाने, आपदा प्रतिक्रिया और आर्थिक सहयोग की दिशा में आपसी समन्वय बढ़ाया है। यह हिंद-प्रशांत में शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित कर रहा है। अपने संबोधन में मोदी ने अपने नवनिर्वाचित ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीस की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण के 24 घंटे के भीतर अल्बानीस का इस सम्मेलन में हिस्सा लेना क्वाड के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सम्मेलन में बिडेन ने कोविड-19 के खिलाफ जंग में क्वाड देशों के बीच साझेदारी के महत्व के बारे में बात की, लेकिन उनका अधिकतर संबोधन यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई पर केंद्रित रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हम अपने साझा इतिहास के एक काले अध्याय से गुजर रहे हैं। बिडेन के मुताबिक, यूक्रेन की स्थिति एक यूरोपीय मसले से कहीं अधिक है, यह एक वैश्विक मसला है।



### हिंद-प्रशांत आर्थिक सहयोग प्रारूप पेश किया

जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वाड नेताओं के लिए एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ संकल्प दर्शाने के लिए एक साथ आना महत्वपूर्ण है। वहीं, अल्बानीस ने कहा कि यह एक सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके पहले कार्यों में से एक, क्वाड सम्मेलन में हिस्सा लेना है। बिडेन ने क्षेत्र को लेकर अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप सोमवार को समृद्धि के लिए हिंद-प्रशांत आर्थिक सहयोग प्रारूप (आईपीईएफ) पेश किया। जिसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखला को लचीला बनाना और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में समान विचारधारा वाले देशों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देना है। आईपीईएफ की शुरुआत से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आईपीईएफ की घोषणा हिंद-प्रशांत क्षेत्र को वैश्विक आर्थिक विकास का इंजन बनाने की सामूहिक इच्छा की घोषणा है। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए साझा और रचनात्मक समाधान खोजने का भी आह्वान किया।

### चीन की बढ़ती आक्रामकता पर क्वाड का ध्यान

क्वाड मुख्य रूप से चीन की बढ़ती आक्रामकता की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### रूसी राष्ट्रपति कर रहे एक संस्कृति को खत्म

बिडेन ने कहा, यह एक वैश्विक मुद्दा है। तथ्य यह है कि जब आप टीवी ऑन करते हैं और देखते हैं कि रूस क्या कर रहा है तो मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक संस्कृति को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

# भारत को बोलने की आजादी देने वाली संस्थाओं पर सुनियोजित हो रहा है हमला : राहुल गांधी

एजेंसी। कैंब्रिज (ब्रिटेन)



### कहा, अदृश्य ताकतें इन संस्थाओं में प्रवेश कर संवाद के तरीके को नए सिरे से परिभाषित कर रहीं

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारत को बोलने की आजादी देने वाली संस्थाओं पर सुनियोजित हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि अदृश्य ताकतें इन संस्थाओं में प्रवेश कर देश में संवाद के तरीके को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं।

अदृश्य ताकतों से राहुल का इशारा सरकार की नीतियों को कथित तौर पर गोपनीय तरीके से प्रभावित या नियंत्रित करने वाले प्रभावशाली लोगों और एजेंसियों की तरफ समझा जा रहा है। प्रतिष्ठित कैंब्रिज विश्वविद्यालय के कॉर्पस क्रिस्टी कॉलेज में सोमवार शाम आयोजित इंडिया एट-75 कार्यक्रम में राहुल ने प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए, जिनमें ज्यादातर भारतीय मूल के छात्र शामिल थे। उन्होंने हिंदू राष्ट्रवाद, कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार की भूमिका और देश के लोगों को संगठित करने के प्रयासों जैसे व्यापक विषयों पर अपनी राय साझा की। विश्वविद्यालय में भारतीय मूल की शिक्षाविद डॉ. श्रुति कपिला के साथ बातचीत में राहुल ने भारतीय राजनीतिक में अदृश्य ताकतों के दखल सहित उन सभी बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किए, जिनका जिक्र उन्होंने पिछले सप्ताह एक सम्मेलन में किया था।

उन्होंने कहा, हमारे लिए, भारत तब जीवंत होता है, जब भारत बोलता है और जब भारत चुप हो जाता है तब बेजान हो जाता है।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट : 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई न्यायाधीश बनाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इलाहबाद उच्च न्यायालय के 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कॉलेजियम ने 21 मई को हुई बैठक में यह निर्णय लिया और मंगलवार को शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर यह प्रस्ताव अपलोड किया गया। जिन न्यायाधीशों को पदोन्नति देने की अनुशंसा की गई है, उनमें न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी, न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति सुभाष चंद, न्यायमूर्ति सरोज यादव, न्यायमूर्ति मो. असलम, न्यायमूर्ति अनिल कुमार ओझा, न्यामूर्ति साधना रानी (ठाकुर), न्यायमूर्ति सैयद आफ्ताब हुसैन रिजवी, न्यायमूर्ति अजय त्यागी, और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं।

# केजरीवाल ने 150 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी



एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को 150 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य एक साल के भीतर राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर ऐसी 2,000 बसें उतारने का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अगले 10 वर्षों में इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 1,862 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। केजरीवाल ने इस अवसर पर एक ई-बस से यात्रा भी की। पत्रकारों से बातचीत में जनता से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा हमने आज 150 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अगले महीने और 150 बसें इस बेड़े में शामिल होंगी। यह आपकी बसें हैं। कृपया इनकी देखरेख करें, इन्हें गंदा न करें। दिल्ली सरकार ने अगले 10 वर्षों में इलेक्ट्रिक बसें प्राप्त करने के लिए 1,862 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जबकि केंद्र ने इसके लिए 150 करोड़ रुपये दिए है।

### सरकार का लक्ष्य राजधानी की सड़कों पर दो हजार बसें चलाने का

## स्वयंसेवी संस्थाओं के सहायता अनुदान को नए दिशा-निर्देश

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने स्वयंसेवी संस्थाओं को सहायता अनुदान प्रदान करने के लिए प्रस्तावित नवीन दिशा-निर्देशों को स्वीकृति दी है। एक सरकारी बयान में इसकी जानकारी दी गई है। सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, इसके अनुसार फिलहाल स्वैच्छिक संस्थाओं के लिए सहायता अनुदान नियम 1972 प्रभावी है और इनमें समय-समय पर हुए संशोधनों के बावजूद मूल अनुदान नियम अपरिवर्तित रहे।

इसमें कहा गया है कि इस कारण इनका सरलीकरण किया जाना प्रस्तावित था। गहलोत ने वर्ष 2021-22 के बजट में जयपुर में विशेष योग्यजन विद्यार्थियों के लिए दो नवीन महाविद्यालय बनाने की घोषणा की थी। विशेष योग्यजन महाविद्यालय दिशा-निर्देश 2021 के प्रावधानों के अनुरूप ही स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालित पुनर्वास गृहों, मानसिक विमंदित गृह, विशेष योग्यजन आवासीयागैर आवासीय विद्यालय, छात्रावास, कुष्ट गृह के लिए अनुदान भुगतान प्रक्रिया को सरलीकृत किया गया है।

# मप्र : विक्षिप्त व्यक्ति की हत्या मामले में आरोपी ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया

## व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी। नीमच

**मध्य प्रदेश** के नीमच जिले में पिछले सप्ताह एक विक्षिप्त बुजुर्ग की पहचान जानने के लिए उसके साथ मारपीट करने और उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन (संचालक) सहित छह लोगों के खिलाफ वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, हत्या का आरोपी जब विक्षिप्त बुजुर्ग की पहचान जानने की कोशिश में उसे लगातार थप्पड़ मार रहा था, तब उसने खुद को कथित तौर पर सीबीआई अधिकारी बताकर एक नाबालिग लड़के को घटना का वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया था। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने घटना के संबंध में एक व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है, जिन्होंने कथित तौर पर उस वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित किया था। मालूम हो कि रतलाम जिले के सरसी गांव के 65 वर्षीय भंवरलाल जैन 16 मई को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लापता हो गए थे।

19 मई को नीमच जिला मुख्यालय से 38 किलोमीटर दूर मनासा थाना क्षेत्र के रामपुरा रोड पर उनका शव मिला था। जैन का अंतिम संस्कार करने के बाद मृतक के परिवार को एक वीडियो मिला था, जिसमें 38 वर्षीय आरोपी दिनेश कुशवाहा उसे बार-बार थप्पड़ मारते हुए, तुम्हारा नाम मोहम्मद है क्या? पूछते हुए और उसका आधार कार्ड मांगते हुए नजर आ रहा था। अधिकारियों ने बताया कि जैन के परिवार द्वारा वीडियो के साथ पुलिस से संपर्क करने के बाद कुशवाहा को 20 मई को गिरफ्तार कर लिया गया था। मनासा के थाना प्रभारी केएल डांगी के अनुसार, कुशवाहा ने कथित तौर पर सीबीआई अधिकारी बनकर एक नाबालिग लड़के को धमकाया और उसे वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया। इस वीडियो में वह मृतक को लगातार थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहा है।

अधिकारी के अनुसार, पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 के तहत स्वच्छ भारत नामक एक व्हाट्सअप ग्रुप के एडमिन सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए थे और दावा किया था कि आरोपी सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़ा है।

### आरोपियों ने कथित तौर पर बुजुर्ग के पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर किया था प्रसारित

# यूपी: राज्यपाल के अभिभाषण को सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने आलोचना की

## उत्तर प्रदेश की विधानसभा के पहले सत्र की शुरूआत विपक्ष के जोरदार हंगामे के साथ हुई

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (धन्यवाद प्रस्ताव) के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने अभिभाषण को सराहा जबकि विपक्षी सदस्यों ने आलोचना की।

उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली 18वीं विधानसभा का पहला सत्र विपक्ष के जोरदार हंगामे के साथ सोमवार को शुरू हुआ और शोरगुल के बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने संयुक्त सत्र (विधानसभा और विधान परिषद) को संबोधित करते हुए अभिभाषण पढ़ा। एक घंटे से अधिक समय तक पढ़े गए अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने प्रदेश सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का जिक्र किया।

मंगलवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत करते हुए सत्ता पक्ष की सदस्य डाक्टर मंजू शिवाच ने कहा कि कोरोना महामारी की चुनौती के बीच उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनता की उम्मीदों पर खरा उतर कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने जो कार्य किया उसी का असर है कि उप्र की बागडोर दोबारा जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सौंपी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में वह बात कही कि जो सरकार ने कर दिखाया, सरकार के सराहनीय कार्य के लिए डॉक्टर सिवाच ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद किया।

धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सत्तापक्ष के साकेंद्र प्रताप ने कहा कि स्वाभाविक रूप से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार दोबारा आई है और बहुत से नए सदस्य अग्नि स्नान करके आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के बारे में बहुत सा भ्रम फैलाया गया, लेकिन हमने मिथक तोड़ दिया और दोबारा सरकार बनी। सत्ता पक्ष के शलभ मणि त्रिपाठी ने अभिभाषण की सराहना की और विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि जिस कुशीनगर और देवरिया में सड़कें नहीं थी, वहां महात्मा बुद्ध की पुण्यभूमि से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू हुई हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आप लोग सकारात्मक काम नहीं कर पा रहे हैं और उन्होंने शेर पढ़ा ए कैंचियां हमें उड़ने से खाक रोकेंगी, हम परों से नहीं हौसलों से उड़ते हैं। सपा के फईम इरफान ने कहा अभिभाषण की आलोचना करते हुए कहा कि अभिभाषण पिछले पांच वर्ष में सरकार की विफलताओं पर पर्दा डालने का प्रयास है।

### शोरगुल के बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने संयुक्त सत्र को संबोधित किया



### सपा ने राज्यपाल के भाषण की आलोचना की

**चर्चा** के दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने अभिभाषण की आलोचना करते हुए कहा कि मैंने महामहिम का भाषण सुना, उन्होंने अनवरत भाषण किया। महामहिम का भाषण सरकार के पिछले कार्यकाल के साथ आने वाले वर्ष का एजेंडा होता है, लेकिन राज्यपाल ने अपने भाषण में केवल सपने बेचने वाला भाषण दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के पास विकास की कोई दृष्टि नहीं है, इसलिए केवल केंद्र सरकार की योजनाओं का विस्तृत रूप से उल्लेख किया। वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपनी किसी योजना का उल्लेख नहीं किया जो प्रदेश के विकास में सार्थक सिद्ध हो।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति 27 से 29 मई तक मध्य प्रदेश के दौरे पर

**भोपाल।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 27 से 29 मई तक मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह कुछ स्वास्थ्य संस्थानों की आधारशिला रखेंगे और एक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रदेश के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोविंद 27 मई को भोपाल पहुंचेंगे। वह अगले दिन प्रदेश की राजधानी में कुछ नए स्वास्थ्य संस्थानों के शिलान्यास समारोह में हिस्सा लेंगे। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति 29 मई को कालिदास अकादमी में अखिल भारतीय आयुर्वेद सम्मेलन के प्रतिभागियों को संबोधित करने उज्जैन जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोविंद महाकालेश्वर मंदिर में भी पूजा-अर्चना करेंगे और बाद में इंदौर होते हुए दिल्ली रवाना होंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति कोविंद के दौरे की तैयारियों की सोमवार को समीक्षा की।

### वाहन खाई में गिरने से एसएसबी के दो जवानों की मौत

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उप निरीक्षक हिमांशु पंत ने बताया कि दुर्घटना सोमवार को लाल घाटी के पास हुई, जब जवान थाल से दीदीहाट में अपनी यूनिट की ओर जा रहे थे। जवानों की पहचान मनोज पंत और करण सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि घटना थाल से 10 किलोमीटर दूर हुई। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

### लद्दाख में फंसे 12 लोगों को सेना के जवानों ने बचाया

**लेह।** एक दुर्घटना के बाद बस पलटने से उसमें फंसे पांच बच्चों समेत 12 यात्रियों को सेना ने सुरक्षित बचाया और प्राधमिक उपचार की सुविधा मुहैया करवाई। एक रक्षा प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोमवार को श्योक-दुर्बुक मार्ग पर दो यात्री बसें आपस में टकरा गईं, जिसके बाद एक वाहन पलट गया। प्रवक्ता ने बताया दुर्बुक से लौट रहे जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री (जेएकेएलआई) के 12 सैनिकों के एक दल ने यह हादसा देखा और मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा दल तुरंत हरकत में आया, बस में फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार भी प्रदान किया।

### गुजरात के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री का बेटा भाजपा में शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस के दिवंगत विधायक डॉ. अनिल जोशीयारा के बेटे केवल मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केवल जोशीयारा, राज्य के अरावली जिला स्थित भिलोडा कस्बे में एक कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हुए। पार्टी की एक विज्ञप्ति के मुताबिक उन्हें भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने उनके (केवल के) 1300 समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल किया। केवल ने संवाददाताओं से कहा, मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों से खुश हूं।

### पिछले साल की रिक्त सीट के लिए आवेदन मांगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने प्रवेश स्तर की कक्षाओं में पिछले शैक्षणिक सत्र में खाली रह गई सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन मांगे हैं। शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने यह जानकारी दी। डीओई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कुछ निजी स्कूलों ने दावा किया है कि 2021-22 शैक्षणिक सत्र में प्रवेश स्तर की कक्षाओं (नर्सरी, केजी और कक्षा एक) में उनकी घोषित संख्या के अनुसार खुली सीट के तहत दाखिले नहीं हो सके। ऐसे निजी स्कूल में खाली रह गई सीट पर दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवेदकों को दो जून तक सीधे स्कूल में आवेदन करना होगा। शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए 1,700 से अधिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया पिछले साल फरवरी में सामान्य समय से दो महीने बाद शुरू हो सकी थी। दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने पहले कहा था कि नर्सरी दाखिला प्रक्रिया को रद्द करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण कई महीनों से स्कूल बंद रहे। हालांकि, स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने इसका विरोध किया और अंतत: इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया था।

### महाराष्ट्र में गैर कृषि विश्वविद्यालयों की परीक्षा ऑफलाइन होंगी

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री उदय सामंत ने मंगलवार को कहा कि राज्य में गैर-कृषि विश्वविद्यालयों की आगामी परीक्षाएं ऑफलाइन होंगी, जैसा कि संस्थानों के कुलपतियों द्वारा तय किया गया है। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए सामंत ने कहा कि छात्रों को समझना होगा कि परीक्षाएं पहले रद्द कर दी गई थीं और बाद में कोविड-19 की लहर के मद्देनजर ऑनलाइन भी आयोजित की गई थी। मंत्री ने कहा अगर हम ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करते रहेगे तो यह इस पर सवालिया निशान खड़ा करेगा कि क्या उद्योग ऐसे छात्रों को स्वीकार करेगा। इसलिए, परीक्षाएं अब विश्वविद्यालयों के निर्देशों के अनुसार और ऑफलाइन आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा ऑफलाइन कराने का फैसला राज्य सरकार ने नहीं बल्कि 13 गैर कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने लिया है। मंत्री ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा लिए जाने की कुछ छात्रों की मांग संबंधी एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। महाराष्ट्र सरकार ने इस साल दो अप्रैल को सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने सहित कोविड-19 से संबंधित सभी प्रतिबंधों को हटा लिया था।

# बग्गा मामला : उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा



एजेंसी। नई दिल्ली

### प्रतिवादी चार सप्ताह के अंदर अपना जवाब दाखिल करेंगे

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा के उनके आवास से कथित अपहरण के मामले में प्राथमिकी रद्द करने की पंजाब पुलिस की याचिका पर दिल्ली पुलिस से मंगलवार को जवाब तलब किया।

पंजाब में साहिबजादा अजित सिंह नगर (एसएएस नगर) के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनप्रीत सिंह की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली सरकार और बग्गा को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अनु मल्होत्रा ने कहा कि प्रतिवादी चार सप्ताह के अंदर अपना जवाब दाखिल करेंगे। उन्होंने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 26 जुलाई को सूचीबद्ध कर दिया। हालांकि, अदालत ने इस स्तर पर पंजाब सरकार द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर नोटिस जारी नहीं किया, जिसमें दिल्ली की एक जिला अदालत द्वारा पारित दो आदेशों को रद्द करने की मांग की गई थी। पहला आदेश बग्गा की खोज और पेशी, दूसरा पंजाब पुलिस की हिरासत से उसका पक्ष सुने बिना उसकी रिहाई के आदेश से संबंधित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह याचिका पर नोटिस जारी करने के बारे में किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले मामले के पूरे रिकॉर्ड को देखेगा। कथित रूप से भड़काऊ बयान देने, वैमनस्य को बढ़ावा देने और आपराधिक धमकी देने के मामले में पंजाब पुलिस द्वारा बग्गा की गिरफ्तारी के बाद, दिल्ली पुलिस ने छह मई की देर रात पंजाब पुलिस कर्मियों के खिलाफ अपहरण के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की।

# नोएडा प्राधिकरण ने सभी पार्किंग टेंडर किए निरस्त

## तय शुल्क से ज्यादा वसूली की मिल रही थीं शिकायतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



निर्धारित स्थान से अधिक जगह पर वाहन पार्किंग और तय शुल्क से ज्यादा वसूली की समस्या से शहरवासियों को निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में सड़क किनारे चल रही सभी पार्किंग का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। इन्हें नए सिरे से निकाला जाएगा। शहर में करीब 54 जगह पार्किंग चल रही है।

प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने बताया कि नई पार्किंग व्यवस्था में पार्किंग ठेकेदार गड़बड़ी नहीं कर पाएंगे। सभी पार्किंग को मोबाइल एप से जोड़ दिया जाएगा। संबंधित पार्किंग ठेकेदार प्राधिकरण को पैसा नहीं दे रहे थे। कई नोटिस के बाद भी पैसा नहीं मिलने व अन्य शिकायतें आने पर सभी पार्किंग टेंडर निरस्त करने का आदेश दे दिया है। पार्किंग का संचालन कर रहे प्राधिकरण के नोएडा ट्रैफिक सेल को मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिया गया है।

बता दें कि शहर को चार क्लस्टर में बांटकर पार्किंग संचालित की गई जा रही थी। इन चार क्लस्टर में 54 जगह पार्किंग चल रही है। जनवरी 2021 में शहर में संबंधित स्थानों पर पार्किंग शुरू हो गई थी। जनवरी 2023 तक पार्किंग का ठेका दिया गया था।

टेंडर शर्तों के हिसाब से ठेकेदार पार्किंग का संचालन नहीं कर रहे थे। प्राधिकरण को तय फीस नहीं दे रहे थे। इसके अलावा जगह-जगह आम लोगों की अधिक वसूली, अधिक हिस्से में शुल्क लिए जाने आदि की शिकायतें आ रही थीं। शिकायतें आने पर ट्रैफिक सेल का व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए लेकिन व्यवस्था बेहतर नहीं हुई।

नोएडा के सेक्टर 59 में मार्ग पर अनाधिकृत, नो पार्किंग में खड़े एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। सेक्टर 52, 62, 100, 104 चौराहे पर नो पार्किंग में खड़े, गैर जनपदीय आटो एवं बीच सड़क पर सवारियों को उतारने-चढ़ाने वाले आटो, टेंपों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## शहर में सिटी बस चलाने की योजना तैयार

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने शहर में परिवहन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सिटी बस चलाने की योजना तैयार की है। जिसका प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्राधिकरण शहर में मिनी सिटी बसें चलाई जाएगी। जिससे शहर के छोटे इलाकों में भी लोग यातायात की सुविधा से वंचित नहीं रहा सकेंगे। इससे लोगों को अधिक फायदा होगा। जल्द ही एजेंसी के चयन के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएगे।

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि सिटी बस योजना का प्रस्ताव तैयार हो चुका है। इस योजना के अंतर्गत छोटी बसों को लाने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए जल्द ही टेंडर निकाले जाएंगे। साथ ही इस योजना के जरिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

आपको बता दें कि अब से पहले एनएमआरसी द्वारा शहर में सिटी बसें चलाई गई थी, लेकिन इन बसों से हर महीने करीब 5 करोड़ रुपए तक का घाटा रहा था। ऐसे में एनएमआरसी द्वारा बस सेवाओं को बंद कर दिया गया। ऐसे में प्राधिकरण ने अब शहर में यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए मिनी सीटें बस सेवाओं का प्रस्ताव तैयार कर लिया है।

# जिला एमएमजी अस्पताल में शुरू हुआ बर्न वार्ड

## आइसोलेशन वार्ड में भी भर्ती किए गए मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

### दस बेड किए आरक्षित

आग लगने की घटनाओं में इजाफा होते देख स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जलने वाले लोगों के बेहतर इलाज के लिए जिला एमएमजी अस्पताल में बर्न वार्ड शुरू कर दिया गया है। सोमवार को बर्न वार्ड में एक मरीज भर्ती किया गया है। साथ ही चिकित्सकों के अलावा स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है और मरीजों को भर्ती करने के लिए फिलहाल 10 बेड आरक्षित कर दिए गए हैं।

सीएमएस डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि वार्ड में खास तौर पर ईएनटी, नेत्र रोग विशेषज्ञ और फिजिशियन 24 घंटे मरीजों का इलाज करेंगे। इसके अलावा कक्ष संख्या 34 के पास बने आइसोलेशन वार्ड में भी मरीजों को भर्ती करना शुरू कर दिया गया है। संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल में इन दिनों जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इमरजेंसी, ओपीडी और वार्ड में साफ-सफाई का इंतजाम नहीं है। कूड़ा उठाने एवं सफाई करने के नाम पर मनमानी हो रही है। भर्ती मरीजों की देखभाल के लिए तैनात स्टाफ रात को गायब रहता है। लावारिश मरीजों का इलाज तो दूर खानपान का इंतजाम ठीक नहीं है।


उधर, सीएमएस डॉ. विनोद चंद पांडेय का कहना है कि चिकित्सकों की कमी के चलते देखभाल ठीक से नहीं हो रही है। ई-संजीवनी एप घर बैठे विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक जिले के 31123 और वर्ष 2022-23 में अप्रैल और मई माह में 4330 लोग ई-संजीवनी ओपीडी का लाभ उठा चुके हैं। सीएमओ डा भवतोष शंखधर ने बताया कि ई-संजीवनी ओपीडी के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में 107 उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर बैठे सीएचओ ई-संजीवनी एप पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य पर तैनात चिकित्सकों से मरीजों को परामर्श दिलाते हैं।

# गाजियाबाद में बिना तार वाले पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण

## मरीज को इलाज के 3 दिन में मिली अस्पताल से छुट्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद के कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में पैर की नस के जरिये बिना तार वाले पहले पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया गया। चिरंजीव विहार के 65 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपण के मात्र 3 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

इस सर्जरी को करने वाले यशोदा सुपरस्पेशियलिटी के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. असित खन्ना ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक में बिना तार वाले डिवाइस के इम्प्लांटेशन के लिए 65 वर्षीय मरीज के हार्ट में कोई चीरा नहीं लगाया गया और पैर की नस के जरिये बिना तार वाले पेसमेकर (लीडलेस) को हृदय में प्रत्यारोपित करने में 20 मिनट लगे और मरीज को 3 दिन बाद ही हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गयी। डॉ. असित खन्ना ने कहा कि मरीज पेसमेकर लगने के बाद पूरी तरह से स्वस्थ है।

उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया एंजियोग्राफी की तरह की जाती है। मरीज की जांघ के पास छोटा छेद किया जाता है, उसी के माध्यम से एक लीडलेस पेसमेकर शरीर में प्रवेश कराया जाता है और उसे हृदय में कैथलैब में मशीन में देखते हुए हृदय में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। इसमें जरा भी रक्तस्राव नहीं होता है। लीडलेस पेसमेकर पारंपरिक पेसमेकर से 90 फीसदी छोटा होता है। यह एक छोटा उपकरण है जिसे सीधे हृदय में भेजा जाता है।

# बुजुर्ग से ठगे 62 हजार रुपये

**नोएडा।** दनकौर कस्बे के एक बुजुर्ग को अपना परिचित बताकर अज्ञात ठग ने उनसे 62 हजार रुपए हड़प लिए। पीड़ित को जब अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई तो उन्होंने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। दनकौर कस्बा निवासी 62 वर्षीय सलाउद्दीन ने बताया कि रविवार को उनके फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल आई। उसने उनके एक परिचित का नाम लेकर बताया कि उनका एक्सीडेंट हो गया है। जिसमें उनकी स्थिति काफी नाजुक है और इलाज के लिए रुपए की जरूरत है। जिसके बाद पीड़ित ने बताया कि कितने रुपए चाहिए। उनको आरोपी ने बताया कि करीब 62 हजार रुपए चाहिए। जिसके बाद आरोपी ने बैंक का खाता नंबर उनको भेजा और पीड़ित में अपने खाते से यह रकम आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दी। पीड़ित ने बताया कि जिस परिचित का नाम लेकर रुपए मांगे गए थे। उससे ही बातचीत की तो पता चला कि उनका एक्सीडेंट हुआ ही नहीं है। किसी अज्ञात आरोपी ने उनसे ठगी कर ली है। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत की है।

### बाइकबोट घोटाले में प्रयागराज हाईकोर्ट का आदेश

# नौ महीने में पूरी करें मुकदमों की सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**गौतमबुद्धनगर** में हुए हजारों करोड़ रुपए के बाइक बोट घोटाले में प्रयागराज हाईकोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने गौतमबुद्धनगर के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत को आदेश दिया है कि घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई 9 महीने में पूरी करें।

दरअसल, इस घोटाले का शिकार हुए मीना लालबाबू चौधरी और मनीष लेखवानी नाम के निवेशकों ने प्रयागराज हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचियों के पक्ष सुनने के बाद अदालत ने बाइक बोट घोटाले के आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमों में जल्दी से जल्दी फैसले सुनाने का आदेश दिया है।

मनीष लेखवानी ने हाईकोर्ट को बताया कि उन्होंने बाइक बोट कंपनी में निवेश किया था। उनके साथ कंपनी निदेशकों ने जालसाजी और धोखाधड़ी की है। उन्होंने वर्ष 2019 में केस क्राइम नंबर 509 आईपीसी की धारा 420, 409, 467, 468, 471, 201 और 120.बी के तहत दादरी कोतवाली में दर्ज करवाया था। अब इस मुकदमे पर गौतमबुद्धनगर के अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की अदालत में ट्रायल नंबर 14362,2019 चल रहा है। मनीष लेखवानी ने अदालत को बताया कि यह मुकदमा 2019 से लेकर अभी तक लंबित पड़ा हुआ है और वह मुकदमे की प्रगति से संतुष्ट नहीं हैं। इस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट जस्टिस उमेश कुमार ने निचली अदालत को आदेश दिया है कि मुकदमे की सुनवाई विधि सम्मत यथासंभव पूरी करें। इसी तरह एक दूसरा मुकदमा मीना लालबाबू चौधरी ने हाईकोर्ट में दायर किया। उन्होंने बताया कि उनका मुकदमा भी गौतमबुद्ध नगर के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के न्यायालय में वर्ष 2019 से चल रहा है। इस मामले में जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत ने एसीजेएम को आदेश दिया है।

अदालत ने कहा कि इस आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त होने के बाद 9 महीने में सुनवाई पूरी करके फैसला सुनाएं। इन मुकदमों से जुड़े लोगों का कहना है कि प्रयागराज हाईकोर्ट का यह आदेश आने के बाद बाइक बोट घोटाले के आरोपियों के खिलाफ चल रहे ट्रायल्स में तेजी आएगी।

# हरियाणा ऑर्बिटल कॉरिडोर निर्माण पर कंपनियों के साथ विचार-विमर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग (एचओआरसी टन्नल ) निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया दिसंबर माह तक पूरी पूर्ण कर ली जाएगी। निविदाएं जुलाई माह के दौरान ही आमंत्रित की जाएंगी ।

कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस वे (वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे) के समानान्तर निर्मित होने वाले करीब 122 किमी लंबे हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर में निर्मित होने वाली 4.69 किमी लंबी हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग के निर्माण की दिशा में हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्कर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सुरंग निर्माण क्षेत्र की कंपनियों के साथ विचार विमर्श किया। हरियाणा भवन में हुई बैठक में सुरंग निर्माण क्षेत्र की लगभग 20 कपनियों के प्रतिनिधियों के साथ हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में सुरंग निर्माण की नवीनतम तकनीकों व कार्यविधियों पर सुरंग निर्माण कंपनियों के साथ विचार विमर्श किया गया। हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्कर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल का कहना है कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 30 माह की समयावधि में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। नूंह जिला क्षेत्र में 4.69 किलोमीटर लंबी हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सुरंग का निर्माण किया जाना है। बैठक में हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अतिरिक्त सहायक महेंद्र मील भी मौजूद रहे।

## भगवान की मूर्ति तोड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 37 में कुछ शरारती तत्व के लोगों ने मंदिर के भीतर तोड़फोड़ की। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छैनी और हथोड़ा भी बरामद किया है। अभी तक इस बात का पता नहीं चल पाया है कि आखिरकार आरोपी ने मंदिर के भीतर घुसकर तोड़फोड़ क्यों की, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि अगर इस मामले में अन्य आरोपी होंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में स्थित सेक्टर 37 का है। जिसमें मंदिर के भीतर कई मूर्तियां खंडित हो गई थी। मंदिर के अंदर तोड़फोड़ की सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों लोग मंदिर पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# दो हजार इलेक्ट्रिक बसें और सड़कों पर उतरेंगी

## डीटीसी के बेड़े में 600 सीएनजी बसें भी होंगी शामिल, प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**7200**
**डीटीसी के बेड़े में शामिल बसें**

इंद्रप्रस्थ डिपो में रखी गई बसें। फोटो: रंजन डिमरी

केजरीवाल सरकार प्रदूषण कम करने की लगातार कोशिश कर रही है। इसके मद्देनजर इलेक्ट्रिक बसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रदूषण के खिलाफ जंग में दिल्ली सरकार ने मंगलवार को सड़कों पर 150 एसी इलेक्ट्रिक बसें उतारी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। और आईपी डिपो से राजघाट डिपो तक सफर भी किया। ई-बसों में 3 दिन मुफ्त सफर के साथ यात्रियों के पास आई पैड जीतने का भी मौका होगा। दिल्ली सरकार ने इसके लिए प्रतियोगिता का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों से अपील की है कि वे ई-बस में सफर करते समय सेल्फी लेकर हैशटैग के साथ अपने इंस्टाग्राम, ट्विटर और फेसबुक हैंडल पर साझा करें। इसमें शामिल टॉप तीन प्रतियोगियों के पास आई पैड जीतने का मौका होगा। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि एक महीने बाद 150 और एक साल में दो हजार इलेक्ट्रिक बसें सार्वजनिक बेड़े में शामिल होंगी। इसके अलावा 600 से 700 सीएनजी बसें भी आएंगी। प्रदूषण के खिलाफ जंग में यह बहुत बड़ी शुरूआत है, जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक बसें आती जाएंगी, प्रदूषण भी कम होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में अब 7200 बसें हो गई हैं। इन बसों में डीटीसी की 3912 बसें और 3293 बसें क्लस्टर की हैं। दिल्ली के इतिहास में यह सबसे बढ़ी वृद्धि हैं। इतनी बसें सड़कों पर पहले कभी नहीं थीं। इन इलेक्ट्रिक बसों से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। 10 साल में 150 सीएनजी बसों से 0.16 मिलियन टन पीएम-2.5 और 0.17 मिलियन टन पीएम-10 में कार्बनडाई ऑक्साइड का उत्सर्जन होता। इलेक्ट्रिक बसों की वजह से इस वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी।

### भीड़ के बाद भी ठंडी रहेगी बसें

आईपी डिपो से राजघाट डिपो तक इलेक्ट्रिक बस में सफर करने के बाद सीएम ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक बसें, बहुत ही शानदार, खूबसूरत और आरामदायक हैं। जिस बस में वह बेठै उसमें काफी भीड़ थी। उसके बावजूद एसी ठंडा कर रहा था। पहले, जब वह आंदोलन करते थे उस दौरान बसों में काफी सफर किया करता था। तो कई बार एसी बहुत धीमा होता था। कहने को तो एसी बसें होती थीं, लेकिन उसमें गर्मी बहुत होती थी।

### तीन चार्जिंग डिपो का उद्घाटन

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि मंगलवार को तीन इलेक्ट्रिक चार्जिंग डिपो का भी उद्घाटन किया गया है। इन तीन इलेक्ट्रिक चार्जिंग डिपो को बनाने में लगभग 150 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसके अलावा, अभी बहुत सारे इलेक्ट्रिक चार्जिंग डिपो बनाए जा रहे हैं, क्योंकि जब दो हजार तक बसें आएंगी, तो उनके लिए बहुत सारे डिपो की जरूरत पड़ेगी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने दिल्ली वालों से अनुरोध किया कि वे अपने दोस्तों और परिवार को साथ उत्सर्जन मुक्त, शोर मुक्त ईलेक्ट्रिक बसों में सवारी करें, यह बहुत आरामदायक हैं। जब आप सवारी का आनंद ले रहे हों, तो एक सेल्फी भी लें, इसे पोस्ट करें और दिल्ली की ईवी क्रांति का हिस्सा बनें और आईपैड जीतने का मौका पाएं आओ मिलकर दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाएं!

### सेल्फी प्रतियोगिता के तीन विजेताओंको मिलेगा आई-पैड



*दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक बस के साथ सेल्फी लेकर सेल्फी प्रतियोगिता का ऐलान किया है। यह प्रतियोगिता 30 जून तक चलेगी। यह सेल्फी प्रतियोगिता सोशल मीडिया पर चलाया जाएगा, जहां पर यात्री इलेक्ट्रिक बस में सफर करने के दौरान सेल्फी लेकर उसे पोस्ट करेंगे और सबसे ज्यादा लाइक और शेयर किए जाने वाले तीन प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जिनको सरकार की तरफ से आई-पैड इनाम स्वरूप दिया जाएगा।*

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

बाधाओं और मुश्किल से निपटने के लिए एक कठिन समय है। कार्य स्थल पर दूसरों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने से बचें। लक्ष्यों को प्राथमिकता दें। दूसरों से उपहार प्राप्त करने का यह अच्छा समय है। मुकदमेबाजी और अदालती मामले पक्ष में सुलझेंगे। जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हें एक मौका मिलेगा। बच्चे जीवन में अच्छा करेंगे और अच्छी प्रगति दिखाएंगे।

**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** गाय को हरा चारा खिलाएं।

### वृष

वैवाहिक जीवन उमदा रहेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बनाएंगे। जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह काम पूरा हो जाएगा। किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। अधिकारियों से मदद मिलेगी। पुराने विवाद में समझौता हो जाएगा। ध्यान संतान की ओर भी रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक घर के वातावरण को खुशनुमा बना देगा।

**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** मंदिर में साबुत मूंग की दाल दान करें।

### मिथुन

निजी क्षेत्र के लोगों के लिए व्यस्त दिन रहेगा। मोटापे से परेशानी हो सकती है। जीवन साथी के साथ सुखस समय व्यतीत करने का मौका मिलेगा। मानसिक तनाव के चलते क्रोधी स्वभाव होगा। काम के मोर्चे पर आपके लिए अनुकूल चीजें बनाने का एक शानदार अवसर होगा। दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। लोग प्रेम प्रस्ताव भी दे सकते हैं। स्वास्थ्य शुभ रहेगा।

**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

**भाग्यांक : 8**

**विशेष :** खोटा सिक्का नदी में प्रवाहित करें।

### कर्क

भागीदार से समस्या हो सकती है। व्यवसाय संबंधित यात्राएं वांछित परिणाम नहीं दे पाएंगी। नई परियोजनाओं और उपक्रमों को शुरू करने के लिए दिन ज्यादा अनुकूल नहीं है। कार्य स्थल पर झगड़े और टकराव से बचने की कोशिश करनी चाहिए। प्रेम संबंध हो, तो यह एक बुरा मोड़ ले सकता है। लोग बदनामी और अपमान का शिकार हो सकते हैं। पारिवारिक परिवेश भावनात्मक रूप से परेशान कर सकता है।

**(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** भगवान गणेश को बर्फी का भोग लगाएं।

### सिंह

पुरानी बात को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जायेगा। मन में किसी बात को लेकर शक बने रहने की संभावना है। दोस्तों के बीच कुछ गलतफहमियां व्याप्त हो सकती हैं। व्यापार में सोच समझकर निवेश करना चाहिए। परिवार में खुशहाली का वातावरण रहेगा। माता-पिता संतान के करियर को लेकर सजग रहेंगे। ऑफिस काम में आ रही बाधाएं किसी सहकर्मी की मदद से दूर हो जायेंगी। आपकी सभी समस्याएं दूर होगी।

**(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** दुर्गा जी को लाल चुनरी चढ़ाएं।

### कन्या

उत्साह को काबू में रखें, ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। जोखिम के कामों से बचकर रहें। एक संतुष्ट दिमाग के साथ संयोजन में ध्वनि स्वास्थ्य का आनंद ले सकते हैं। मानसिक रूप से स्वतंत्र रहेंगे। धैर्य से काम लें और आने वाली कठिनाइयों का सामना करें। हौसलों को बुलंद रखें। अपने आप को एक अधिक परिपक्व व्यक्ति में फिर से संगठित करेंगे। जीवनसाथी या संतान के स्वास्थ्य से सम्बंधित कुछ चिंता हो सकती है।

**(टो ,पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)**

**भाग्यांक : 8**

**विशेष :** गणपति अथर्व शीर्ष का पाठ करें।

### तुला

दिन आपके लिए बहुत उत्साहजनक नहीं है। कार्यों में देरी और अड़चनें आ सकती हैं। पारिवारिक सहयोग रहेगा। आर्थिक रूप से ठीक करेंगे। कार्यों को फिर से व्यवस्थित करने पर ध्यान दें। अनुशासित और व्यवस्थित होने की आवश्यकता है। मौसमी बीमारियों से बचाव रखने के लिए जीवनशैली में बदलाव लाएं और स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। यात्रा स्थगित करनी पड़ सकती है।

**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** हरे रंग का धागा गले में धारण करें।

### वृश्चिक

ऑफिस के काम से संबंधित यात्रा करनी पड़ सकती है। ये यात्रा आर्थिक रूप से लाभ देगी। लोगों से आपको पूरा समर्थन मिलेगा। जॉब के लिए ऑफर आने की संभावना बन रही है। प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात होने के भी संकेत है। किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशी के पल बितायेंगे। दोस्ती मजबूत होगी। आप सभी काम में सफल होंगे।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक : 4**

**विशेष :** भगवान गणेश को इत्र चढ़ाएं।

### धनु

जीवनसाथी के साथ रोमानी दिन रहेगा। उन दोस्तों के साथ बाहर जाएं जो हालात और जरूरतों को समझते हैं। आप भाग्यशाली होंगे। अधिकारियों से विशेष एहसान प्राप्त करेंगे। सभी प्रयासों में सफल होंगे और एक शक्तिशाली और आकर्षक स्थिति में बढ़ेंगे। भावुक फैसला लेते वक्त अपनी तार्किकता न छोड़ें। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें। रिश्तों में मिठास आएगी।

**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** भगवान गणेश को गुलाब के फूलों की माला अर्पित करें।

### मकर

भावनात्मक मुद्दे परेशान कर सकते हैं। आज तर्क से बचना बेहतर होगा। वरिष्ठों और सहकर्मियों से वांछित मदद प्राप्त होने में विलंब हो सकता है। चीजों को नियंत्रण में लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आप अपने वित्तीय कौशल का प्रदर्शन करेंगे और कमीशन के माध्यम से भी कुछ कमाई भी की जा सकती है। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा और परिवार में बड़े की सलाह उपयोगी साबित होगी।

**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** निर्धन विद्यार्थियों को कॉपी किताब का दान करें।

### कुंभ

ऊर्जा का स्तर बेहतर रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। नये प्रोजेक्ट पर काम करने से कुछ सीखने को मिलेगा। माता-पिता का सहयोग भी प्राप्त होगा। शाम को माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। आज कोई खुशखबरी मिलेगी। इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के स्टूडेंट्स के लिए दिन शानदार रहने वाला है। जरूरी काम आसानी से पूरा हो जायेगा, राहत महसूस करेंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)**

**भाग्यांक : 7**

**विशेष :** सुबह उठने के बाद धरती मां को छूकर प्रणाम करें।

### मीन

कुछ जरूरी योजनाएं क्रियान्वित होंगी ताजा आर्थिक मुनाफा पहुंचाएंगी। लोन संबंधी मामले निपटेंगे। कई चीजों को लेकर इस दिन चिंतित रह सकते हैं। अनिश्चितता की भावना बनी रह सकते हैं। बिजनेस में यह समय बहुत ही साफ रहने वाले फायदेमंद रहेगा। अध्यात्म की ओर रुझान बढ़ेगा। अकेले में समय बिताना पसंद करेंगे। माता-पिता की राय तरक्की के लिये और भी कारगर साबित होगी।

**(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

**भाग्यांक : 5**

**विशेष :** गणेश मंदिर में देसी घी का दीपक जलाएं।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

**शिमला शहर के प्रमुख आकर्षणों में वाइसराय लॉज, क्राइस्ट चर्च, जाखू मंदिर, माल रोड और रिज शामिल हैं। यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल के रूप में घोषित ब्रिटिश-निर्मित कालका-शिमला रेलवे लाइन भी एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है।**



# सिर्फ हिल स्टेशन नहीं है शिमला कई ऐतिहासिक विरासतें खुद में समेटा हुआ है यह शहर

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला देश के लोकप्रिय पर्यटक स्थलों में से एक है। दिल्ली और उसके आसपास के राज्यों के लिए तो यह वीकएंड का ठिकाना भी है इसलिए यहां हमेशा पर्यटकों का तांता लगा रहता है। विशेषकर गर्मियों के मौसम में तो जिसे देखो वह शिमला के लिए निकल पड़ता है और शिमला में प्रवेश से पहले वाहनों का लंबा जाम लग जाता है। हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा नगर शिमला अंग्रेजों की बनायी गयी इमारतों से भरा पड़ा है और हर प्रेमी जोड़े की यहां जरूर कोई न कोई याद जुड़ी हुई है।

शिमला को 1864 में, भारत में ब्रिटिश राज की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया था। ब्रिटिश राज के साथ-साथ यह ब्रिटिश भारतीय सेना के कमांडर-इन-चीफ का मुख्यालय और 1876 के बाद से पंजाब प्रांत की भी ग्रीष्ममकालीन राजधानी थी। स्वतंत्रता के बाद, शिमला पूर्वी पंजाब राज्य की राजधानी बन गया और बाद में हिमाचल प्रदेश के गठन पर इसे राज्य की राजधानी घोषित कर दिया गया। शिमला को पहाड़ों की रानी के नाम से भी जाना जाता है। यह राज्य का प्रमुख वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक केंद्र भी है। हिमालय के घने जंगलों में स्थित शिमला की जलवायु परिस्थितियों ने शहर की स्थापना के लिए अंग्रेजों को आकर्षित किया था। ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में शिमला ने 1914 के शिमला समझौते और 1945 के शिमला सम्मेलन सहित कई महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठकों की मेजबानी की। स्वतंत्रता के बाद 28 रियासतों के एकीकरण के परिणामस्वरूप 1948 में हिमाचल प्रदेश राज्य अस्तित्व में आया। स्वतंत्रता के बाद भी, शिमला शहर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक केंद्र बना रहा और इसने 1972 के शिमला समझौते की मेजबानी की।

शिमला शहर के प्रमुख आकर्षणों में वाइसराय लॉज, क्राइस्ट चर्च, जाखू मंदिर, माल रोड और रिज शामिल हैं। यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल के रूप में घोषित ब्रिटिश-निर्मित कालका-शिमला रेलवे लाइन भी एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है। अपने कठोर इलाके के कारण, शिमला माउंटेन बाइकिंग रेस एमटीबी हिमालय की मेजबानी करता है, जो सर्वप्रथम 2005 में शुरू हुआ और दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन माना जाता है। शिमला में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक भी है। एक प्रमुख पर्यटन केंद्र होने के अलावा, यह शहर कई कॉलेजों और शोध संस्थानों के साथ एक शैक्षिक केंद्र भी है।

शिमला में घूमने लायक कई जगहें हैं। मॉल और रिज जैसे स्थानीय हैंगआउट शहर के केंद्र में हैं। शहर की अधिकांश धरोहर इमारतें अपने मूल 'टुडोरबथन' वास्तुकला में संरक्षित हैं। पूर्व वायसेग्रल लॉज, अब भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान है और वाइल्डफ्लावर हॉल, अब एक प्रमुख होटल है। लक्कड़ बाजार, जो रिज से आगे स्थित है, स्मृति चिन्हों और लकड़ी से बने शिल्पों के लिए प्रसिद्ध है। मुख्य शहर से 55 किलोमीटर (34.2 मील) की दूरी पर सतलुज नदी के तट पर तत्तापानी नामक गर्म सल्फर चश्मे स्थित हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि वे औषधीय महत्व रखते हैं। शिमला में कई मंदिर हैं और यहां अक्सर आसपास के ग्रामों और शहरों से भक्त दर्शन करने आते है। काली देवी को समर्पित एक मंदिर मॉल के पास ही स्थित है। हनुमानजी को समर्पित जाखू मंदिर शिमला में सबसे उच्चतम चोटी पर स्थित है। शहर से लगभग 10 किलोमीटर शिमला-कालका राजमार्ग पर संकट मोचन नामक एक और हनुमान जी का मंदिर स्थित है, जो इसके आसपास के क्षेत्रों में पाए जाने वाले कई बंदरों के लिए प्रसिद्ध है। यह है। नजदीक ही स्थित तारा देवी का मंदिर वहां आयोजित होने वाले अनुष्ठान और त्योहारों के लिए जाना जाता है। अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों में बस टर्मिनल के पास स्थित एक गुरुद्वारा और रिज पर स्थित क्राइस्ट चर्च शामिल हैं।

शिमला में निर्मित कला और शिल्प उत्पादों की पर्यटकों में अत्यधिक मांग रहती है। यहां उत्कृष्ट आभूषणों, कढ़ाई वाले शॉल और कपड़ों से लेकर चमड़े की वस्तुओं और मूर्तियां तक कई चीजें बनाई जाती हैं। शिमला के आसपास चीड़ और देवदार के पेड़ भी बहुतायत में मिलते हैं। शिमला की सभी प्रमुख इमारतों में इन पेड़ों की लकड़ी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। लकड़ी से बने शिमला के विभिन्न प्रकार के शिल्पों में छोटे बक्से, बर्तन, छवि नक्काशी और स्मृति चिन्ह शामिल हैं। शिमला के कालीन भी सैलानियों के लिए एक बड़ा आकर्षण हैं। इनके निर्माण में विभिन्न पुष्प और अन्य रूपांकनों का उपयोग किया जाता है। ऊन का उपयोग कंबल और कालीन बनाने के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त यहां के रूमाल, हाथ के पंखे, दस्ताने और टोपी इस्यादि भी प्रसिद्ध हैं। शिमला के आसपास भी देखने योग्य बहुत जगहें हैं आप शिमला गये हैं तो कुफरी जाना नहीं भूलें वहां का अनुभव काफी अविस्मरणीय रहता है।

# इम्फाल की खूबसूरती दर्शाती हैं ये 5 डेस्टिनेशन

**मणिपुर** नदी घाटी के केंद्र में स्थित मणिपुर का राजधानी शहर इम्फाल प्राकृतिक दृश्यों के साथ साथ अपने प्राचीन किलों के माध्यम से अतीत की स्थापत्य कला का भली भांति चित्रण करता है। शहर चारों ओर से हरी-भरी घाटियों और लुभावनी पहाड़ियों से घिरा है, एक आरामदायक अवकाश के लिए यह स्थान आदर्श माना जाता है। यहां का शांत परिवेश आने वाले सैलानियों को बहुत हद तक प्रभावित करता है। इम्फाल अपने प्राकृतिक दृश्यों के साथ कंगला महल के शाही खंडरों के लिए प्रसिद्ध है। दिलचस्प है कि, मणिपुर पर शासन कर रहे तत्कालीन साम्राज्य की एक सीट भी है जो शाही है और शहर के केन्द्र में खाई से घिरा हुआ है। इसके अलावा यह शहर 1944 में द्वितीय विश्व युद्ध के समय हुआ लड़ाई के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आपको द्वितीय विश्व युद्ध से जुड़ी वॉर सिमेट्री है, जो युद्ध के दौरान मारे गए भारतीय और ब्रिटिश सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस जगह को बनाया गया था।



## लोकटक लेक

इम्फाल में अगर सलानियों के लिए सबसे फेमस जगह है तो उसका नाम है लोकटक लेक। इस लेख के चारों तरफ से कई छोटे-छोटे आइलैंड है, जिसे सैलानी बहुत पसंद करते हैं। इस लेख को नार्थ ईस्ट का सबसे बड़ा फ्रेशवॉटर लेक भी कहा जाता है। यह लेख जितना सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है उतना ही सैलानियों के लिए एडवेंचर्स भी। इस लेख में आप बोटिंग आदि वॉटर ऐक्टिविटीज कर सकते हैं। तो अगर आप इम्फाल में घूमने जा रहे हैं तो यहां जरुरु पहुचे।

## सिरोही नेशनल पार्क

झील के अलावा आप यहां वन्यजीवन को भी करीब से देखने का मौका प्राप्त कर सकते हैं। यह भारत के सबसे छोटे आरक्षित जंगलों में आता है जो मात्र 41 वर्ग किमी के क्षेत्र को भी कवर करता है। सिरोही नेशनल पार्क को 1982 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा प्राप्त हुआ था। पहाड़ी और घाटियों के परिदृश्य के साथ यह एक लुभावनी जगह है जहां आप रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। जानवरों में आप यहां बाघ, तेंदआ और जंगली सूअर सहित अन्य जीवों को देख सकते हैं। इसके अलावा यहां फूल-वनस्पतियों की कई प्रजातियों मौजूद है। यहां उगने वाला सिरोही लिली यहां का सबसे खास फूल माना जाता है।

## आईएनए मेमोरियल

इस जगह को कभी भारतीय राष्ट्रीय सेना के औपचारिक मुख्यालय के रूप में जाना जाता था। यह उन सैनिकों को सम्मानित करने के लिए बनाया गया था, जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया था। अगर आप कभी इंफाल की यात्रा करते है तो यह स्थान आपकी यात्रा सूची में होनी चाहिए।


## मदर्स मार्केट

इंफाल की ये मार्केट 15वीं शताब्दी से स्टार्ट हुई और आज भी सुचारू रूप से चलती है। इस मार्केट को इमा केइथल, मदर्स मार्केट, नुपी केइथल के नाम से भी पूरे भारत में जाना जाता है। इस मार्केट को मणिपुर और इंफाल में मार्केट के मामले में दिल की धड़कन कहा जाता है। 15वीं शताब्दी से इस मार्केट पर महिलाओं का जो नियंत्रण था वो आज भी उसी तरह है। यह मार्केट इंफाल के खवैरंबंद बाजार के बिच में स्तिथ है। इस मार्केट का शाब्दिक अर्थ भी है। मणिपुर में इमा मतलब है माँ और और केइथल का मतलब होता है बाजार। ये बाजार लगभग 500 साल पुराना माना जाता है जो आज भी बेहद महत्वपूर्ण मार्केट हैं। अगर आप इम्फाल में शॉपिंग करना चाहते हैं तो यहां पहुच जाए।





# विश्व धरोहर की लिस्ट में शामिल हैं भारत की यह पांच बेहद खूबसूरत जगह







दुनिया भर में कई जगह हैं, जो देखने में काफी सुंदर और आकर्षित लगती हैं। जिनमें से कुछ तो ऐसी भी जगह हैं जिनकी सिर्फ तस्वीर को देखकर वहां जाने का मन हो जाता है। दुनिया में करीब 1121 जगहों को विश्व विरासत स्थल ऐलान किया जा चुका है। इनमें 213 प्राकृतिक, 869 सांस्कृतिक, 39 मिले-जुले और 138 अन्य स्थल शामिल हैं। वहीं, अगर बात करें भारत की तो यहां के लगभग 36 स्थल हैं, जिन्हें विश्व धरोहर का दर्जा मिला हुआ है। हालांकि जब भारत के विश्व धरोहर जगहों की बात आती है, तो ज्यादातर लोगों के दिमाग में कुतुबमीनार, ताजमहल या खजुराहो के मंदिर का ही सबसे पहले ख्याल आता है, लेकिन आपको बता दें कि इसके अलावा भी भारत में अन्य विश्व धरोहर स्थल हैं, जो इस लिस्ट में शामिल होने के साथ-साथ देखने में भी गजब के खूबसूरत हैं। हम आपको भारत के पांच बेहद खूबसूरत विश्व धरोहर जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, आइए जानते हैं।

> “भारत के सबसे खूबसूरत विश्व धरोहर स्थल में पहला नाम भीमबेटका रॉक सेंटर का है। मध्य प्रदेश में स्थित यह स्थल मध्यपाषाण युग की एक बेहतरीन धरोहर होने के साथ काफी मशहूर है। यहां आपको मध्यपाषाण युग की कई एक से बढ़कर एक कलाकृतियां देखने को मिलेंगी।”

## भीमबेटका रॉक सेंटर

भारत के सबसे खूबसूरत विश्व धरोहर स्थल में पहला नाम भीमबेटका रॉक सेंटर का है। मध्य प्रदेश में स्थित यह स्थल मध्यपाषाण युग की एक बेहतरीन धरोहर होने के साथ काफी मशहूर है। यहां आपको मध्यपाषाण युग की कई एक से बढ़कर एक कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। इतना ही नहीं यहां की आस-पास की जगह भी इसी कलाकृति से मेल खाती है।






## हम्पी

हम्पी शहर प्राचीन और अद्भुत मंदिरों के लिए काफी मशहूर है। तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित इस शहर में ऐतिहासिक खंडहरों से घिरे बहुत से भव्य मंदिर हैं। ये भारत में सबसे धार्मिक और लोकप्रिय ऐतिहासिक पर्यटन जगहों में से एक है, यह हम्पी की प्रतिष्ठा को बढ़ा देती है।

## रानी की वाव

गुजरात के पाटण में रानी की वाव स्थित है। इसका निर्माण 11वीं शताब्दी में किया गया था। ये स्थान अपनी सुंदर कलाकृतियों और बावड़ियों के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। खुदाई के दौरान पुरातत्व विभाग ने रानी की वाव को खोजा था। यहां की सुंदर-सुंदर कलाकृतियों को देखकर लोगों इन्हीं में खो जाते हैं।

## आगरा का लाल किला

आगरा का ताजमहल जिस तरह से मशहूर है ठीक उसी तरह अपनी बनावट के लिए यहां लाल किला भी बहुत प्रसिद्ध है। 16वीं शताब्दी में मुगलों ने इस किले का निर्माण किया था। 94 एकड़ जमीन पर बने इस किले के दो गेट हैं। एक दिल्ली द्वार है और दूसरा लाहौर द्वार है। यहीं कारण है कि इस स्थल का नाम यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स की सूची में शामिल है।

## कंचनजंगा नेशनल पार्क

कंचनजंगा नेशनल पार्क देखने में बेहद खूबसूरत है। सिक्किम का यह पार्क प्रकृति प्रेमियों के लिए काफी अच्छा भी है। यह पार्क बर्फ की ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों से घिरा हुआ है। यहां आप बहती हुई नदी, विचित्र गुफाएं और जगंल भी देख सकते हैं।

# कोहली की बेहतरीन फार्म से लखनऊ को टक्कर देगी आरसीबी

## गुजरात के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 54 गेंद में 73 रन बनाए

एजेंसी। कोलकाता

**विराट** कोहली के फॉर्म में लौटने और किस्मत के दम पर आईपीएल प्लेआफ में नाटकीय ढंग से प्रवेश के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के हौसले बुलंद हैं और वह बुधवार को एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जाइंट्स को कड़ी चुनौती दे सकती है।

शुरुआती मैचों में कम स्कोर के बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 54 गेंद में 73 रन बनाए। यह इस सत्र में उनका दूसरा अर्धशतक था लेकिन इसमें उन्होंने अपने चिर परिचित सुंदर शॉट खेले और आरसीबी की उम्मीदों को जीवंत रखा। आरसीबी के लिए यह जीत ही काफी नहीं थी और उसे दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर मुंबई इंडियंस की जीत की भी दुआ करनी थी। मुंबई ने दिल्ली को हराकर आरसीबी का प्लेऑफ का रास्ता बनाया।

कोहली के फॉर्म, दिनेश कार्तिक की एक फिनिशर के रूप में सफलता, जोश हेजलवुड, वानिंदु हसरंगा और हर्षल पटेल की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और सीम की मददगार ईडन गार्डन की पिच पर आरसीबी का जोश कई गुना बढ़ा हुआ है। फाफ डु प्लेसी की शांतचित्त कप्तानी के दम पर टीम पहला आईपीएल खिताब जीतने की ओर अगला कदम रखना चाहेगी। तीन आईपीएल फाइनल खेल चुकी आरसीबी सितारों से सजी ऐसी टीम है जो बारंबार दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी है। इस बार उसके पास तीन बार के आईपीएल विजेता डु प्लेसी हैं जो उसका लकी चार्म साबित हो सकते हैं। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (13 मैचों में आठ विकेट) इस सत्र में नहीं चल सके लेकिन हेजलवुड, हसरंगा और हर्षल ने मिलकर 57 विकेट चटकाए। नॉकआउट मैच में नई पिच पर ये फिर कहर बरपाने की तैयारी में होंगे। आरसीबी के लिए कार्तिक तुरूप का पत्ता साबित हुए हैं जिन्होंने कई करीबी मैच जिताकर टी20 विश्वकप से पहले भारतीय टीम में वापसी भी की।

36 वर्ष के कार्तिक को आरसीबी ने पांच करोड़ 50 लाख में खरीदा था। वह 14 पारियों में 287 रन बना चुके हैं, जिनमें नौ बार नाबाद रहे और उनका स्ट्राइक रेट 191.33 है।



### केएल राहुल और डिकॉक के बल्लों पर अंकुश लगाना आसान नहीं

आरसीबी के बल्लेबाजों का सामना लखनऊ के युवा तेज गेंदबाजों आवेश खान और मोहसिन खान से होगा। लखनऊ के पास दुष्मंता चामीरा और जैसन होल्डर जैसे अनुभवी गेंदबाज भी हैं, लेकिन वे इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। लखनऊ के सलामी बल्लेबाज कप्तान केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक के बल्लों पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा जो इस सत्र की सबसे कामयाब सलामी जोड़ी रही है। दोनों मिलकर 1039 रन बना चुके हैं जिसमें 210 रन की आईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी सलामी साझेदारी शामिल है जो केकेआर के खिलाफ बनाई थी। टीम के पास मध्यक्रम और निचले क्रम में अच्छे बल्लेबाज नहीं हैं। दीपक हुड्डा को छोड़कर कोई नहीं चल सका है। मार्कस स्टोइनिस, कृणाल पंड्या, आयुष बदोनी और होल्डर नाकाम रहे हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊसुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), मनन वोहरा, एविन लुईस, मनीष पांडे, क्विंटन डिकॉक, रवि बिश्नोई, दुष्मंता चामीरा, शाहबाज नदीम, मोहसिन खान, मयंक यादव, अंकित राजपूत, आवेश खान, एंड्रयू टाय, मार्कस स्टोइनिस। काइल मेयर्स, करण शर्मा, कृष्णप्पा गौतम, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा, क्रुणाल पंड्या, जैसन होल्डर।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, फाफ डुप्लेसी, हर्षल पटेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**



# राजस्थान ने गुजरात को दिया 189 का लक्ष्य, जोस बटलर ने बनाए 89 रन

एजेंसी। मुंबई

**राजस्थान** रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 188 रन बनाए।

रॉयल्स की तरफ से जोस बटलर ने 89 जबकि कप्तान संजू सैमसन ने 47 रन बनाए। गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डेंस में खेला गया। कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। राजस्थान की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 188 रन बनाए हैं और गुजरात को 189 रन का टारगेट दिया। राजस्थान के लिए एक बार फिर जोस बटलर ने धमाकेदार बल्लेबाजी की और सिर्फ 56 गेंद में 89 रन जड़ दिए। उनके बल्ले से 12 चौके और 2 छक्के निकले। वहीं, गुजरात के लिए मोहम्मद शमी, साई किशोर, हार्दिक पंड्या और यश दयाल ने एक-एक विकेट लिए।

पहले क्वालिफायर मुकाबले में राशिद खान ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 15 रन दिए। उन्हें मैच में भले ही कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने राजस्थान के बल्लेबाजों को बड़े शॉट नहीं लगाने दिए। उनका इकोनॉमी सिर्फ 3.80 का रहा।

# बीसीसीआई से उत्तर प्रदेश की चार रणजी टीम बनाने की मांग

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एवं रणजी क्रिकेट खिलाड़ी रहे मोहसिन रजा ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पत्र लिखकर आबादी के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चार रणजी टीम बनाने का आग्रह किया है।

सचिव जय शाह को लिखे गए पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश की आबादी लगभग 25 करोड़ है। मगर इस राज्य के पास रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में प्रतिनिधित्व के लिए सिर्फ एक ही टीम है जबकि अपेक्षाकृत कम आबादी वाले महाराष्ट्र और गुजरात की तीनतीन टीम रणजी ट्राफी में हिस्सा लेती हैं। इससे इन राज्यों के ज्यादा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र की तीन टीम मुम्बई, महाराष्ट्र और विदर्भ जबकि गुजरात की सौराष्ट्र, गुजरात और बड़ौदा रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट खेलने उतरती हैं। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी हो जाती है और राज्य की रणजी टीम में जगह पाने के लिए उन्हें बेहद संघर्ष करना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू टूर्नामेंटों में उम्र की पात्रता संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंटों में उम्र संबंधी पात्रता के लिए कट आफ तारीख तय करने के निर्देश देने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति एसए नजीर और पीएस नरसिम्हा ने कहा कि इन मसलों पर फैसला बीसीसीआई लेगा। पीठ ने कहा, हम इस पर सुनवाई कैसे कर सकते हैं। यह हमारे हाथ में नहीं है। हम क्रिकेट के बारे में ज्यादा जानते भी नहीं है। आप इसे वापिस ले लीजिए। यह याचिका 19 वर्ष के खिलाड़ी रित्विक आदित्य शर्मा ने दायर की थी। उनके वकील ने दलील दी कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने बीसीसीआई को छह महीने के भीतर अपना पक्ष बताने के लिए कहा है। याचिका में बीसीसीआई को उम्र की पात्रता की समय सीमा एक सितंबर की बजाय एक अप्रैल करने के लिए कहा गया था।

### आस्ट्रेलिया टीम के सहायक कोच बने विटोरी

**मेलबर्न।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को आस्ट्रेलिया पुरूष क्रिकेट टीम का सहायक कोच बनाया गया है। न्यूजीलैंड के लिए 113 टेस्ट खेल चुके विटोरी को इंडियन प्रीमियर लीग, आस्ट्रेलिया की टी20 बिग बैश लीग, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में कोचिंग का अनुभव है। वह बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार रह चुके हैं। इसके अलावा मार्च में पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार थे। वह अगले महीने के श्रीलंका दौरे से कमान संभालेंगे। आंद्रे बोरोवेक को भी आस्ट्रेलिया का सहायक कोच बनाया गया है जो श्रीलंका में ए टीम का मार्गदर्शन करेंगे। दोनों मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ काम कर चुके हैं।

### ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा चेसेबल मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**चेन्नई।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चीन के वेइयि को 2.5-1.5 से हराकर मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2022 ऑनलाइन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सोलह वर्ष के प्रज्ञानानंदा का सामना अब नीदरलैंड के अनीश गिरी से होगा। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन दूसरे सेमीफाइनल में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गिरी और कार्लसन ने नॉर्वे के आर्यन तोरी और स्पेन के डेविड एंतोन गुजारो को हराया। वहीं लिरेन ने अजरबैजान के शखरियार मामेदियारोव को मात दी। प्रज्ञानानंदा ने छठे दौर में कार्लसन को हराया था। वह अनीश, कार्लसन और लिरेन के बाद प्रारंभिक दौर में चौथे स्थान पर थे। भारत के पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती शीर्ष आठ में जगह नहीं बना सके।

### फ्रेंच ओपन : मेदवेदेव आसान जीत के साथ दूसरे दौर में

**पेरिस।** रूस के दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने आसान जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने अर्जेन्टीना के फाकुंडो बाग्निस को सीधे सेट में 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। लगभग दो महीने पहले हर्निया की सर्जरी कराने के बाद मेदवेदेव की यह पहली जीत है। पिछले हफ्ते सर्जरी के बाद वापसी करते हुए उन्हें जिनेवा ओपन के पहले दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। फ्रेंच ओपन के पहले दौर में लगातार चार बार शिकस्त झेलने वाले मेदवेदेव पिछले साल रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे थे।

# मैनचेस्टर सिटी के खिलाड़ियों ने खुली बस में मनाया जीत का जश्न




एजेंसी। मैनचेस्टर

**मैनचेस्टर** सिटी के खिलाड़ियों ने पांच सत्र में चौथी बार इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतने का जश्न शहर की सड़कों पर खुली बस में परेड करके मनाया।

तीन बसों में खिलाड़ी और स्टाफ राष्ट्रीय फुटबॉल संग्रहालय से निकलकर पूरे शहर में घूमे। इससे एक दिन पहले ही सिटी ने पांच मिनट के भीतर तीन गोल करके एस्टोन विला को 3-2 से हराया और लिवरपूल को एक अंक से पछाड़कर खिताब जीता। कोच पेप गार्डियोला ने कहा, दो गोल से पिछड़ने के बाद भी हमने संयम नहीं खोया। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

यह सबसे कठिन लीग थी और छह साल में हमने चौथी बार जीता है। सभी के चेहरों पर मुस्कान ही सबसे बड़ा ईनाम है। इसके साथ ही टीम ने कप्तान फर्नांडिन्हो को विदाई भी दी जो क्लब के साथ नौ साल बिताकर और 12 ट्रॉफियां जीतकर ब्राजील वापिस जा रहे हैं।

# नयना जेम्स ने एंसी सोजन को पछाड़कर लंबी कूद का खिताब जीता

**भुवनेश्वर।** नयना जेम्स ने मंगलवार को यहां कलिंग स्टेडियम में इंडियन ग्रांप्री 4 में महिला लंबी कूद में 6.37 मीटर से अधिक के दो प्रयास के साथ खिताब जीता। पहले दो प्रयास के बाद 6.29 मीटर की दूरी तय करके शीर्ष पर चल रही एंसी सोजन ने विश्व अंडर-20 रजत पदक विजेता शैली सिंह को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। एंसी का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 6.35 मीटर रहा। बेंगलुरू में ट्रेनिंग करने वाली उत्तर प्रदेश की शैली ने 6.27 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। वह पिछले साल अगस्त में नैरोबी में अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स में हिस्सा लेने के बाद पहली प्रतियोगिता में खेल रही थी। छब्बीस साल की नयना ने पहले प्रयास में फाउल किया था जबकि उनका दूसरा प्रयास 5.99 मीटर का रहा। उन्होंने तीसरे प्रयास में 6.30 मीटर की दूरी तय करके बढ़त बनाई लेकिन एंसी ने 6.35 मीटर के प्रयास के साथ उन्हें फिर पीछे कर दिया।

# लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था इसलिए यह वापसी खास है : दिनेश कार्तिक

## कार्तिक को टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया

### आखिरी बार भारत के लिए 2019 विश्व कप में खेले थे

एजेंसी। कोलकाता

**विकेटकीपर** और शानदार बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि इस बार भारतीय टीम में चयन पिछले 18 साल के उनके उतार चढ़ाव भरे कैरियर में उनकी सबसे खास वापसी है।

कार्तिक को नौ जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। 36 वर्ष के इस खिलाड़ी ने कहा, यह सबसे खास वापसी है क्योंकि कई लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था। मेरे लिए वापसी के मायने हैं कि मैं उसी तरह से खेलूंगा, वैसे ही अभ्यास करूंगा और उतनी ही मेहनत करूंगा। आईपीएल में कार्तिक के शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को उन्हें चुनने के लिए मजबूर कर दिया। वह आखिरी बार भारत के लिए 2019 विश्व कप में खेले थे। उन्होंने आरसीबी के टीम प्रबंधन की तारीफ की जिन्होंने एक फिनिशर की भूमिका के लिए उनका हमेशा साथ दिया। कार्तिक ने कहा, उन्होंने साफ तौर पर मेरी भूमिका बताई और मेरा साथ दिया। मैं आरसीबी का ऋणी रहूंगा, जिसने मुझे चुना और मुझ पर भरोसा करके मुझे यह जिम्मेदारी दी। मैने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश की। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।



कार्तिक का लक्ष्य इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाना है। उन्होंने कहा, चयन के दावेदार कई युवा खिलाड़ी होंगे जिनका हुनर सबके सामने हैं। इनके बीच विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में शामिल होना बहुत अद्भुत अहसास है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि अभी मंजिल दूर है लेकिन रणनीति का हिस्सा होना और अपना कौशल दिखाने का मौका मिलना भी बड़ी बात है।

# एकाग्रता से अर्शदीप को मिली यॉर्कर डालने में मदद

एजेंसी। नई दिल्ली।

**भारत** के बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि योग और ध्यान के जरिए उन्होंने एकाग्रता पाई जिससे परफेक्ट यॉर्कर डालने में मदद मिली, जिसके दम पर वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टी20 टीम में जगह बना सके।

23 वर्ष के इस तेज गेंदबाज ने स्वीकार किया कि आईपीएल में उन्हें सफलता मिली, लेकिन सब कुछ उन्हें अपनी मेहनत से अर्जित करना पड़ा। अपनी मर्जी के हिसाब से यॉर्कर डालने का हुनर कुदरती भले ही हो लेकिन आईपीएल से पहले अपने निजी कोच जसवंत राय के साथ उन्होंने इसे निखारा। योग और ध्यान से भी दबाव के पलों में शांत बने रहने में मदद मिली। अर्शदीप ने कहा, ध्यान से दिमाग स्पष्ट हो जाता है। दबाव के हालात में इस स्पष्टता का कोई विकल्प नहीं है। ऐसे पलों में शांत रहने से काफी मदद मिलती है।

### खेल भूमिका टीम संयोजन पर निर्भर करती है

उन्होंने कहा, मेरी भूमिका टीम संयोजन पर निर्भर करती है। मैने नई गेंद, बीच के ओवर और आखिरी ओवरों में भी गेंदबाजी की है। उनके कोच जसवंत का कहना है कि अर्शदीप मिनटों में नया हुनर सीख लेता है और इसकी बानगी आईपीएल से पहले यॉर्कर के अभ्यास के दौरान मिली। जसवंत ने कहा, मैं एक जूता क्रीज पर रखता और दूसरा स्टम्प के पास। गेंद डालते समय मैं उससे कहता था कि यॉर्कर कहां डालनी है। वह सेंकड़ों में तालमेल बिठा लेता और उसी जगह पर यॉर्कर डालता था। हमने आईपीएल से पहले 20 दिन तक ऐसा ही किया।

# जोर्डन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए छेत्री की भारतीय टीम में वापसी

एजेंसी। नई दिल्ली

**करिश्माई** फुटबॉल सुनील छेत्री ने छह महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की है जो जोर्डन के खिलाफ 28 मई को दोहा में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में खेलेंगे।

37 वर्ष के छेत्री ने आखिरी बार भारत के लिए अक्टूबर में सैफ चैम्पियनशिप फाइनल में नेपाल पर 3.0 से मिली जीत में खेला था। उसके बाद से वह चोटों के कारण बाहर हैं। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में अभ्यास शिविर के दौरान 25 सदस्यीय टीम की घोषणा की। छेत्री के अलावा ईशान पंडित ने भी टीम में वापसी की है जबकि वीपी सुहैर और चोटिल रहीम अली बाहर हैं। भारतीय टीम 25 मई को दोहा रवाना होगी, जहां अभ्यास जारी रखेगी।



### टीम इस प्रकार

**गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, लक्ष्मीकांत कट्टीमणि, अमरिंदर सिंह
डिफेंडर : राहुल भेके, आकाश मिश्रा, हरमनजोत सिंह खाबरा, रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, प्रितम कोताल।
**मिडफील्डर :** जैकसन सिंह, अनिरूद्ध थापा, ग्लान मार्टिंस, ब्रेंडन फर्नांडिस, रित्विक दास, उदांता सिंह, यासिर मोहम्मद, सहल अब्दुल समाद, सुरेश वांगजाम, आशिक कुरूनियन, लिस्टन कोलासो।
फॉरवर्ड : ईशान पंडित , सुनील छेत्री, मनवीर सिंह।

# आईओसी ने भारत में ओलंपिक वैल्यू शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया

एजेंसी। भुवनेश्वर

### लक्ष्य भुवनेश्वर और राउरकेला शहरों के 32 हजार बच्चों तक पहुंचना

**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक समिति (आईओसी) ने मंगलवार को भारत में पहला ओलंपिक वैल्यू शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) शुरू किया, जिसमें ओलंपिक से जुड़े पाठ्यक्रम को ओडिशा के स्कूली शिक्षा प्रणाली में शामिल किया गया है।

ओवीईपी युवाओं को उत्कृष्टता, सम्मान और मित्रता के ओलंपिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए आईओसी द्वारा तैयार किए गए संसाधनों का एक व्यावहारिक संग्रह है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सक्रिय, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करने के लिए मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम का प्रसार करना है। कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा लॉन्च किया गया। अपने पहले वर्ष में कार्यक्रम का लक्ष्य भुवनेश्वर और राउरकेला शहरों के 90 स्कूलों में नामांकित 32,000 बच्चों तक पहुंचना है। इसके बाद इसका प्रसार राज्य के लगभग 70 लाख स्कूली बच्चों तक होगा

# विश्व चैंपियनशिप की हार से अहम सबक सीखा: लवलीना

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले आईबीए विश्व चैम्पियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने को एक बहुत जरूरी सीख मानती है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना का विश्व चैम्पियनशिप में अभियान 70 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में निराशाजनक हार के बाद समाप्त हुआ था। पिछले साल तोक्यो में पोडियम पर अपना अभियान खत्म करने के बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लवलीना को फेयर चांस टीम (देश छोड़ने के लिए मजबूर होने वाले खिलाड़ी) की सिंडी नगाम्बा ने 4-1 से हराया था।

# अगले साल आईपीएल में जरूर लौटूंगा : एबी डिविलियर्स



एजेंसी। जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह अगले साल रॉयल चैलेंजर्स टीम के साथ किसी ना किसी रूप में आईपीएल में जरूर लौटेंगे।

डिविलियर्स आरसीबी का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने पिछले साल क्रिकेट के तमाम प्रारूपों को अलविदा कह दिया। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने इस महीने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि डिविलियर्स अगले साल किसी नई भूमिका में आरसीबी के साथ होंगे। डिविलियर्स ने वीयू स्पोर्ट से कहा, मुझे खुशी है कि विराट ने इसकी पुष्टि कर दी। ईमानदारी से कहूं तो अभी कुछ तय नहीं किया है। मैं अगले साल आईपीएल में जरूर लौटूंगा। किस भूमिका में यह नहीं पता लेकिन मुझे उसकी कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, सुना है कि कुछ मैच बेंगलोर में हो सकते हैं। मैं अपने दूसरे घर लौटना चाहूंगा और फिर से खचाखच भरे चिन्नास्वामी स्टेडियम को देखना चाहूंगा। मुझे वापसी का इंतजार है। डिविलियर्स ने आरसीबी के लिए 39.71 की औसत से तीन शतक और 40 अर्धशतक समेत 5162 रन बनाए हैं।

### डिविलियर्स ने आरसीबी के लिए तीन शतक और 40 अर्धशतक समेत 5162 रन बनाए

# रोहित शर्मा और विराट कोहली की खराब लय को लेकर गांगुली चिंतित नहीं

## कहा, दोनों खिलाड़ी जल्द ही अच्छे रन बनाना शुरू करेंगे

एजेंसी। कोलकाता।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली की आईपीएल में खराब लय चिंता का विषय नहीं है क्योंकि वह जल्द ही रन बनाने शुरू करेंगे।

रिकॉर्ड पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीतने वाली मुंबई इंडियंस टीम के कप्तान के लिए यह सत्र खराब रहा और उन्होंने 14 पारियों में 19.14 के औसत से 268 रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट महज 120.17 का रहा, उनकी टीम तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हर कोई इंसान है। गलतियां होंगी, लेकिन कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड उत्कृष्ट है। पांच आईपीएल खिताब, एशिया कप विजेता, उसने जहां भी कप्तानी की है, वह जीता है। कप्तान के रूप में उसका रिकॉर्ड शानदार है। गलतियां होंगी क्योंकि वे सभी इंसान हैं। आईपीएल के लीग चरण के आखिरी मैच से पहले कोहली के लिए भी यह सत्र बेहद निराशाजनक रहा। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अर्धशतक लगाने से पहले उन्होंने 13 पारियों में महज 236 रन बनाए थे। इस दौरान तीन बार पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हुए।

दोनों का समर्थन करते हुए, गांगुली ने कहा, वे बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि वे रनों बनाना शुरू करेंगे। वे इतना क्रिकेट खेलते हैं कि कई बार वे फॉर्म गंवा बैठते हैं। कोहली ने पिछले मैच बहुत अच्छा खेला, खासकर जब आरसीबी के लिए इसकी जरूरत थी। आईपीएल में ऋषभ पंत भी बल्ले से अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। विकेट के पीछे भी डीआरएस को लेकर उनके फैसले की आलोचना हुई, लेकिन गांगुली ने इस विकेटकीपर बल्लेबाज का समर्थन किया।




### गांगुली ने उमरान मलिक की तारीफ की

गांगुली ने सनराइजर्स हैदराबाद के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक की तारीफ करते हुए कहा कि अगर वह अपनी फिटनेस बरकरार रखते है तो लंबे समय के साथ राष्ट्रीय टीम के साथ रहेंगे। आईपीएल में लगातार 150 किलोमीटर से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले इस खिलाड़ी के बारे में गांगुली ने कहा, उसका भविष्य उसी के हाथ में है। अगर वह फिट रहता है और इस गति से गेंदबाजी करता है, तो मुझे यकीन है कि वह लंबे समय तक राष्ट्रीय टीम के साथ रहेगा।